kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-127 | सोमवार, 09 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



संविधान और आरक्षण पर झूठ बोलकर लोकसभा में कुछ सीटें क्या मिलीं, अहंकार सातवें आसमान पर था – जो हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र की जनता ने चकनाचूर कर दिया। अब बाकी राज्यों में भी गरीब कल्याण और सुशासन का खिलेगा कमल, बनेगा कांग्रेस मुक्त भारत! केशव प्रसाद मौर्य

भारतीय वायु सेना ने किडनी और कॉर्निया को एयरलिफ्ट करके दिल्ली पहुंचाया 11

धर्म और मानवता के प्रतीक हैं गुरु तेग बहादुरः मुख्यमंत्री धामी 12

## संक्षेप

### मणिपुर में इंटरनेट निलंबित, कर्फ्यू लगा

**इंफाल।** मणिपुर में शनिवार रात को भड़की हिंसा के बाद राजधानी समेत पांच जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। मणिपुर पुलिस की वेबसाइट पर रविवार सुबह 6 बजे पोस्ट की गई अधिसूचना के अनुसार आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने यह जानकारी दी। मणिपुर सरकार ने घोषणा की कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को निलंबित किया जा रहा है।

### भारतीय अंतरिक्ष यात्री द्वारा संचालित एक्स-4 मिशन कल आईएसएस मिशन के लिए तैयार

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला द्वारा संचालित प्रतिष्ठित एक्सिओम-4 (एक्स-4) मिशन 10 जून मंगलवार की सुबह अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। यह मिशन भारतीय समयानुसार सुबह 0612 बजे होगा। एक्स-4 चालक दल 10 जून को भारतीय समयानुसार 0612 पर नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में एलसी-39ए से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होगा। यह अमेरिका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को 14-दिवसीय डॉकिंग मिशन के लिए निम्न पृथ्वी कक्षा में ले जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें से सात इसरो द्वारा किए जाएंगे। एक्स -4 मिशन भारत, पोलैंड और हंगरी के लिए मानव अंतरिक्ष यान की वापसी को साकार करेगा, जिसमें प्रत्येक देश की 40 से अधिक वर्षों में पहली सरकारी प्रायोजित उड़ान होगी। जबकि एएक्स-4 इन देशों के इतिहास में दूसरा मानव अंतरिक्ष यान मिशन है, यह पहली बार होगा जब तीनों देश आईएसएस पर एक मिशन को अंजाम देंगे।

### क्रिकेटर रिंकू और सांसद प्रिया की सगाई में परिवार सहित पहुंचें अखिलेश यादव

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के होटल द सेंट्रम में रविवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई रस्म में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव परिवार के साथ शामिल हुए। उनके साथ पत्नी एवं सांसद डिंपल यादव, दोनों चाचा रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव एवं भाई धर्मेन्द्र यादव मौजूद रहे और सभी रिंकू और प्रिया को शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन भी रिंकू सिंह और प्रिया को आशीर्वाद देने पहुंची। इसके अलावा बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एवं समाजवादी पार्टी के कई सांसद और विधायक मौजूद रहें। बताते चलें कि द सेंट्रम होटल में क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई रस्म आज चल रही हैं। सगाई रस्म में क्रिकेट एवं राजनीतिक समेत कई हस्तियां शामिल होने पहुंची हैं।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे

## झूठी साबित हुई तमाम आशंकाएं : पहले की तरह मजबूत और आत्मविश्वास में नजर आ रहे प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री 11 साल पूरे कर चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की शपथ 26 मई को ली थी। हालंकि प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ 9 जून को ली थी। ऐसे में सोमवार को उनके तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा होगा। 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी अपने दम पद बहुमत हासिल नहीं कर पाई थी, तब राजनीतिक विश्लेषकों ने अनुमान व्यक्त किया था कि पीएम मोदी अब राजनैतिक तौर पर कमजोर हो गए हैं लेकिन पिछले एक साल के 12 महीनों पर नजर दौड़ाएंगे तो पीएम मोदी पहलगाम आतंकी हमले की बड़ी घटना के बाद भी मजबूत बने हुए हैं। वे एनडीए में नानी फैक्टर (नायडू एंड नीतीश) को साधने में न सिर्फ सफल रहे हैं बल्कि उन्होंने विपक्षी एकता में कई सुराख कर दिए हैं। गुजरात में 13 साल तक मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी चुनौती हो या फिर कोई आपदा उसको अवसर के तौर देखते आए हैं।

लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद आलोचकों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार पर निर्भरता को रेखांकित किया था। आलोचकों ने कहा था कि नायडू और कुमार का गठबंधन बदलने का इतिहास रहा है और उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में लोकसभा चुनाव में इसका (भाजपा) प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा है, जिससे भविष्य में राजनीतिक उथल-पुथल की संभावना है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा था, ''हमने मोदी को मनोवैज्ञानिक रूप से खत्म कर दिया है। उनकी सरकार को जल्द ही सत्ता से हटा दिया जायेगा। सोमवार को मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तथा कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मनायेगी और प्रधानमंत्री पहले की ही तरह मजबूत स्थिति में और पूरे आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करते नजर आ रहे हैं। वहीं, उनके दो प्रमुख सहयोगी (नायडू और कुमार), जिन्हें विपक्ष बैसाखी बता रहा था, न केवल भरोसेमंद साबित हुए हैं, बल्कि जमकर मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं। भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नये सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है और विधानसभा चुनावों में आश्चर्यजनक रूप से बड़ी जीत हासिल करके अपनी गति फिर से हासिल कर ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन हरियाणा और महाराष्ट्र में उम्मीद से कम रहा था, लेकिन इस पार्टी ने अपने कल्याणकारी उपायों और क्षेत्रीय नेतृत्व के प्रयासों से स्थिति को बदल दिया और विधानसभा चुनाव में इन दोनों राज्यों में जीत हासिल की। भाजपा ने अंततः 26 वर्षों के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल की और अपने प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पछाड़ दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और केजरीवाल जैसे अन्य भाजपा के प्रतिद्वंद्वी कंग्रेस से दूर हो गए हैं और शिवसेना (उबाठा) और राकंपा (एसपी) जैसे दलों का भविष्य अनिश्चित है। दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफ़ेसर मनोज कुमार इस बात पर जोर देते हैं कि विपक्ष द्वारा मोदी के खिलाफ लड़ाई में विफल रहने के बावजूद मोदी के नेतृत्व की स्थिति लगभग निर्विवाद है। उन्होंने कहा, ''राजनीति में किसी भी मोड़ पर हमेशा अवसर और चुनौतियां होती हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी हैं, उनका कोई ठोस विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य कार्रवाई ने एक बार फिर राष्ट्रीय हित में काम करने वाले नेता के रूप में उनकी छवि को मजबूती प्रदान की है। कुमार ने कहा कि जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का सरकार का निर्णय राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों को अपने पक्ष में करने में भाजपा की ताकत को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा जातिगत चिंताओं को दूर करने के लिए काम किया है और यह सुनिश्चित किया है कि जाति आधारित राजनीति उसके एजेंडे में न हो। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' के इर्द-गिर्द निर्मित मोदी के कल्याण मॉडल ● शेष पेज 11 पर



### राजग सरकार ने 11 साल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित कियाः मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।
प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में ● शेष पेज 11 पर

### राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग की दो टूक

# विपक्ष के नेता सीधे भेजें पत्र, तभी जवाब देंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव 'फिक्स' होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है।

श्री गांधी ने शनिवार को एक अखबार में अपने लेख में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'फिक्स' बताते हुए आयोग से अपने सवालों पर जवाब मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने आज कहा,ल्लसभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं। भारत में जिस पैमाने और जिस सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता है पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। मतदाताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद, यह कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना कि यह पहले से तय था, पूर्णतः हास्यास्पद है। आयोग ने यह भी कहा कि पूरा देश जानता है कि निर्वाचक नामावली तैयार करने, मतदान और मतगणना आदि सहित हरेक चुनावी प्रक्रिया मतदान केंद्र से लेकर निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों द्वारा औपचारिक रूप से तैनात अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सरकारी कर्मचारी निष्पादित करते हैं। आयोग ने कहा कि किसी के भी द्वारा फैलाई गई कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर है बल्कि इससे उनके स्वयं के राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों का भी अपमान होता है। इस तरह के प्रयास से वे लाखों चुनाव कर्मचारी भी हतोत्साहित होते हैं जो चुनावों के दौरान बिना थके और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं।

श्री गांधी को दिए अपने जवाब में आयोग ने यह भी कहा कि इस बारे में पहले उठाए गये सवालों का जवाब निर्वाचन आयोग पिछले वर्ष 24 दिसंबर को ही कंग्रेस को दे चुका है। आयोग ने जवाब में ये सभी तथ्य रखे थे जो आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। प्रतीत होता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते समय इन तथ्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने श्री गांधी के चुनाव 'फिक्स' होने संबंधी हर सवाल का बिंदुवार जवाब देते हुए खंडन किया है और कहा है कि जो भी आरोप लगाए गये हैं वे निराधार हैं।





**जवाब**

❑ चुनाव 'फिक्स' का आरोप हास्यास्पद, कार्यकर्ताओं का भी अपमान : आयोग

# हिन्दू बच्चों में संस्कार व परिवार में एकता जरूरी : डॉ भागवत

एजेंसी

कानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने कहा कि राष्ट्र को परमवैभव पर पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए सभी हिन्दुओं को एकजुट होकर काम करना है। इसके लिए बच्चों में संस्कार और परिवार में एकता जरूरी है। सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत को रविवार को नवाबगंज स्थित दीनदयाल विद्यालय में आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व वह प्रातःकाल संघस्थान पर भी रहे। इस दौरान सरसंघचालक ने स्वयंसेवकों के शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी देखा। संवाद सत्र के दौरान डॉ भागवत नेस्वयं सेवकों से कहा कि राष्ट्र को परमवैभव पर पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। पंच परिवर्तन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी हिंदुओं को एकजुट होकर काम करना है। ताकि घर के हर बच्चों में संस्कार और परिवार में एकता स्थापित हो सके। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण और नागरिक कर्तव्य का पालन करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर अनुपम ने बताया कि सरसंघचालक ने प्रशिक्षण ले रहे 400 से अधिक स्वयंसेवकों को संघ का कार्य व विचार किस तरह से लोगों तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की । इसके अलावा उन्होंने हिंदुओं को एक साथ रहकर संगठन को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा डॉ भागवत ने शताब्दी वर्ष में शाखा विस्तार पर जोर दिया। सरसंघचालक सोमवार तक यहां प्रवास पर रहेंगे।



## सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के बेटे ने डिप्रेशन में फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। इंदिरानगर इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मंगला प्रसाद मिश्र के बेटे सुधाकांत मिश्र ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह डूडा के परियोजना अधिकारी थे। मौत की वजह पिछले 15 साल से डिप्रेशन बताया जा रहा है।

गाजीपुर थाना प्रभारी विकास राय ने बताया कि सुधाकांत मिश्र के बेटे कार्तिकेय के मुताबिक, पिता डूडा में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत और तीन माह बाद रिटायर्ड होने वाले थे। वे डिप्रेशन में थे और उनकी लगभग पिछले 15 वर्षों से दवाई चल रही थी। उन्होंने डिप्रेशन के चलते कई बार जान देने की कोशिश की। लेकिन घर पर कोई न कोई सदस्य होने के कारण उनके मंसूबे पूरे नहीं हो पाते थे। शनिवार की रात कार्तिकेय अपनी सास को अस्पताल में देखकर देर रात वापस लौटे तो देखा कि पिता सुधाकांत का शव बिजली के तार के फंदे से झूल रहा था। घटना के वक्त घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कमरे में थे। बेटे की चीख-पुकार सुनकर परिजन पहुंचे ● शेष पेज 11 पर

# 'न्यायमूर्ति वर्मा के पास महाभियोग से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है'

एजेंसी

नई दिल्ली। नकदी बरामदगी मामले में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा लाए जाने वाले महाभियोग से बचने के लिए इस्तीफा देने का ही एकमात्र विकल्प बचा है। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया के जानकार अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए जस्टिस वर्मा इस्तीफ़े की घोषणा कर सकते हैं और उनके मौखिक बयान को ही उनका इस्तीफा माना लिया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि अगर जस्टिस वर्मा इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद द्वारा हटाया जाता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल सकेंगे। संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए अपने हस्ताक्षर सहित लिखित रूप में अपना पद त्याग सकता है। इसके लिए किसी अनुमोदन की जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मार्च में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी। उस वक्त जस्टिस वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। आग के दौरान जस्टिस वर्मा के आवास के आउटहाउस में नकदी की कई जली हुई बोरियां मिलीं थीं। हालांकि जस्टिस वर्मा ने नकदी के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त जांच समिति ने कई गवाहों से बात करने और उनके बयान दर्ज करने के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को दोषी ठहराया था। जस्टिस वर्मा को सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया है, जहां उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित की, जिसने अपने रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी माना। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए कहा था। ● शेष पेज 11 पर




❑ इस्तीफा दिया तो मिलेंगे पेंशन और अन्य लाभ, जस्टिस खन्ना ने इस्तीफा देने को कहा था

# भारत में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या पहुंची 6000 के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आये जिसके बाद इस संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुयी, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुयीं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,000 के करीब पहुंच गयी है और यह इस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला राज्य बन गया है। पिछले 24 घंटों में राज्यों से 378 नए मामले सामने आये। केरल के बाद गुजरात इस मामले में दूसरे स्थान पर है। यहां सात जून से आठ जून के बीच संक्रमण के 105 नये मामले दर्ज किये गये। राज्य में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 820 से अधिक हो गयी है। केरल में एक ही दिन में 144 मामलों की वृद्धि जेएन.1 वैरिएंट की उच्च संक्रामकता को रेखांकित करती है। एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 जैसे प्रोटीन म्यूटेशन, हालांकि हल्के लक्षणों से जुड़े हैं, लेकिन उनके तेजी से फैलने के लिए जाने जाते हैं। पश्चिम बंगाल में 71 नये मामले सामने आये, जिससे इसके सक्रिय मामलों की संख्या 693 हो गयी। दिल्ली में इस संक्रमण के 21 नये मामले दर्ज किये गये, जिसके बाद यहां पर सक्रिय मामलों की संख्या 686 तक पहुंच गयी। कर्नाटक में कोविड-19 के 75 नये मामले दर्ज किये गये। राज्य में ● शेष पेज 11 पर



## सीएम ने मकई को बताया क्रैश क्रॉप, एक नहीं अब तीन-तीन फसल कर पा रहे हैं अन्नदाता

# डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित : योगी

एजेंसी

औरैया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनपद के अजीतमल महाविद्यालय में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के क्रम में किसानों और आम जन को संबोधित करते हुए कहा कि मक्के की फसल का उत्पादन बढ़कर 05 लाख हेक्टेयर हुआ है। उसके लिए उन्होंने कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों का धन्यवाद।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को औरैया के अजीतमल में किसान गोष्ठी में सम्मिलित होने से पूर्व औरैया में एरियल सर्वे कर प्रदेश के किसानों द्वारा की जा रही मक्का की फसलों का जायजा लिया। एरियल सर्वे के दौरान इस पूरे क्षेत्र में मक्का की लहलहाती फसलों को देखकर सीएम योगी अभिभूत हो गए। उन्होंने संगोष्ठी में भी इस बात का विशेष रूप से जिक्र किया और मकई को किसानों के लिए कैश क्रॉप करार दिया। उन्होंने कहा कि आज किसान मक्के की खेती से रुपए 01 लाख प्रति एकड़ से भी अधिक की आमदनी कर रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने 2017 में 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है और 15 लाख निजी ट्यूबवेल तथा फ्री बिजली प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पी एम कुसुम योजना के तहत 01 लाख किसानों को सोलर पैनल की सुविधा प्रदान की। उन्होंने सपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार सिर्फ महापुरुषों का अपमान करती थी वर्तमान सरकार ने लोकमता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 08 लाख नौकरियां दी अकेले पुलिस विभाग में 2.16 लाख, शिक्षा विभाग में 1.60 लाख नौकरियां प्रदान करने का काम वर्तमान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं अगर किसी ने बुरी नजर डालनी चाही तो उसे पता होना चाहिए कि हो सकता है उसे अगले चौराहे पर यमराज खड़े मिल जाएं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने औरैया के लिए 272 करोड़ रूपये पुलिस लाइन, 151 करोड़ रूपये जालौन औरैया ब्रिज, 250 करोड़ जिला कोर्ट के लिए स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 09 जून को अपने 11 वर्ष पूर्ण कर रही है आप सभी ऐसे ही डबल इंजन सरकार का सहयोग करते रहे सरकार आपके लिए पलक पांवड़े बिछाकर हमेशा तैयार खड़ी रहेगी।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मक्के की खेती के फायदों से किसानों को अवगत कराया और विश्वास दिलाया कि उनकी सरकार और अधिक उन्नत वाले खाद्य बीज के लिए काम कर रही है। सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ने कहा कि पूर्व की सरकारों में तो मंडी तक ले जाने में किसानों के टैक्टर तक चोरी हो जाते थे भाजपा सरकार में किसान खुशहाल है बहु बेटी और उसका सिंदूर सुरक्षित है। मुख्यमंत्री जी द्वारा नारायणी देवी को मिनी बीज किट, राजेश दीक्षित को 24 लाख का चैक, रेशू कुमारी को 05 लाख का चैक, सुमन को पी एम आवास का स्वीकृति पत्र, गुड्डी देवी को पंचायत कोष हेतु 10 ● शेष पेज 11 पर



# ग्रेटर नोएडा में 125 करोड़ की लागत से फ्लैटेड फैक्टरी बनाएगी योगी सरकार

एजेंसी

❒ मुख्यमंत्री के विजन को क्रियान्वित करने के लिए यमुना प्राधिकरण ने खाका किया तैयार

❒ ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-28 में अत्याधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर स्थापित कर योगी सरकार तेजी से प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की ओर बढ़ रही है। प्रदेश की इस प्रगति में हेवी इंडस्ट्रीज का तो योगदान है ही, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम उद्योग (एमएसएमई) का भी बड़ा योगदान है। इसी बात को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को लेकर सबसे ज्यादा फोकस कर रहे हैं। इस कड़ी में अब यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) भी एक बड़ी पहल करने जा रहा है।

रविवार को राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यीडा ने मुख्यमंत्री योगी के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखकर एक कार्ययोजना बनाई गई है। इसके अनुसार, गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण होगा। फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान व अन्य रिपोर्ट्स के निर्माण पर काम चल रहा है। प्रक्रिया के अनुसार, लगभग 125 करोड़ की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। यहां कुल 38,665 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोरयुक्त तीन मंजिल ऊंचे कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। जिन्हें 24 व 30 मीटर चौड़े संपर्क मार्गों के जरिए हाइवे से जोड़ा जाएगा।

योगी सरकार का यह प्रयास उत्तर प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है। सेक्टर-28 में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्ट्री न केवल एमएसएमई सेक्टर को गति देगी, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका



निभाएगी। इस फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के जरिए सरकार का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस यूनिट्स देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके। यीडा का यह कदम न केवल निवेशकों को आकर्षित करेगा बल्कि क्षेत्र की तरक्की के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा।

यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर होगा और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद परियोजना के अंतर्गत तीन साल की डिफ़ेक्ट लायबिलिटी अवधि भी लागू होगी। यह बहुमंजिला (बेसमेंट+ग्राउंड फ्लोर+3 फ्लोर युक्त) फ्लैटेड फैक्टरी एरिया में सूक्ष्म, लघु व मध्यम दर्जे के उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त यूनिट्स होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि प्रक्रिया के अंतर्गत मुख्य भवन निर्माण के साथ ही परिसर को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक विकसित किया जाएगा। यहां आंतरिक जल आपूर्ति, इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई, फायर फाइटिंग सिस्टम, एलिवेटर, एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, परिसर की डिजाइन को पर्यावरण-अनुकूल बनाया जाएगा और इसमें ग्रीन बिल्डिंग मानकों का भी पालन किया जाएगा। इसमें सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी, एक्सेस कंट्रोल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सुविधाएं भी लगाई जाएंगी। योजना के तहत फैक्टरी परिसर से संबंधित बाहरी विकास कार्य भी किए जाएंगे जिसमें बाउंड्री वॉल, गेट, गार्ड रूम, इंटरनल रोड, पार्किंग, ड्रेनेज, सीवरेज, वाटर सप्लाई, प्लंबिंग पंप, अग्निशमन उपकरणों की स्थापना और लैंडस्केपिंग भी शामिल हैं।

# राहुल का 'चित भी मेरी पट भी मेरी' फार्मूला अब देश नहीं स्वीकारता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लिखे गये लेख की तीखी आलोचना की है। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर रविवार को लिखा कि राहुल गांधी का 'चित भी मेरी पट भी मेरी' फार्मूला अब देश नहीं स्वीकारता।

कांग्रेस हारे तो ईवीएम ख़राब – जीते तो भाजपा का जनाधार और मोदी की लोकप्रियता घट गई ! संविधान और आरक्षण पर झूठ बोलकर लोकसभा में कुछ सीटें क्या मिलीं, अहंकार सातवें आसमान पर था – जो हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र की जनता ने चकनाचूर कर दिया। अब बाकी राज्यों में भी गरीब कल्याण और सुशासन का खिलेगा कमल, बनेगा कांग्रेस मुक्त भारत! केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि भारत की सफलताओं से कांग्रेस को मितली आने लगती है। आपरेशन सिंदूर से पस्त कांग्रेस को अब आपरेशन की सफलता और पाक की नापाक हरकतों का ख़ुलासा करने को लेकर विदेशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल की सफलता पर भी कांग्रेस को दस्त आने लगे हैं, उसकी इस जाहिल शंका का सबसे सटीक जवाब तो इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल उसके सदस्य दे सकते हैं जिनके नाम शशि थरूर, सलमान ख़ुर्शीद, मनीष तिवारी और आनंद शर्मा हैं। यह सभी वरिष्ठ सदस्य कांग्रेस के स्थायी अध्यक्ष राहुल गांधी से हरेक मायने में ज्यादा अनुभवी और समझदार हैं।

अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजबूत नेतृत्व न होता,तो सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऐतिहासिक कदम कभी नहीं उठाए जाते। कांग्रेस के समय भी सेना सक्षम थी,जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद चरम पर था,लाखों कश्मीरी पंडितों को विस्थापित होना पड़ा,

नागरिकों और सुरक्षा बलों पर अनगिनत आतंकी हमले हुए,हज़ारों निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। परंतु उस समय कांग्रेसी नेतृत्व कायर था, राहुल गांधी जैसे लोग सिर्फ बयानबाज़ी करते हैं। देशहित में निर्णायक साहस दिखाना कांग्रेस और उनके नेताओं के बस की बात नहीं।

## कोरांव मे आयोजित हुआ मंडल कार्यशाला



**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल कोरांव प्रयागराज में आयोजित मंडल कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 साल के कार्यकाल का जश्न मनाया गया। मुख्य अतिथि माननीय विधायक राजमणि कोल और मुख्य वक्ता वीरेंद्र शुक्ला ने अपने विचार रखे। मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी ने अध्यक्षता की और अशोक कुमार शुक्ल ने संचालन किया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## बड़ोखर कम्प्यूटर की दुकान को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना

**कोरांव (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड़ोखर में अशोक कुमार मौर्य की कम्प्यूटर दुकान में चोरी की घटना सामने आई है, जहां दो अज्ञात चोरों ने रात्रि 1.5 बजे के बाद दुकान में घुसकर हजारों रुपये के सामान चोरी कर लिए। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बिना नहीं रह सके, जिसमें वे दुकान के सामने के दरवाजे की कुंडी काटकर अंदर घुसते दिख रहे हैं। कोरांव थाना की बड़ोखर चौकी की पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया है और जांच में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही इस घटना का खुलासा करेगी और चोरों को पकड़ लेगी

## सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रादेशिक सेना में भर्ती करान के नाम पर ठगी करने वाले तीन लोगों को फर्जी दस्तावेजों सहित गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय कुमार पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम सैगई थाना मटस जिला फिरोजाबाद, कुलवन्त सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल, सम्बा,जम्मू-कश्मीर तथा सुनील कुमार पुत्र रतनलाल सिंह निवासी रखकंगवाल, साम्बा जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से दो आधार कार्ड,एक डीएल,तीन अदद एटीएम कार्ड, एक आयुष्मान कार्ड,एक वोटर कार्ड एक कूटरचित नियुक्ति पत्र मय लिफाफा, एक अदद गेट पास 14मेडीकल टेस्ट12, तीन मोबाइल फोन तथा 1630/-रूपये नकद बरामद किये गये। इन लोगों को आगरा के टीपीनगर थाना क्षेत्र में आज टीपीनगर थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया जा सका। इससे पहले प्रादेशिक सेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

## योगी सरकार के आठ वर्षो में पूरी हुई 29 सिंचाई परियोजनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में जल संसाधनों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। योगी सरकार ने हर खेत को पानी पहुंचाने के संकल्प को साकार करते हुए पिछले आठ वर्षों में 29 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया गया है। उक्त जानकारी रविवार को उप्र सिंचाई विभाग की ओर से दी गयी। उप्र सिंचाइ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 29 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश के 43,53,850 किसानों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश में 19,11,231 हेक्टेयर की सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'हर खेत को पानी' की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत पिछले आठ वर्षों में सात वृहद सिंचाई परियोजनाओं में बाणसागर नहर परियोजना, लहचूरा बांध परियोजना, पहाड़ी बांध परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, अर्जुन सहायक नहर परियोजना, उत्तर प्रदेश वाटर रिस्ट्रक्चरिंग परियोजना फ़ेज-2 और उमरहठ पम्प परियोजना द्वितीय चरण को पूरा किया गया है। इससे मीरजापुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती, गोरखपुर, महराजगंज, बांदा, अमेठी, रायबरेली, इटावा, एटा, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, बाराबंकी, मैनपुरी एवं ललितपुर के 42,28,355 किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं 18,41,932 हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है। पिछले आठ वर्षों में 16 मध्यम श्रेणी की सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गईं। इनमें उटारी बांध परियोजना, मौदहा बांध नहर प्रणाली की क्षमता की पुर्नस्थापना, पहुंज बांध पुनरोद्धार परियोजना, गुंता बांध पुनरोद्धार रिस्टोरेशन या रेनोवेशन परियोजना, जमरार बांध नहर परियोजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पथरई बांध परियोजना, भावनी बांध परियोजना, बंडई बांध परियोजना, रसिन बांध परियोजना, बबीना ब्लॉक के 15 ग्रामों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की परियोजना, घोरी नहर के पुनरोद्धार परियोजना, लखेरी बांध के अवशेष कार्यों की परियोजना, जनपद रामपुर में नाहल बैराज की निर्माण तथा नाहल नहर प्रणाली की पुर्नस्थापना के कार्य की परियोजना, बडवार झील के गुरसंराय मुख्य नहर के 45 किमी से भरने के लिए फीडर चैनल परियोजना, कुलपहाड़ स्प्रिंक्लर सिंचाई परियोजना और जनपद महराजगंज स्थित रोहिन नदी पर रोहिन बैराज के निर्माण कार्य की परियोजना शामिल है।

# गढ़वाल समाज के मेधावियों को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गढ़वाली आपसी भाईचारा समिति के तत्वाधान में सिद्धार्थ पैलेस, नीलमथा लखनऊ, में गढ़वाल समाज के हाईस्कूल तथा इण्टरमीडियट परीक्षा वर्ष-2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह एवं ज्येष्ठ माह के चौथे शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मधु गैरोला, से0नि0 निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, और विशिष्ट अतिथि वाईपी भदोला, से0 क्षेत्रीय प्रवंधक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, लखनऊ रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि व विाष्ट अतिथि द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिसमें समृद्धि ढौंड़ियाल, सृजल बिष्ट, प्रज्ञान सिंह, ईाा किमोठी, देवशा नेगी, सृष्टि सिंह रावत, प्रियंका नेगी, आशीष नेगी, अक्षित नेगी, स्वस्ति कंडारी, अदिति सिंह, सौरभ सिंह, अदिति सिंह, वरदान शर्मा व प्रियांशी डिमरी को प्राशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। तद्पचात अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी ने मेधावी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और ज्येष्ठ माह के भंडारे में बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की गयी तथा इसके उपरान्त समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार धोखा देने में अव्वल है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था वो वादा भी पूरा नहीं हुआ है। श्री यादव ने कहा कि इस सरकार में किसानों को खेती के कार्य के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। किसानों की मक्का और अन्य फसलों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। फूलों की खेती भी सूख रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फ़ेल है। खेती किसानी की दशा दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और भाजपा के नेता किसानों, नौजवानों को भ्रमित करने और बरगलाने के लिए नये-नये बहाने गढ़ने में लगे रहते



है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के फसलों की खरीद नहीं हो रही है। फसलों की खरीद में भाजपा के लोगों ने भारी भ्रष्टाचार किया। धान, गेहूं खरीद में सरकारी धन का बंदरबांट हुआ। भारी भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा सरकार में योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। इस सरकार ने समाजवादी सरकार के दौरान बनाई जाने वाली मंडियों का काम रोक दिया। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। श्री यादव ने कहा कि इस सरकार में किसानों पर लगातार संकट बढ़ता जा रहा है। पूरी सरकार मक्का और अन्य फसलों के लिए सिर्फ ढिंढोरा पीट रही है। जमीन पर कोई काम नहीं किया। प्रदेश में बिजली का संकट है। मक्का किसानों को पानी के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। पानी नहीं मिलने से फसलें सूख रही है एक तरफ किसान की फसल सूख रही है। दूसरी तरफ छुट्टा और जंगली जानवर किसानों की फसलों को रौंद रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ डींगे मारने में लगी है। पिछले दस सालों में भाजपा सरकार किसानों से झूठ पर झूठ बोलती जा रही है। जनता सब समझ चुकी है। 2027 में किसान, नौजवान सभी मिलकर भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए संकल्पित है।

# निजीकरण के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का होगा एलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दलित व पिछड़े वर्ग के कार्मिकों वाले संगठन पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने किया ऐलान जुलाई के महीने में सभी बिजली कंपनियों में निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन का आयोजन करके निजीकरण के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का एलान किया जाएगा। सम्मेलन की तिथियों की घोषणा जल्द।



बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था आरक्षण को समाप्त करने के लिए प्रदेश के 42 जनपदों में निजीकरण की साजिश का मुख्य उद्देश्य 42 जनपदों से आरक्षण के 16000 पद समाप्त किए जाएं जो बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था पर कुठाराघात है जिस संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनेको कैबिनेट मंत्रियों व ऊर्जा मंत्री से पहले ही इस पर गुहार लगा चुका है लेकिन वर्तमान में ऊर्जा मंत्री की आरक्षण पर चुप्पी यह साबित करती है की सरकार को बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था से कोई मतलब नहीं अब आंदोलन के अलावा दूसरा चारा नहीं है। उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों वाली दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में निजीकरण करके आरक्षण को समाप्त किए जाने पर पिछले छह महीना के बीच उत्तर प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन द्वारा कोई भी ठोस जवाब न दिए जाने से पूरे प्रदेश के दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा है जुलाई में पूरे प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था आरक्षण को बचाने के लिए निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन किया जाएगा बाबा साहब ने 1934 में कहा था बिजली हमेशा सरकारी क्षेत्र में रहना चाहिए लेकिन वर्तमान में आरक्षण को समाप्त करने के लिए दक्षिणांचल पूर्वांचल के 42 जनपदों का निजीकरण किया जा रहा है और सबसे चौंकाने वाला मामला यह है कि जब इस मुद्दे को लेकर हम लोगों ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनेकों मंत्रियों व उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री के सामने अपनी बात रखी तो उन्होंने कहा मसौदा सामने आने दो तब बात होगी अब माननीय ऊर्जा मंत्री सभी को पता है कि 42 जनपदों में निजीकरण व्यवस्था लागू हो जाने के बाद लगभग 16000 आरक्षण के पद समाप्त हो जाएंगे जिससे सबसे ज्यादा दलित व पिछला वर्ग का नुकसान होगा। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपीकेन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, महासचिव अनिल कुमार, संगठन सचिव बिंद्रा प्रसाद, ट्रांसमिशन अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव आर के राव, ए के प्रभाकर राज कपूर, मीडिया प्रभारी रमेश कुमार। इस अवसर पर विकासदीप राकेश आर्य ने कहा सभी बिजली कंपनियों मे निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन का आयोजन जुलाई माह में किया जाएगा जिसकी कंपनी वार तिथि की घोषणा स्थान का चयन करने के बाद की जाएगी। पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने कहा लगातार संगठन के पदाधिकारी ने सरकार के सीनियर कैबिनेट मंत्रियों ऊर्जा मंत्री सबसे गुहार लगाई कि निजीकरण से आरक्षण समाप्त हो जाएगा लेकिन इस पर कोई भी ठोस ऐलान नहीं किया गया जिससे तय हो गया है कि उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों में बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है।

# 'संत रामपाल के नाम से चलने वाले फर्जी आश्रमों को बंद करने की मांग'

फर्रुखाबाद। संत साहिब चैरिटेबल ट्रस्ट ने,केंद्र एवं प्रदेश सरकारों से संत रामपाल जी महाराज की फोटो लगाकर देश में कुछ लोगों द्वारा चलाया जा रहे हैं फर्जी 11 आश्रमों को शीघ्र बंद करने की मांग की। यह जानकारी संत साहिब चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता रामचंद्र यादव ने रविवार को अपराह्न 1:30 बजे उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में शहर स्थित मधुर मिलन पैलेस में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि संत रामपाल जी महाराज हत्या के मामले में काफी दिनों से,जेल में है और कुछ लोगों द्वारा देश के हरियाणा उत्तर प्रदेश के शामली, नेपाल समेत 11 स्थान पर संत रामपाल महाराज की फोटो लगाकर फर्जी संत लोक आश्रम अवैध ढंग से संचालित कर उगाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संत रामपाल महाराज के नाम से अवैध ढंग से चलने वाले सभी संत लोक आश्रमों को संत साहिब चैरिटेबल ट्रस्ट बंद करने की मांग कर रहा है।

# भूमि प्रबंधक समिति : अध्यक्ष और सदस्यों के विपरीत सचिव का कर्तव्य कितना उचित-अनुचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ भूमि हीनों को आवासीय, कृषि आवंटन के प्रस्ताव को तरजीह नहीं दे रहे तहसील राजस्व अधिकारी,उच्च स्तरीय शिकायत पर भी अमल नहीं,

❒ अध्यक्ष ग्राम प्रधान अल्हवा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल कर दी याचिका

कोरांव, प्रयागराज। तहसील अधिकारियों द्वारा करीब तीन साल से भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा कोरांव द्वारा निरा भूमिहीन, पीएम आवास सहायता योजना से वंचित गरीबों पात्रों को नई ग्राम पंचायत की गठित कार्यकारिणी और प्रथम बैठक बीस जून वर्ष 2021में लिए गए निर्णय के अनुसार अवैध कब्जा से ग्राम समाज की जमीनें मुक्त कराकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए तीन साल से कार्यवाही अभियान जारी रखा गया।

उक्त प्रस्ताव को समिति का ही सचिव लेखपाल एवं सक्षम अधिकारीगण द्वारा अमल न लाएं जाने पर प्रदेश के मुख्य मंत्री,प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ,राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश,मंडलाआयुक्त,जिलाधिकारी एवं मुख्य राजस्व अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रयागराज और जन सुनवाई मुख्यमंत्री सीएम हेल्प लाइन 1076 पोर्टल सहित अन्य उचित माध्यमों से पत्राचार,मांग पत्र देने के बावजूद कार्यवाही न किए जाने से आजीज आकर हाईकोर्ट में सिविल रिट पेटिशन नंबर 19327/2025 अहद अहमद सिद्दीकी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार,जिलाधिकारी,मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज,और उप जिलाधिकारी तहसील कोरांव को पक्षकार बना कर याचिका दाखिल कर दी।

दरअसल ग्राम सभा अल्हवा में कई बीघा जमीनें ग्राम समाज की नवीन परती,बंजर आदि भू अतिक्रमण कर्ताओं ने गैर कानूनी ढंग से कब्जा कर कृषि कार्य कर अनुचित लाभ उठा रहे थे। और पात्र गरीब परेशान थे। जिसे सोशल एक्टिविस्ट ग्राम प्रधान अलहवा अहद अहमद सिद्दकी उर्फ शहजादे ने एल एम सी की कई बार बैठक कर पात्र लोगों का चयन किया, और कुछ कृषि कार्य हेतु एवं आवास से वंचित



गरीब भूमिहीन परिवारों को रहने बसने के लिए उक्त जमीनों का दोहन से बचाने के लिए करीब छः बीघा भूमि में लगभग डेढ़ सौ लोगों को थोड़ा थोड़ा भूमि का पट्टा किया। किंतु लेखपाल ने स्थानीय होने के नाते भूमि के अतिक्रमण कर्ताओं के दबाव प्रभाव प्रलोभन में आकर आवंटन पत्रावली तहसील के अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया,स्वार्थ सिद्ध न होने के चक्कर में उप जिलाधिकारी और तहसीलदार कोरांव को गुमराह करता रहा शिकायत करने पर हर बार मिस कंडक्ट लिखित मौखिक रूप से अधिकारी को करता रहा।

तहसील के अधिकारी भी जब कोई कार्यवाही सचिव के विरुद्ध नहीं किए तब विवश होकर ग्राम प्रधान को हाईकोर्ट जाना पड़ा। देखना है उक्त याचिका पर कोर्ट क्या आदेश पारित करती है। किंतु ग्राम पंचायतों,भूमि प्रबंधक समितियों के प्रदत्त अधिकारों का हनन, शोषण,मौलिक अधिकारों,मानवाधिकारों का हनन एवं उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवमानना क्या न्याय संगत है।

ग्राम पंचायत के भूमिहीनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पट्टा किया,जिससे आवास सहायता का लाभ मिले, निराभूमि हीनों को कृषि कार्य हेतु आवंटन किया। जिससे दुर्पयोग हो रही जमीनों को सुरक्षित रखा जाए। जो नवीन परती बंजर की भूमि में मुद्दतों से कब्जा थे,घर बनाए थे,उन्हीं लोगों को आवासीय तथा जो पात्र जोत बो रहे थे उन्हीं को कृषि कार्य का पट्टा दिया। किंतु लेखपाल कानूनगो स्वार्थ सिद्ध न होने पर पत्रावली दबाए हुए हैं जिस कारण पट्टा अभी तक स्वीकृति एसडीएम ने नहीं किया ,और अंत में मुझे हाईकोर्ट जाना पड़ा। आदेश का इंतजार है।



**अहद अहमद सिद्दीकी**
**ग्राम प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति**
**अल्हवा तहसील कोरांव**

# सतेंद्र कुमार पाल बने आजाद समाज पार्टी के कोरांव विस के अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव (प्रयागराज )। रविवार को कोसफ़रा, कोरांव में आजाद समाज पार्टी (कंशीराम) विधानसभा की बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने विधानसभा कोरांव के अध्यक्ष पद पर रहे कृष्णकांत गौतम के स्थान पर रामपुर कला के निवासी सत्येंद्र कुमार पाल को नियुक्त किया।यह नियुक्ति पार्टी के समस्त पदाधिकारियों की सर्वसम्मति की गई जिससे पार्टी में कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी,सभी लोगों फूल माला पहनाकर सत्येंद्र पाल को बधाई दिया।

जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने कहा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के द्वारा 10 जून से 25 जून तक संगठन सृजन अभियान चला कर बहुजन चौपाल करने की घोषणा किया । बहुजन चौपाल के माध्यम से ग्राम पंचायत से ले कर बूथ स्तर पर संगठन का गठन करने का निर्देश दिया।

जिला प्रभारी और कोरांव विधानसभा प्रभारी डा कमलेश गौतम ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जारी दिशा निर्देश का पूरे विधानसभा में पालन कर पार्टी की नीतियों और अपने नेता सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद जी के संघर्ष को घर घर पहुंचा कर पार्टी को मजबूत कर जनता की आवाज बनेगा।

नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष को बधाई देने वालो में जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी,जिला प्रभारी डा कमलेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष दिनेश गौतम,जिला कोषाध्यक्ष विनय चौधरी,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कृष्णकांत गौतम,रमेश कुशवाहा,श्रीनाथ गुप्ता,एड.लवकुश कोल,शिवम राव,सूर्यपाल,राजीतराम आदिवासी समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों ने ईद-उल-अज़हा पर किया कर्तव्यों का निर्वहन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ईद-उल-अज़हा के मौके पर ऐशबाग ईदगाह पर नागरिक सुरक्षा के वार्डे नों ने कर्तव्यों के निर्वहन किया। चीफ़ वार्डे न श्री अमरनाथ मिश्रा के निर्देश पर राजाजीपुरम, सहादतगंज, वज़ीरगंज, यहियागंज डिविजन के वार्डे नों ने ऐशबाग ईदगाह पर नागरिक सुरक्षा लखनऊ के नियंत्रक/जिलाधिकारी विशाख एवं उपनियंत्रक अनिता प्रताप की गरिमामय मौजूदगी में डिप्टी चीफ वार्डे न गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टॉफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी के नेतृत्व में वार्डे नों ने किया कर्तव्यों का निर्वहन और साथ ही पूरी मुस्तैदी के साथ पुलिस प्रशासन के साथ खड़े दिखे। मौके पर नागरिक सुरक्षा के राजाजीपुरम के वार्डे न मुकेश कुमार निगम, गोपाल कुमार शर्मा, मयंक कुमार, रेखा मिश्रा, जितेन्द्र कुमार अरोड़ा, राजेश शर्मा, यहियागंज डिविजनल वार्डे न संजय जौहर, वज़ीरगंज डिविजन के सुमित साहू, सहादतगंज डिविजन के स्टॉफ ऑफिसर आयजुद्दीन सिद्दीकी की अगुवाई में राजेश कुमार शुक्ला, अश्विनी कुमार त्रिवेदी, हर्ष वर्धन, राघवेन्द्र मिश्रा, आशीष निगम, सचिन कुमार सक्सेना, हिमांशु श्रीवास्तव, संतोष वाजपेई, संजय वर्मा, विनय कुमार, शैलेन्द्र द्विवेदी, प्राची गुप्ता, रजत राजपूत, कुलदीप रावत, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, विनोद कुमार, अरविन्द कुमार यादव, शिवम श्रीवास्तव, परितोष तिवारी, आलोक कुमार पाण्डेय, अमोघ लहरी, विकास श्रीवास्तव, विजय कुमार धाकरे, विनोद कुमार यादव, सोनिया कश्यप, अजीत प्रताप सिंह, पवन कुमार सक्सेना सहित वार्डे न मौजूद रहें।

# राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजेश्वर सिंह सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। वैश्विक व्यापार युद्ध के इस युग में, यूके-इंडिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) एक निर्णायक उत्प्रेरक बनकर उभरा है! नियमनों का पालन, विवादों का समाधान और डछ्व समन्वय के लिए एक मज़बूत कानूनी ढांचा अनिवार्य है, जिसमें यूके इंडिया लीगल पार्टनरशिप (UKILP) की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वर्तमान में भारत, यूके का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार 2024 में ऋ7 बिलियन (?48,720 करोड़) से बढ़कर 2030 तक ऋ120 बिलियन (?10 लाख करोड़+) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें वस्तुओं और सेवाओं दोनों का समावेश है। यह व्यापार को बढ़ावा देने, रोजगार सृजित करने, विदेशी निवेश आकर्षित करने और दोनों देशों की बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। यह समझौता चीन पर निर्भरता कम करेगा, अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों का मुकाबला करेगा और ब्रेक्ज़िट के बाद यूके की वैश्विक रणनीति को नया आकार देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद, जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान किया है!

यह उत्तर प्रदेश के लिए भी एक सुनहरा अवसर है। राज्य से निर्यात 2017 में ?84,000 करोड़ से बढ़कर आज ?1.70 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। यदि यूके-इंडिया क्ख्र्इ का प्रभावी उपयोग किया जाए और सुधारों को ज़मीन पर उतारा जाए, तो अगले 3ऽ5 वर्षों में इसे दोगुना किया जा सकता है।

कानून के रक्षक, व्याख्याता और विधेयक निर्माता के रूप में मेरी अनोखी यात्रा

लोकसेवा सदैव मेरे हृदय के निकट रही है। यह सम्मान – 'राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्टता' पुरस्कार – मेरी विधान सभा क्षेत्र के प्रति निरंतर समर्पण को समर्पित है।

ईश्वर की कृपा से मेरी यात्रा विविध सेवाओं से भरी रही – एक कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय में कार्य किया, जहां और मामलों को संभाला; एक वकील के रूप में NGT और NCLAT में क्षेत्रीय जनहित से जुड़े विषयों को उठाया; और एक विधायक के रूप में, राज्य राजधानी क्षेत्र अधिनियम (SCR) और 2024 के यूपी धर्मांतरण संशोधन कानून जैसे सशक्त विधायी कार्यों में योगदान दिया। ऐतिहासिक हाउस ऑफ लॉर्ड्स में प्रतिष्ठित नेताओं और विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर लंदन स्थित ऐतिहासिक हाउस ऑफ लॉर्ड्स, वेस्टमिंस्टर पैलेस – जो ब्रिटिश विरासत का आधार, लोकतंत्र का स्तंभ और संवैधानिक विवेक का रक्षक है – वहां उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा।इस मंच पर भारत के माननीय विधि मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, सॉलिसिटर जनरल श्री तुषार मेहता, लॉर्ड्स वीरेंद्र शर्मा और रामी रेंजर, पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी, दुबई और ऑस्ट्रेलिया के न्यायाधीशों, अंतरराष्ट्रीय कानूनविदों, युवा संगीत प्रतिभा स्टेबिन बेन और विश्व भर के माननीय न्यायाधीशों और विधायकों के साथ शामिल होना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का विषय रहा। साथ ही, 5 जून को मुझे ऋइ लंदन कॉन्फ्रेंस 2025 के विशेष अतिथि के रूप में ''भारत-यूके वाणिज्यिक विवादों का पंचाट ऽ तीसरा संस्करण'' विषय पर आयोजित सम्मेलन में प्रमुख कानूनी विद्वानों और बुद्धिजीवियों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

यह अत्यंत उच्चस्तरीय संवाद और सीखने का दुर्लभ अवसर मेरे लिए स्मरणीय, प्रेरणादायक और लोकसेवा के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को और दृढ़ करने वाला रहा।

# स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर बिल जमा होने के बावजूद काटे विभागीय कनेक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विधुत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासाचिव कप्तान सिंह ने कहा विभागीय संयोजन पर मीटर लगाने हेतु विद्युत अधिनियम २००३ का उलंघन कर जमा विद्युत बिल होने के बाद सप्लाई काट देने की कार्यवाही कर स्मार्ट मीटर लगाने की मुहिम की निन्दा विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश करता है, मेरठ में यह नया मुहिम ०५जून २०२५से चालू है बहुत से लोगों के कनेक्शन बिजली बिल जमा होने के बाद काटे गए, विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश की तरफ से अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड शक्ति भवन के अतिरिक्त प्रवन्ध निदेशक पश्चिमांचल मेरठ से भी अनुरोध किया कि इस प्रकार की कार्यवाही उचित नही है आप अपने स्तर से उचित निर्देश क्यों जारी नही कर रहे है कि जिन स्थानों पर पर पहले से मीटर लगा दिये गये है उनकी बिलिंग ०७फरवरी २०१८के निदेशक मंडल के आदेशानुसार जारी करा कर लोगों का बिश्वास अर्जित किया जाय। विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश की तरफ से अनेकों पत्र अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को भेजा गया है जिस पर अभी तक कार्यवाही कर परिषद को अवगत नही कराया गया है। एकपक्षीय कार्यवाही की जा रही है जिससे पेन्शनरों के मन असन्तोष व्याप्त हो रहा है। अतः प्रबंधन से आग्रह है कि विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश को भरोसे में लेकर मीटर लगाने की कार्यवाही की जाये। बहुत से सवाल लोगों के मन में है का उचित समाधान आवश्यक है। पेन्शनरों के कनेक्शन काटा जाना एक्ट के विपरीत कार्यवाही है।अभी तक इस प्रकार की कार्यवाही नही की गई जिस तरीके से मेरठ में की जा रही। कृपया संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड शक्ति भवन उचित दिशा निर्देश जारी करने की कृपा करें। विभागीय संयोजन पर स्मार्ट मीटर लगाने से सम्बंधित कुछ सवालः-१)क्या आर एम एस बिलिंग प्रणाली में विभागीय संयोजन एल एम वी -१० पर स्मार्ट मीटर लगने पर निर्धारित बिलिंग प्रारुप बिकसित सिस्टम में कर लिया गया है यदि हां तो जिन पेन्शनरों के परिसर में मीटर पहले से लगे है तो उनकी बिलिंग प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के आदेश संख्या ०१/८४३६ दिनांक ०९-०४-२०२५ के अनुसार विद्युत बिल क्यों नही जारी किया जा रहा है। २) विभागीय संयोजन का नाम करण एल एम वी -१०या और कोई नाम। ३)मीटर सभी पेन्शनर्स एवं कार्यरत कर्मचारीयों के यहां लग जाने के बाद टैरिफ निर्धारण हेतु पूर्व की भांति नियामक आयोग को संस्तुति के साथ भेजा जायेगा। ४) विभागीय संयोजन पर स्मार्ट मीटर का व्यवहार कैसे निर्धारित होगा क्या विभागीय संयोजन धारकों को मीटर रिचार्ज कराना पड़ेगा। ५)क्या सिंगल फ़ेज एवं थ्री फ़ेज स्मार्ट मीटर घरों में लगे केबिल के अनुसार लगाया जाये गा क्यों कि विभिन्न कैटगरी के कार्मिकों एवं पेन्शनरों के लिए अभी तक प्रयोग किए जा रहे भार का कोई उल्लेख नही है। विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव कप्तान सिंह ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के शीर्ष प्रबंधन से मांग किया कि स्मार्ट मीटर लगाने के पूर्व विभागीय संयोजन कि बिलिंग हेतु सिस्टम को अपलोड किया जाय तथा उठाए गए सवाल का भी उचित समाधान किया जाय।

# लोकतंत्र सेनानी हरीशंकर धीमान को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी हरीशंकर धीमान का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नया खेड़ा मजरा हरिहरपुर पटसा में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज से पूर्व समाजवादी पार्टी विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने अंतिम संस्कार में पहुंचकर स्व. धीमान को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। पुष्कर ने कहा, ल्लहरीशंकर धीमान जी का जीवन लोकतंत्र के लिए संघर्ष और जनसेवा की मिसाल रहा है। वे सच्चे लोकतंत्र सेनानी थे, जिनकी यादें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी ङ्क पूर्व विधायक ने परिवारजनों – पत्नी प्रेमा देवी, पुत्रगण रमेश प्रसाद धीमान, हरिराम धीमान, ब्रजकिशोर धीमान एवं पुत्री कलावती धीमान – से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अंतिम संस्कार में प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार अनूप कुमार श्रीवास्तव, राजस्वकर्मी लेखपाल दीपक द्विवेदी और निगोहां कार्यवाहक थाना अध्यक्ष अमित वर्मा, हल्का प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, सिपाही शिवा सागर दिनेश कुमार ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर राजकीय सम्मान संपन्न कराया। समाज के लिए किए गए योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु किए गए संघर्ष को याद करते हुए लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## चोरी के 7 वाहनों के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार।



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठाकुरगंज पुलिस टीम ने राजधानी के अलग अलग जगहों से बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने अपने गिरफ्त में ले लिया है। आपको बता दें कि एसीपी चौक राज कुमार सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के नेतृत्व में गऊघाट चौकी प्रभारी सुधाकर पाण्डेय ने अंतर्जनपदीय दो शातिर चोर विवेक रस्तोगी उर्फ अनमोल व रोशन लाल को चोरी की 7 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों के ऊपर पूर्व में भी लखनऊ के कई थानों में मुकदमा दर्ज। दोनों शातिर चोर बाइक चोरी की घटना को देते थे अंजाम। पुलिस से बचने के लिए और पुलिस को गुमराह करने के लिए शातिर चोर गाड़ी की नंबर प्लेट को बदल कर घूम रहे थे ।ठाकुरगंज पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।

## अनियंत्रित रोडवेज बस ने साइकिल सवार अधेड़ व महिला को रौंदा इलाज के दौरान महिला की मौत

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । मोहनलालगंज क्षेत्र के बिंदौवा गांव के पास नेशनल हाईवे पर रविवार सुबहअनियंत्रित रोडवेज बस की चपेट में आकर एक महिला व एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया वही इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज डीके सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 8:00 बजे नेशनल हाईवे रायबरेली लखनऊ मार्ग पर बिदौवा कट के पास गौरा गांव की तरफ एक रोडवेज बस यू पी 33 सी टी 2331 अनियंत्रित होकर साइकिल से जा रहे उमेश गोस्वामी और अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही महिला रामदेवी उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी बिदौवा को रौंदते हुए बिजली के पोल से टकराई और पोल टूटने के बाद संतोष मौर्य के परचून की दुकान में घुस गई। हादसे के बाद बस में बैठी लगभग 20 सवारिया घबराकर चीख पुकार करने लगी और मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया वही इलाज के दौरान रामदेवी की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई । प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि रायबरेली से लखनऊ जा रही बस का चालक नशे की स्थिति में था और तेज रफ्तार से बस को चला रहा था। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि बस व उसके चालक व परिचालक को हिरासत में ले लिया है मृतका के पति हंसराज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 26 लोगो ने किया रक्तदान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ एवं मुथूट ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में राम मनोहर लोहिया अस्पताल के सहयोग से मुथूट ग्रुप के लेखराज स्थित कार्यालय पर एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन चेयरमैन ओपी पाठक ने किया। वहीं इस मौके पर ब्लड डोनेशन अधिकारी ने बताया कि सोसाइटी के 26 व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

## सांप के काटने से हुई किसान की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके के नरायनपुर गांव निवासी किसान सुरेंद्र सिंह (55) पुत्र स्वर्गीय रामनाथ सिंह की रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक जहरीले साँप के काटने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुरेंद्र दोपहर को खेत से आकर घर के एक कमरे में साफ सफाई करने लगे, कमरे में लकड़ी व कंडे रखे थे बताते हैं इसी बीच वहीं पर एक जहरीले साँप ने उन्हें डस लिया। जानकारी होने पर परिजन उन्हें झाड़फूंक के लिए पास के ही हसनखेड़ा गांव ले गए जहां से कोई राहत ना मिलने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की खबर पाकर घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर बंथरा पुलिस ने पंचायतनामा के लिए पुलिस को मेडिकल कॉलेज भेजा है जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# करोरा स्थित बालाजी धाम पर सुंदरकांड के साथ भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। शनिवार को नगराम क्षेत्र के खुजौली नगराम मार्ग पर करोरा गांव स्थित बालाजी धाम पर द्विवेदी टीवीएस बालाजी टीवीएस एजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर बृजेश कुमार द्विवेदी द्वारा सुंदरकांड एवं हवन यज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, शनिवार को करोरा गांव स्थित द्विवेदी टीवीएस एजेंसी के समीप बालाजी धाम पर सुंदरकांड के साथ हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री द्विवेदी ने बताया कि बालाजी मंदिर की स्थापना 7 वर्ष पूर्व हुई थी स्थापना दिवस के अवसर पर आज पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अश्वनी द्विवेदी, दिलीप द्विवेदी, अमरीश तिवारी, शुशील तिवारी सभी लोग अपने-अपने परिवार के साथ एवं सर्वेश व समस्त दोनों जगहों के संस्थानों के लोग मौजूद रहे।

# जय दुर्गे फ़ास्ट फूड के सौजन्य सेकराया गया विशाल भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पुराने लखनऊ के बालागंज में जय दुर्गे फ़ास्ट फूड एवं भोजनालय के सौजन्य से कराया गया विशाल भण्डारे के आयोजन। फास्ट फूड के संचालक शिव प्रकाश अवस्थी ने जेष्ठ माह के पावन अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। भण्डारे के आयोजन में सैकड़ों भारी संख्या में लोगो ने प्रशाद को ग्रहण किया। प्रशाद का वितरण 12 बजे से लेकर प्रभु की इच्छा तक किया गया। जिसमें क्षेत्र के सम्मनित लोग भी उपस्थित रहे। आपको बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन जय दुर्गे फ़ास्ट फूड एवं भोजनालय की ओर से विशाल भंडारा स्थान बालागंज चौराहा पर , शिव प्रकाश अवस्थी ,विपिन यादव, ज्ञानू सिंह , राजू तिवारी आशु कनोजिया के सहयोग से हुआ सभी लोग शामिल रहे।

# शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में रविवार को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार एवं सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाना और उनके मार्गदर्शकों शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना था। इसमें लगभग 700 छात्र-छात्राएं और 100 से अधिक प्रधानाचार्य व शिक्षकगणों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रद्धा ठाकुर, महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ रहीं। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. डॉ भानु प्रताप सिंह कुलपति, महर्षि विश्वविद्यालय की उपस्थिति में किया गया।

# पचास हजार लघु किसानों को 1000 करोड़ का ऋण, गांवों में रोजगार के खुले नए द्वार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास और रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया है। यह ऋण न केवल किसानों की कृषि गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि रोजगार सृजन और पूंजी निर्माण का भी मजबूत आधार बन रहा है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हरित क्रांति के नए अध्याय की शुरुआत की है। किसानों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराकर खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। यह ऋण किसानों के लिए खेती के साथ-साथ कृषि आधारित स्वरोजगार की योजनाओं में भी मददगार साबित हो रहा है। योगी सरकार की नीतियों के चलते अब किसानों को साहूकारों और सूदखोरों के शोषण से मुक्ति मिल रही है। राज्य सरकार की ऋण योजनाएं पारदर्शी और लाभकारी हैं, जिससे किसानों का भरोसा संस्थागत वित्तीय व्यवस्थाओं पर बढ़ा है। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत किसानों की आमदनी बढ़ाने का अभियान छेड़ रखा है। जहां व्यावसायिक बैंकों की पहुंच नहीं थी, वहां उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक ने किसानों का साथ निभाया। यह बैंक ग्रामीण अंचलों में दीर्घकालीन ऋण पहुंचाकर कृषि विकास को नई दिशा दे रहा है। खासकर उन क्षेत्रों में, जहां बैंकिंग सेवाएं सीमित थीं, वहां यह बैंक किसानों की आर्थिक रीढ़ बना है। योगी सरकार की ओर से चलाई जा रही रोजगारपरक और आय अर्जक योजनाओं से गांवों में स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं। इन योजनाओं में दीर्घकालीन ऋण से युवाओं को डेयरी, पशुपालन, बागवानी जैसी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे गांवों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं।

# बरछता बनी घोटालों की राजधानी, सरकारी योजनाओं का हो रहा बेशर्मी से दोहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन / सीतापुर । सकरन विकास खंड की ग्राम पंचायत बरछता इन दिनों कथित तौर पर घोटालों का पर्याय बन चुकी है। सरकारी योजनाओं में बेशर्मी से हो रहे भ्रष्टाचार की तस्वीर देखनी हो तो जिला प्रशासन को किसी दूर-दराज इलाके में जाने की जरूरत नहीं, बस बरछता की एक निगाह काफी है। राज्यवित्त और पंद्रहवें वित्त आयोग की धनराशि का इस्तेमाल विकास के नाम पर फर्जी बिलों के ज़रिए किया जा रहा है। वहीं मनरेगा योजना तो मानो ''ठेकेदारी घोटाले'' का नया प्लेटफॉर्म बन चुकी है। गाँव में रोज़ाना दर्जनों नहीं, सैकड़ों मजदूरों को कार्यरत दिखाया जा रहा है, जबकि ज़मीनी हकीकत में मजदूर और काम दोनों गायब हैं।

ग्रामवासियों ने दबी जुबान बताया कि सामुदायिक शौचालय वर्षों से बंद है, लेकिन इसके रख-रखाव और संचालन पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जा चुके हैं। यही नहीं, विद्यालय में मिट्टी पटाई, हैंडपंप की मरम्मत, सीपीयू मेंटेनेंस, बंद सीसीटीवी कैमरों का रिचार्ज और ह्यूम पाइप जैसे




कार्य भी सिर्फ कागज़ों पर ही पूरे हो रहे हैं।

**मनरेगा की जमीनी सच्चाई और फोटोग्राफिक छल**

मनरेगा के तहत बन रही बाउंड्री वॉल के लिए तालाब में खड़े मजदूरों की तस्वीरें खींची जाती हैं, जिससे कार्य प्रगति की ''दृश्य पुष्टि'' तैयार हो सके। कई बार तो एक ही तस्वीर से कई फर्जी तस्वीरें बनाकर पोर्टल पर अपलोड कर दी जाती हैं, जिससे मजदूरी की भारी रकम निकलवाई जा सके। ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक पर आरोप हैं कि वे मिलकर सरकारी धन की लूट को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दे रहे हैं। ज़मीनी मजदूर शहरों में पलायन कर चुके हैं और धनाढ्य वर्ग के लोग ही कागजी मजदूर बन कर धन की बंदरबांट कर रहे हैं।

**प्रशासनिक चुप्पी और सवालों के घेरे में अधिकारी**

**राज्यवित्त में अनियमितता के साथ मनरेगा में प्रतिदिन दर्शाए जा रहे सैकड़ों मजदूर**

इस खुली लूट के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि खंड विकास अधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी इन फर्जीवाड़ों को देखकर भी चुप क्यों हैं? क्या यह चुप्पी मिलीभगत का संकेत है या प्रशासन की निष्क्रियता का परिचायक?

यदि निष्पक्ष जांच हो तो पंचायत स्तर से लेकर ब्लॉक तक कई जिम्मेदारों को छुपने का भी ठिकाना नहीं मिलेगा।

बरछता की यह तस्वीर महज एक पंचायत की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की उस सच्चाई को उजागर करती है जहाँ पारदर्शिता के नाम पर योजनाएं चलती हैं और भ्रष्टाचार के नाम पर जेबें भरती हैं। सवाल यह नहीं कि घोटाला हुआ है, सवाल यह है कि अब तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई ।

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर कार्यवाही कब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लहरपुर - सीतापुर । अवैध क्लीनिकों व अस्पताल जोरो पर संचालित किए जा रहे है। आपको बताते चले लहरपुर में दर्जनों अवैध तरीके से पॉलीक्लिनिक , पैथालॉजी सेंटर व अस्पताल संचालित है।

**कौन दे रहा संरक्षण, स्वास्थ विभाग क्यों नही दे रहा ध्यान**

**केयर वेव पॉलीक्लिनिक का कौन है सरगना**

जिसपर स्वास्थ विभाग का कोई भी ध्यान नही है । मरीजो की जान से साथ खिलवाड़ की जा रही है, क्या यह सही है । कि बिना प्रपत्र के पॉलीक्लिनिक में किसी मरीज का इलाज करना यदि मरीज कि जान के साथ कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा यह एक




गंभीर विषय बना हुआ है । लहरपुर में आखिर किसकी सह पर अवैध रूप से संचालित हो रहे है असपताल व पॉलीक्लिनिक । इन्ही में से एक केयर वेव पॉलीक्लीनिक भी अवैध रूप से संचालित हो रहा है जिस पर स्वास्थ्य विभाग का ध्यान केंद्रित नहीं हो रहा है। अपनी मनमानी के चलते दिन रात मरीज की भर्ती लेकर उनका इलाज किया जा रहा है लहरपुर के अंदर अस्पतालों का संचालन अवैध तरीके से इस तरह से हो रहा है जैसे कोई पान की गुमटी हर चौराहे नुक्कड़ पर सज रही हो बाहरी डॉक्टर को बुलाकर मरीज का इलाज किया जाता है अब देखना यह है कि स्वास्थ्य महकमा अवैध रूप से संचालित अस्पताल, क्लिनिक,पैथोलॉजी, के खिलाफ क्या कार्यवाही करता है ।

# सीएचसी मछरेहटा के ग्राम सेनपुर में नाइट ब्लड सर्वे अभियान का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मछरेहटा के अंतर्गत ग्राम सेनपुर में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु नाइट ब्लड सर्वे अभियान का आयोजन किया गया। यह सर्वे रात के समय किया गया, ताकि फाइलेरिया परजीवी की सही पहचान की जा सके।इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रमुख रूप से एल.टी. अविनाश कुमार, एल.टी. सर्वेश कुमार, फार्मासिस्ट विजय कुमार एवं वार्ड बॉय कम्ता प्रसाद मौजूद रहे और अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।इसके अलावा आशा कार्यकर्ता जयंती देवी, अल्पना देवी तथा संगिनी किरण देवी ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को इस सर्वे के प्रति जागरूक किया और सहयोग सुनिश्चित कराया।रात के समय लिए गए रक्त सैंपलों की जांच कर संभावित फाइलेरिया रोगियों की पहचान की गई और उन्हें समय से उपचार व परामर्श प्रदान किया गया।स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को ग्रामीणों ने सराहा और इस प्रकार के प्रयासों को स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी बताया।

# गांव–शहर में खुले अवैध अस्पताल मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़

**गरीब और अनजान मरीजों की जान से खुलेआम किया जा रहा खिलवाड़**

**फर्जी तरीके से संचालित एस. ए. पॉलीक्लीनिक पर कार्यवाही कब?**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर- खैराबाद । जिले में बिना लाइसेंस और बिना योग्य डॉक्टरों के चल रहे अवैध अस्पतालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। न स्वास्थ्य विभाग की निगरानी है, न ही स्थानीय प्रशासन की सख्ती। गरीब और अनजान मरीजों की जान से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है।

कई निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम न तो स्वास्थ्य विभाग से पंजीकृत हैं और न ही उनके पास किसी प्रकार की अनुमति है। फिर भी स्वास्थ विभाग द्वारा कोई भी




कार्यवाही नही की जाती है । ऐसे संचालित हुसैनपुरघाट कैमहारा में एस . ए . पॉलीक्लीनिक नाम से संचालित किया जा रहा है, अपनी मजबूत पकड़ के चलते कोई भी कार्यवाही स्वास्थ विभाग द्वारा नही की जा रही है। आखिर गरीब , अनजान मरीजो के साथ ये बदसलूकी क्यों कि जा रही है। तथाकथित डॉक्टर गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं। अब देखना यह है क्या कोई कार्यवाही स्वास्थ विभाग द्वारा की जाती है, या ऐसे ही अवैध हॉस्पिटल , नर्सिंग होम व पॉलीक्लीनिक धड़ल्ले से संचालित होते रहेंगे।

## अनियंत्रित वाहन की ईंट के चट्टे से टकराने से दो की मौत, दो की हालत गम्भीर

बल्दीराय/सुल्तानपुर। कूरेभार से जनपद अयोध्या के नरेंद्रभादा को जा रही बोलेरो गाड़ी धनपतगंज थानाक्षेत्र के, पीरोसरैया गांव में कूरेभार हलियापुर मार्ग के किनारे रखी ईंट के चट्टे से टकरा गई जिससे दो लोगों की मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही कर रही है। वहीं साथ में रहे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज गया। गाड़ी चालक शुभम सुत राजेन्द्र पांडे 27 वर्ष ,अरविंद सरोजपुत्र राम बहादुर सरोज कानूनगो 18 वर्ष निवासी रमभारी मौजा नरेंद्रभादा जनपद अयोध्या की मौत हो गयी। तथा राजेन्द्र पांडेय 60 वर्ष, रविंद पांडेय पुत्र राम कृष्ण 18 वर्ष की हालत गम्भीर देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है। राजेन्द्र पांडेय की हालत नाजुक है। बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है परिवार का कहना है कि लोग परदेश जा रहे राजेन्द्र पांडेय प्रतापगढ़ में गाड़ी न मिलने से घर वापस लौट रहे थे तो सवारी न होने से परिजन कूरेभार से लेकर घर लौट रहे थे कि अचानक गाड़ी के ईंटा के चट्टे से टकरा जाने से हादसा हो गया।

## वरिष्ठ पत्रकार की सक्रमणीय भूमि पर दबंग कर रहे अवैध कब्जा



मछरेहटा, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मछरेहटा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पेरियाकोडर निवासी वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र श्रीवास्तव आदि की पैतृक सक्रमणीय भूमि पिता व ताऊ के द्वारा विपक्षी गणों को बटाई पर दी थी पिछले पांच वर्षों से बटाई का अनाज भी,कुछ होता नही है यह कहकर नहीं दिया इसके साथ यूकेलिप्टस के पेड़ो को भी कई बार कटवा लिया जब कहा गया तो लड़ाई करने पर अमादा हो गए विगत 10 मई को थाना दिवस में भूमिधर के द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल रामकुमार मौके चिन्हांकित कर रहे थे इतने में विपक्षी दिनेश पुत्र पतिराखन , रामसहाय पुत्र पतिराखन, छोटकन्ने पुत्र भूधर, राकेश कुमार पुत्र पतिराखन आदि गाली गलौज करने लगे लड़ाई पर अमादा हो गए पत्रकार द्वारा डायल 112 पर था थाना प्रभारी मछरेहटा को सूचना दी जब पुलिस पहुंची तब मामला शांत हुआ आए दिन हरिजन एक्ट लगाने की धमकी देते रहते है। बताते चले विपक्षी गण क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव का अपना रिश्तेदार बताकर धमकाते है और कहते है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता जिसके कारण पत्रकार परिजनों के साथ गांव में ही निवास करता है,डरा हुआ है। जिससे पत्रकार ने जिलाधिकारी सीतापुर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा व न्याय की गुहार लगाई है।

## शिव मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा

खैराबाद (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला सुजावलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में शनिवार को एक दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह व भक्ति के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा विधिवत पूजा–पाठ व मंत्रोच्चारण के साथ की गई। उन्होंने भगवान शिव की आराधना करते हुए नगर में सुख–समृद्धि व शांति की कामना की। इस पावन अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में श्रीरामचरितमानस का पाठ करते हुए भक्तिभाव में डूबकर प्रभु श्रीराम व बजरंग बली हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात हनुमान जी की विशेष पूजा–अर्चना कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन उमड़े। भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक भोजन परोसा गया, जिसमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में आयोजकों की मेहनत एवं नगरवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय भूमिका रही। जिन में प्रमुख रूप से रवि जायसवाल, जयमल सिंह, श्याम प्रकाश शुक्ला, रामसेवक कनौजिया, सौरभ, मनीष कुमार धुरिया, अंकित मिश्रा, गौरव अग्रवाल, शुभम जायसवाल, शुभ जायसवाल, गीता जायसवाल, धर्मेंद्र मौर्य, सरवन सैनी सहित अन्य अनेक श्रद्धालु एवं नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## अपराध नियंत्रण को लेकर बिसवां पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 वारंटी अपराधी गिरफ्तार

सांडा/सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद सीतापुर में नवागत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के सख्त निर्देशों के तहत अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। इसी क्रम में थाना कोतवाली बिसवां पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित 10 वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## श्री बाला जी इण्टरप्राइजेज फर्म से पुस्तकालय के नाम पर ग्राम प्रधान सुनीता देवी व सचिव ने निकाले 1,42,500 रुपए

मछरेहटा–सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड मछरेहटा के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत निघुवामऊ जालसाजी और भ्रष्टाचार से युक्त कार्यों एवं राजकीय धन को लूट के लिए जालसाजी एवं भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पर शोभायमान हो रही है। ग्राम पंचायतों मे मनरेगा मे फर्जी हाजिरी दिखा कर राज्य और केन्द्र सरकार से जालसाजी से राजकीय धन निकाल कर ग्राम प्रधान,सचिव और स्वतंत्र प्रभार के लोगों का भरण–पोषण होना एक आम बात है।

# शिक्षा की नवज्योति के लिए हुआ भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। फिरोजपुर मछरेहटा में आर जे जे एजुकेशन पॉइंट की नवीन शाखा आर जे जे इंटर कॉलेज (CBSC बोर्ड) का भूमि पूजन और शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राकेश राठौर गुरु नगर विकास राज्य मंत्री, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री रामकृष्ण भार्गव और विशिष्ट अतिथि के रूप में ही खैराबाद नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि श्री अभिषेक गुप्ता बबलू जी के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री शिव प्रताप सिंह ''गंपू जी'' भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंध तंत्र की ओर से संस्थापक श्री जगदीश जयसवाल, प्रबंधक श्री कुलदीप जयसवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम जयसवाल जी ,उप प्रधानाचार्या श्रीमती अरुणिमा श्रीवास्तव, मुकेश जयसवाल, निलय मिश्रा, रागिनी सक्सेना, तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अतिथियों ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विद्यालय ग्रामीण अंचल में शिक्षा के शिखर पर पहुंचने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में भूमि पूजन, शिलान्यास,वृक्षारोपण कन्या भोज और भंडारा आदि प्रमुख रहे।

# मनरेगा में घोटाले की परतें उधड़ीं, फर्जी हाजिरी और भुगतान का खेल उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर(ब्यूरो) । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत चल रहे कार्यों में भारी भ्रष्टाचार की बात सामने आई है। ब्लॉक मछरेहटा के अंतर्गत आने वाले कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा फंड का दुरुपयोग और फर्जी हाजिरी दिखाकर भुगतान किए जाने का गंभीर मामला उजागर हुआ है। स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों की मानें तो ग्राम पंचायत सिरसेंडी और आसपास के इलाकों में जमीनी स्तर पर कार्य न करवाकर केवल कागजों में काम पूरा दिखा दिया गया। कई मजदूरों के नाम पर बिना काम किए भुगतान हो गया, जबकि वास्तविक लाभार्थियों को रोजगार




तक नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि जो लोग प्रधान के खास है, उनको लगातार काम दिया जा रहा है। जबकि हम लोगो काम की जानकारी तक नही दी जाती है। मनरेगा के तहत लाखों-की राशि का जमकर प्रधान , सचिव व रोजगार द्वारा बंदरबांट किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर पर बैठे अधिनस्त न तो जांच करना उचित समझते है ना ही कोई भी कार्यवाही। न पंचायत सचिवों की जवाबदेही तय हुई, न ही तकनीकी सहायकों पर कोई कार्रवाई। मनरेगा जैसी जन-कल्याणकारी योजना को पंगु बनाना न केवल भ्रष्टाचार है, बल्कि गरीबों के अधिकारों का खुला शोषण है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितना प्रभावी कदम उठाता है।

# 05 जोड़े पति पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर महिला थाने से सुलह समझौते से विदा होकर गये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 08 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके टूटने के कगार पर पहुंचें सम्बन्धों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया है म्बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर



उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 08 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, साथ ऐसे में मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है म सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला आरक्षी सीता महिला आरक्षी सारिका चौहान , महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है ।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी खुशी के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। शनिवार को ईद-उल-जुहा पर्व पर कस्बा स्थित ईदगाह में ईमाम हाफिज तजकीर ने सुबह ठीक 7:45 बजे ईद-उल-जुहा की नमाज पढ़ाई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बकरीद का त्योहार बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जहांगीराबाद सहित आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जहांगीराबाद ईदगाह पहुंच कर नमाज अदा की जिनमें नौजवान, बुड्ढे और बच्चे शामिल थे।

इसके बाद देर रात तक एक दूसरों के घरों में जाकर ईद-उल-फित्र पर्व की बधाइयां देने और सिवइयां, मिठाइयां सहित अन्य पकवान खाने का क्रम चलता रहा। इस अवसर पर चौराहे पर मेला भी लगा जिसमें लोगों ने मिठाइयां खरीदीं और बच्चों ने झूले का आनन्द लिया। बाद में पूरे दिन जगह जगह कुर्बानी की रस्में अदा की गयीं। जहांगीराबाद सहित

**बड़ी ही अकीदत और एहतराम के साथ पढ़ी गयी ईद–उल–जुहा की नमाज।**

**हाफिज तज़कीर ने जहांगीराबाद ईदगाह में पढ़ाई बकरीद की नमाज़**

आसपास के पूरे क्षेत्र धामीसरांय, बसुदहा व कोठार आदि जगहों पर भी बकरीद का त्यौहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शान्ति पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर भारी पुलिस बल के साथ थाना सदरपुर की पुलिस चौकी देबियापुर के प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह के साथ नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव भी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव भी मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से इस बार चप्पे चप्पे पर पुलिस की? नजर रही।

# चचेरा नाना ही निकला अपने नाती का हत्यारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज,रायबरेली। विगत 5 दिन पूर्व दिन दहाड़े फावड़े से काटकर की गई किसान की निर्मम हत्या के मामले में आखिरकार चचेरा नाना ही निकला मृतक का हत्यारा। कोतवाली पुलिस की सक्रियता के चलते बीती रात कड़ी मशक्कत के बाद अभियुक्त राम मनोहर को आला कत्ल के साथ कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

बताते चले की 3 जून को दिन में लगभग 10 बजे अपने खेत में काम कर रहे किसान तेज बहादुर उम्र 42 वर्ष की काम करते समय चचेरे नाना राम मनोहर ने नशे में धुत होकर फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस की नजर से अभियुक्त फरार हो गया परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ आनन-फानन मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी। जिसको संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने अपने कुशल नेतृत्व के चलते कोतवाली पुलिस को सख्त हिदायत देते हुए जल्द ही हत्या के खुलासे की बात कही थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव व विवेचक एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने अपने कुशल नेतृत्व व कुशल कार्य क्षमता व कार्य दक्षता को दर्शाते हुएआनन-फानन दबिश देकर लोगों से पूछताछ करते रहे और तीन दिन बाद ही जैसे ही कोतवाली पुलिस को यह पता लगी की हत्यारा कोई और नहीं बल्कि मृतक तेज बहादुर का चचेरा नाना राम मनोहर ही है। बीती रात मुखबिर खास की सूचना पर कल 7 जून को महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरासी मोड़ से धर दबोचा और कोतवाली लाया गया। जिसमें पूछताछ के दौरान राम मनोहर ने कबूल किया कि विगत कुछ माह पहले उसकी बेटी की शादी थी शादी तुड़वाने के लिए बेटी को बदनाम करने का प्रयास किया गया और शादी टूटते टूटते बची जिस बात को लेकर मृतक व हत्यारे के परिवार के बीच आपसी तनाव आए दिन बना रहता था और आखिरकार राम मनोहर ने 03 जून को इस पुरानी रंजिश को लेकर खेत में काम करने गए तेज बहादुर को मौत के घाट उतार दिया यह बात पूछताछ के दौरान राम मनोहर ने कबूल की।

### क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र के नेतृत्व में सफल अनावरण

महराजगंज,रायबरेली। 42 वर्षीय किसान की की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल को इस हत्या के खुलासे की बागडोर सौंपी थी। जिसको बखूबी निर्वहन करते हुए क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव व विवेचक देवेंद्र सिंह भदौरिया द्वारा किए गए खुलासे ने यह साबित कर दिया है, कि कोतवाली पुलिस ने सही आरोपी को जेल भेजा है और ऐसे जघन्य अपराध में अपनी कार्य क्षमता व कार्य दक्षता को दर्शाते हुए कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### एसपी रहे मौजूद

जिले पर स्थित पुलिस सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार की मौजूदगी में हत्या का अनावरण किया गया। जिस पर हत्या अभियुक्त राम मनोहर ने उपस्थित मीडिया कर्मियों के सामने कबूल किया कि नशे में धुत होकर दिन में लगभग 10 बजे इस घटना को अंजाम दिया है और पुरानी रंजिश के चलते ऐसा काम करने को मैं मजबूर हुआ। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया, एस आई सुनील सिंह चौहान, एस आई रोहित कुमार, आरक्षी ज्ञानेंद्र तिवारी, आरक्षी कुंदन यादव, आरक्षी पिंटू यादव, आरक्षी गौरव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## स्टेट बैंक के बगल में बजरंगबली और शनिदेव की पूजा पाठ करके शुरू किया गया भण्डारा



**महाराजगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी जेष्ठ माह के पावन पर्व पर विशाल भण्डारे का आयोजन निकट चंद्रपुर चौराह रायबरेली रोड स्टेट बैंक के बगल में विधवत बजरंगबली और शनिदेव की पूजा पाठ करके भण्डारा शुरू किया गया। भण्डारे का आयोजन अनिल मोदनवाल के द्वारा पूड़ी सब्जी चोला चावल व बूंदी प्रसाद में वितरण किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर लव मोदनवाल कुश मोदनवाल शिवप्रकाश मोदनवाल गरिमा मोदनवाल ओम प्रकाश मोदनवाल शशांक मोदनवाल अंकुर जायसवाल आकाश यादव विकाश लोधी रोहित मिश्रा अरविन्द लोधी घनश्याम चौरसिया कल्लू यादव रवि दुर्गेश गुप्ता आदि सहयोगी गढ़ प्रसाद वितरण में मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**नसीराबाद,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत का मामला प्रकाश में आया है।परैया नमकसार निवासी भीम शंकर मौर्य की शादी बारह वर्ष पहले सुनीता निवासिनी कुम्भी आईमा, थाना उदय पुर जिला प्रतापगढ़ से हुई थी। जहां रविवार की सुबह लगभग 6 बजे विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर बांस में गमछा बांधकर फांसी लगा ली। काफी देर बीत जाने हो जाने पर दरवाजा बंद रहा तो घर के सदस्यों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो दरवाजा अंदर से बंद था। घरवालों नें किसी तरह से दरवाजा खोला तो देखा कि बांस से गमछा से सहारे लटकर युवती ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।मृतका अपने पीछे बेटा अंश (11) वर्ष और बेटी आंशी (6) वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। मृतका का पति भीम शंकर जो कि लुधियाना शहर में रहता था। बीते 25 अप्रैल को घर आया था। सूत्रों की माने तो घटना की शाम को पत्नी सुनीता से शहर से घर आने पर कहा सुनी हुई थी। भीम शंकर ने ससुराल वालों को सुबह घर पर बुलाया था। लेकिन सुनीता के माता पिता के आने से पहले ही अनहोनी हो गई। समाचार लिखे जाने तक शव का दाह संस्कार नही हो सका । वहीं लोगों में चर्चा है कि सुलह समझौते की बात चल रही है।

# पेट्रोल–डीजल के नौ ड्रम बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



औरास उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में पेट्रोल और डीजल लंबे अरसे से बिक रहा था जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेट्रोल डीजल के छोटे 9 ड्रम बरामद किए हैं फूड इंस्पेक्टर स्थानीय थाना पहुंचकर जांचोपरांत रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंप दिया है।

औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत अदौरा गांव निवासी नूर हसन पुत्र हमीद काफी लंबे अरसे से डीजल पेट्रोल का गोरख धंधा चल रहा था जिसका बाहर से कच्चा माल लाने के बाद तैयार डीजल पेट्रोल को मार्केट में कम रेट पर बेचता था। जिससे उसका धंधा फल फूल रहा था पति-पत्नी की लड़ाई हुई और पत्नी के द्वारा 112 डायल पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस को अपनी बात बता रही थी और बात न बनने पर उसने बताया कि पति के द्वारा डीजल पेट्रोल गलत तरीके से बचा जा रहा है सूचना धीरे-धीरे उच्च अधिकारियों को भनक लगी इसके पश्चात उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी की जिसमें भारी मात्रा में डीजल पेट्रोल बरामद किया गया है जिसमें पेट्रोल लगभग 300 लीटर व डीजल 190 लीटर बरामद कर लिया है मौके पर पहुंचे फूड इंस्पेक्टर दिनेश यादव के द्वारा थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई थाना प्रभारी में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत विधिक करवाई अमल में लाई जा रही है। पेट्रोल और डीजल के पकड़े जाने के संबंध में उप जिलाधिकारी प्रज्ञा पांडे से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जांच करके विक्रेता के विरुद्ध स्थानीय थाने में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से किया सीधा संवाद

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिक तकनीकी कृषक जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। नरूला नगर, कमलापुर,और बुढ़ानपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत तीन गांव के महिल एवं पुरुष समस्त किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिकों ने किया सीधा संवाद। वहीं इस बुढ़ानपुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सफीपुर क्षेत्रीय बीजेपी विधायक बम्बा लाल दिवाकर जी जहां उनका बुढ़ानपुर ग्राम प्रधान व कोटेदार सहित मियागंज ब्लॉक के कृषि विभाग के समस्त कृषि कर्मचारियों ने मिलकर पुष्प मालाओं से माल्यार्पण कर जमकर स्वागत सम्मान किया। तो वहीं बीजेपी विधायक ने बुढ़ानपुर गाँव के सभी किसानों को वैज्ञानिक तकनीकी से कृत्रिम खेती करने को कहा बोले हमारे साथ में कृषि वैज्ञानिक और कृषि कर्मचारियों के मार्ग दर्शन की सलाह से खेती करें। जिससे आपकी फसल की उपज में वृद्धि होगी और बाजार




में बिक्री के दाम भी सही से मिलेंगे। वहीं उन्नाव उप कृषि निर्देशक रविचंद्र प्रकाश ने कृषकों को जैविक खेती करने की जानकारी दी। तो वहीं डॉ आलोक कुमार गुप्ता ने किसानों को आम की वैज्ञानिक खेती करने एवं फल पुरस्करण के बारे में जानकारी दी।तो वहीं डॉ उमाकांत कुशवाहा ने आम की नई उन्नति प्रजातियों की जानकारी दी। वही डॉ के .एन तिवारी ने रसायनिक उर्वरक के बारे में किसानों को जानकारी दी। तो वहीं इस किसान जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम के आयोजन में ब्लॉक मियागंज के कृषि विभाग के समस्त कृषि कर्मचारियों का संपूर्ण सहयोग रहा। जिसमें इस किसान गोष्ठी कार्यक्रम का संचालन कृषि बीज भंडार प्रभारी राम किशोर वर्मा जी, कृषि बीटीएम नौरेंद्र नारायण द्विवेदी, अरविंद कुमार, विजय भान सिंह, वरुण कुमार, रणबीर सिंह,राकेश कुमार ,वंशी सिंह ग्राम प्रधान चन्द्र प्रकाश, सहित ग्राम कोटेदार जी का अति सराहनीय कार्य रहा। और सभी लोग उपस्थित भी रहे।

# देवरिया में बकरीद के त्योहार पर बकरे की जगह वृद्ध ने स्वंय दी कुर्बानी

एजेंसी

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के उधोपुर गांव में बकरीद त्यौहार के अवसर पर एक वृद्ध ने नमाज के बाद चाकू से गला काट कर स्वयं कुर्बानी दे दी। गला कटने के बाद वह छटपटाता रहा । परिजन झोपड़ी में पहुंचे तो छटपटाता देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ईश मोहम्मद को ले कर गौरी बाजार स्वास्थ्य केंद्र पहुंची ।जहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। पुलिस मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले कर गई, जहां उसकी मौत हो गई । मौत की सूचना से घर में कोहराम मच गया। अपनी कुर्बानी से पहले उन्होंने प्रधान और प्रशासन के नाम पत्र भी लिखा है।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि गौरी बाजार थाना क्षेत्र के उदयपुर के रहने वाले ईश मोहम्मद अंसारी ( 60 ) पुत्र स्व . मोहम्मद बरसाती गांव में आटा चक्की चलाकर परिवार का भरन पोषण करते थे ।



उन्होंने बताया कि शनिवार को बकरीद त्यौहार के अवसर पर उन्होंने सुबह अपनी झोपड़ी में जानवर काटने वाली चाकू से अपना गला रेत लिया । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । वह झोपड़ी में काफी देर तक छटपटाते रहें । कुछ देर बाद परिवार के लोग ईश मोहम्मद को देख कर पुलिस को सूचना दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवार के सहयोग से उन्हें गौरी बाजार स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई । घटना के बाद से ही गांव में पुलिस बल तैनात हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि यूपी 112 पर कालर द्वारा सूचना दी गयी कि थाना गौरीबाजार के एक व्यक्ति ने अपना गला काट लिया है इस सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची एवं घायल ईश मोहम्मद अंसारी उम्र 60 वर्ष को एम्बुलेन्स द्वारा उपचार हेतु मेडिकल कालेज देवरिया भेजा गया । पुनः उनकी स्थिति गम्भीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिये बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कराया गया । उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी । मृतक ने अपनी कुर्बानी देने से पहले प्रधान एवं प्रशासन के नाम एक सुसाइड नोट लिखा जिसमें उन्होंने जिक्र किया है कि बकरा को इतने अच्छे से पाला पोसा जाता है और उसकी कुर्बानी दे दी जाती है। ऐसे में मैं खुद अपनी कुर्बानी अल्लाह के नाम से कर रहा हूं। आगे बताया कि नियमानुसार पीएम एवं पंचायनामा की कार्यवाही की गई है। साक्ष्य से भी प्रथम दृष्टया स्वंय द्वारा गला काटने की बात की पुष्टि हुई है । इस सन्दर्भ में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है ।

# प्रत्येक विस क्षेत्र में एक–एक पंचायत उत्सव भवन का होगा निर्माण

एजेंसी

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में शासन ने पहली मर्तवा ग्रामीणों को धार्मिक कार्यक्रम कराने के लिये प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक करोड़ इकलातिल लाख की लागत से एक-एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जायेगा, इसके लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर लिया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी(डीपीआरओ) जितेंद्र मिश्रा ने रविवार को बताया कि गांवों में ग्रामीणों को धार्मिक कार्यक्रम में करने में काफी समस्याओं का सामना करना पडता था इसलिये शासन ने प्रदेश में हरेक विधानसभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराने का फैसला लिया है। इसकी लागत एक करोड 14 लाख रुपये की होगी। भवन निर्माण के लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है जिसमे सीडीओ,एडीएम,एएमए,लोनिवि के एक्शियन,विद्युत एक्शियन को सदस्य नामित किया गया है। शासन ने कहा है कि जहा पर अन्नपूर्णा भवन बने हुये है वहा पर पंचायत उत्सव भवन वनाने में प्राथमिकता दी जायेगी।

हालाकि जिले में 74 अन्नपूर्णा भवन निर्मित कराये जा चुके है। उत्सव भवन के लिये ग्राम पंचायत से तीन हजार वर्गमीटर भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा इसमे तीन कमरो के अलावा सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जायेगी ताकि किसी भी गरीब व्यक्ति को शादी विवाह मुंडन बर्थडे व अन्य कोई कार्यक्रम करने में कोई परेशानी न होने पाये। उत्सव भवन के लिये लोनिवि आगणन तैयार कर शासन को भेजेगा। लागत सत्तर फीसदी पहली किश्त कार्यदायी संस्था को दी जायेगी। पंचायत उत्सव भवन जिला पंचायत राज विभाग की देखरेख में बनाये जायेगे हर माह ग्राम पंचायत अधिकारी इसकी रिपोर्ट शासन को भेजेगा। यही नहीं समय समय पर शासन स्तर से भवन की मानीटरिग भी करायी जायेगी। हालाकि विधान सभा क्षेत्र में एक ही बनना है इसलिये किस गांव में बनाया जायेगा इसके लिये प्रशासन विचार विमर्श कर रहा है शासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायत उत्सव भवन बनने में कोई विवाद नही होना चाहिये,भवन से आसपास के ज्यादासे ज्यादा गांवों के लोगो को लाभ मिले इसके लिये ऐसे स्थान का चयन किया जायेगा। डीपीआरओ ने बताया कि उत्सव भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम सभा की होगी इसकी अनुरक्षण कार्य भी ग्राम सभा करेगी।

# पर्यटन मंत्री सिंह ने किया कल्याण मंडपम का लोकार्पण

एजेंसी



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह ने नगर पंचायत क्षेत्र मक्खनपुर में जनहित में नवनिर्मित कल्याण मंडपम का लोकार्पण करते हुए कहा प्रदेश सरकार निर्धन और आसहाय गरीबों के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करने लिए पूरी तरह संकल्पित है।

मक्खनपुर नगर पंचायत में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री द्वारा प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 3,25 करोड रुपए की लागत से तैयार कल्याण मंडपम का विधिवत लोकार्पण रविवार को किया गया ।?इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा शासन के द्वारा गरीबों और असहायों को विवाह शादी आदि सामाजिक कार्यों में प्रयोग के लिए नगर पंचायत स्तर पर कल्याण मंडपम आधुनिक सुविधाओ से युक्त बनवाए जा रहे हैं उसी क्रम में आज फिरोजाबाद जनपद के प्रथम कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया गया है।

उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि गरीबों और निम्न वर्ग के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उन्हें दिया जाए। कल्याण कल्याण मंडपम में गरीब निम्न वर्ग के लोग भी न्यूनतम खर्च पर अपने आयोजन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री द्वारा नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो को नियुक्ति प्रमाण पत्र देते हुए उनसे अपेक्षा की गई कि वह अपना कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करते हुए समाज की सेवा करेंगी। इसके अलावा मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना आदि लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र चाबी आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रमेश रंजन और मुख्य विकास अधिकारी शत्रुघ्न वैश्य अन्य अधिकारियों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह आदि लोग भी मौजूद रहे।

## जलशक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा प्रकाशित नमामि गंगे परियोजना का संपूर्ण विवरण दर्शाती पत्रिका का वितरण

# गंगा द्वार पर नमामि गंगे की उपलब्धियां बताकर कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

एजेंसी

वाराणसी। स्वच्छ गंगा के लिए लोगों को भागीदार बनाने के उद्देश्य से रविवार को नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने जागरूकता अभियान गंगा घाटों पर चलाया। परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों के संपूर्ण विवरण को दर्शाती जलशक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ मिशन द्वारा प्रकाशित 'नमामि गंगे' पत्रिका का वितरण भी श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर किया गया ।

नमामि गंगे के स्वयंसेवी सदस्यों ने काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के संयोजन में पत्रिका वितरण के पूर्व अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा समिति एवं नव सृजन फाउंडेशन के सदस्यों के सहयोग से गंगा द्वार ललिता घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। '' सबका साथ हो - गंगा साफ




हो'' का संकल्प दोहराते हुए लोगों से गंगा किनारे की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की ।

गंगाद्वार ललिता घाट के सामने पड़ी गंदगी को समेट कर नगर निगम के सुपुर्द किया गया। इस दौरान राजेश शुक्ला ने कहा कि जल क्षेत्र में सफलता के लिए सहयोग, समन्?वय और संचार महत्?वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा प्रकाशित यह पत्रिका जल संरक्षण को प्रोत्?साहित करने के लिए उचित मंच प्रदान करती है । जन भागीदारी सुनिश्चित करके हम गंगा की निर्मलता के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा समिति की अध्यक्ष नीलिमा राय ने कहा कि जल संरक्षण में भागीदार होना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। नवसृजन फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति जायसवाल ने कहा कि हमारी आने वाली पीढियां को स्वच्छ और अनुकूल पर्यावरण मिले इसके लिए समग्र प्रयास जरूरी है। आयोजन में प्रकाश सिंह, आयुष्मान सिंह, शाश्वत सिंह, आशीष राय, आयुषी अग्रवाल, अमृता गुप्ता , काजल सिंह, आदित्य अग्रवाल, नयन गुप्ता, सोनाली, शगुन, मैरी, रौनक आदि ने भागीदारी की।

# जोश व खरोश के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व, गले मिल दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। ईद उल अज़हा का त्यौहार पूरे जिले में बड़े ही जोश व खरोश के साथ मनाया गया। लाखों मुस्लिम समुदाय के लोगों नें ईदगाह व मसाज़िद में पहुंचकर दो रकात नमाज़ अदा क़र अपने रब का शुक्र अदा किया और देश की समृद्धि, विकास एकता शांति और भाईचारे की मजबूती के लिये दुआएं मांगी। पूरे जिले में ईद उल अज़हा की नमाज़ बहुत ही शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गईं सुबह ध6 बजे सें ही लोग नमाज़ अदा करने के लिये मस्जिद और ईदगाह पहुंचना शुरू हों गये थे ईद उल अज़हा की नमाज़ को देखते हुए शांति व्यवस्था हेतु ईदगाह व मस्जिद को जाने वाले सभी रास्तों,चौक चौराहो पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गईं थी । मरकजी ईदगाह सालारगंज में ईद उल अज़हा की नमाज़ के मौक़ेपर इमाम ए ईदेन मौलाना वलीउल्ला मज़ाहिरी नें देश की खुशहाली, विकास, अमन व चैन शांति और भाईचारे की दुआये मांगी उन्होंने सख्त अल्फ़ाज़ो में लोगों सें प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी सें लोगों सें दूरी बनाये रखने की अपील की और बकरा, बकरी, भैंस, भेड़ दुंबे की क़ुरबानी पर जोर देते हुए कहा कि क़ोई ऐसा क़ाम ना करें जिससे किसी अपने हम वतन भाई को तकलीफ पहुंचे उन्होंने कुर्बानी के समय साफ सफाई बनाये रखने पर जोर दिया और कहा कि कुर्बानी के जानवर की अलाइस वग़ैरा इधर उधर कतई ना फेंके बल्कि एक गड्डा खोद क़र उसमें गाड़ दें जिससे गंदगी ना फैले। लम्बी बीमारी के बावजूद मौलाना अपने बेटे के साथ ईदगाह पहुंचे और उन्होंने ही खुतबा भी सुनाया खडे ना रह पाने के कारण ईद उल अज़हा की नमाज़ उनके बेटे हाफ़िज़ हबीबउल्ला नें पढ़ाई । ईदगाह सालारगंज के बाहर हमेशा की तरह इस वर्ष भी नगरपालिका परिषद द्वारा कैम्प लगाया गया था जहां अपर पुलिस अधीक्षक नगर नगर मजिस्ट्रेट पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका थाना प्रभारी नगर कोतवाली, प्रभारी थाना दरगाह शरीफ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे और लोगों को ईद की बधाई दी। नुरुद्दीन चक ईदगाह दरगाह शरीफ में मौलाना अरशदुल कादरी की इक्तिदा में नमाज़ ईद उल अज़हा अदा की गईं जिसमे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसी के साथ जामा मस्जिद क़ाज़ी पुरा, नानपारा मस्जिद चौक, खस्यारी मस्जिद सालार गंज, छोटी तकिया, बड़ी तकिया, मकबरा अलावल खान बड़ीहाट, हबीब उल्ला मस्जिद बड़ी हाट, चाँद मस्जिद मेवाती पुरा, काली मस्जिद नाज़िर पुरा, सौदागर मस्जिद नाज़िर पुरा, सलमा मस्जिद नाज़िर पुरा, ताज मस्जिद महोली पुरा, मस्जिद हजरत अमीर माह नानपारा रोड, मोती मस्जिद कचेहरीरोड , साहू मस्जिद, बंबईया मस्जिद खत्री पुरा समेत दर्जनों अन्य मसाज़िद में भी नमाज़ अदा की गईं। इस मौक़े पर मुत्वल्ली ईदगाह इशरत महमूद नें ईद उल अज़हा के अवसर पर शांति व्यवस्था साफ सफाई पानी आदि की बेहतर व्यवस्था के लिये जिला व पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष क्षेत्रीय सभासद और कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# खुटहन एपीएचसी का होगा सुदृढ़ीकरण,शाहपुर और सिविल लाइन यूपीएचसी बनेगी डिजिटल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने रविवार को जिले चार मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान खुटहन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) पर उन्होंने सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये, जबकि शाहपुर और सिविल लाइन नगरीय स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) की पूरी व्यवस्था को डिजिटल बनाने के बारे में चर्चा की। सीएमओ ने बताया कि सभी स्थानों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का संचालन बेहतर तरीके से होता मिला। जटेपुर यूपीएचसी पर चिकित्सा अधिकारी और लैब टेक्निशियन निरीक्षण के दौरान मौजूद नहीं थे। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ झा सबसे पहले खुटहन एपीएचसी पहुंचे। वहां मेले में पर्याप्त भीड़ थी। स्वास्थ्य विभाग के अलावा वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी जनजागरूकता संबंधी स्टॉल लगा रखे थे। सीएमओ ने मेले के साथ साथ एपीएचसी को भी देखा। मौके पर मौजूद जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष और क्षेत्र पंचायत सदस्य रामानंद यादव ने एपीएचसी की सेवाओं की प्रशंसा की और इसके विकास में सभी आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। सीएमओ ने संबंधित अधिकारीगण को एपीएचसी के सुदृढ़ीकरण का निर्देश दिया। इस अवसर पर चरगांवा ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ धनंजय कुशवाहा और एपीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार भी मौजूद रहे। सिविल लाइन, शाहपुर और जटेपुर यूपीएचसी के भ्रमण के दौरान सीएमओ ने कोल्ड चेन की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की क्रियाशीलता और स्टॉफ की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के बारे में समुदाय में अधिकाधिक प्रचार प्रसार हो। लोगों को बताया जाए कि मेले में बुखार की जांच, इलाज, मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, गर्भावस्था संबंधी जांचें, परिवार नियोजन सेवाएं व अन्य सभी प्राथमिक सेवाएं और परामर्श उपलब्ध है। मेले में जांच के लिए आने वाली गर्भवती 102 नंबर एम्बुलेंस सेवा का इस्तेमाल करें। यह एम्बुलेंस उन्हें मेले तक लाएंगी और वापस घर पर भी छोड़ेंगी। मेले में आने वाले मरीजों को परामर्श व जांच के साथ आवश्यक दवाएं भी अवश्य दें। विशेषज्ञ हस्तक्षेप की आवश्यकता पर मरीजों को आवश्यकतानुसार जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और एम्स गोरखपुर में अवश्य रेफर करें। इस अवसर पर डिप्टी आरटीपीएमयू डॉ एनके द्विवेदी भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों की प्रतिभा को मिले पंख, समर कैंप बना उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। राजकीय इंटर कॉलेज, लखैयाकलां में 21 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप प्रतिदिन 7 बजे से 10 बजे तक छात्र-छात्राओं के लिए संचालित किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों की सहभागिता अत्यंत उत्साहजनक रही। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के वंदन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सृजनात्मकता और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहन देना है। शिविर में भाग ले रहे छात्र विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें गायन, नृत्य, अभिनय, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, योगाभ्यास, चित्रकला, सुलेख, कविता लेखन, पर्यावरण संरक्षण, देश प्रेम और ह्युमैनिटी जैसे विषयों से संबंधित क्रियाएं सम्मिलित हैं। यह शिविर बच्चों को रचनात्मक रूप से सक्रिय रखने और उनकी छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। शिविर के दौरान चित्रकला, किचेन, गार्डे निंग, वृक्षारोपण, कैरीबैग निर्माण, पेंटिंग, पाक कला, पर्यावरण जागरूकता, देश प्रेम आदि गतिविधियों कराई जा रही है। हिंदी प्रवक्ता डॉ. सोनेलाल एवं अंग्रेज़ी प्रवक्ता अरुण कुमार तथा जीव विधान प्रवक्ता पंकज कुमार पांडे इस शिविर में विशेष योगदान दे रहे हैं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह समर कैंप आगामी दिनों तक इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ चलता रहेगा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा।

# कैसरगंज जामा मस्जिद पर ईद उल अजहा की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की मांगी दुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**नमाज में त्यौहार शांत पूर्वक संपन्न : रवि खोखर पुलिस क्षेत्राधिकारी**

कैसरगंज । कैसरगंज कस्बे के जामा मस्जिद पर ईद उल अजहा बकरीद के त्यौहार को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद पर पहुंचकर नमाज अदा किया। उसके बाद देश में अमन चैन की दुआ मांगी, वही एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा बकरीद की त्यौहार की शुभकामनाएं दिया है। कैसरगंज कस्बे में मुख्यालय पर स्थित जामा मस्जिद में शनिवार की सुबह ईद उल अजहा बकरीद की नमाज हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने अदा किया, और देश में अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकार कैसरगंज रवि खोखर ने बताया कि तहसील कैसरगंज व ग्रामांचल के सटे गांव नौगोइया, ऐनी, बादेपुर, पबना, वेरी, वैरी कोटवा, कटका, कडसर, बरखुरद्दारा, कसेहरी, देवलखा, बढ़ौली, कन्दैला, कोठारी, मीरपुर आदि दर्जनों गांवो की अधिकांश मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद के बाहर निकले और एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दिया है। पुलिस ईद उल अजहा बकरीद त्योहार के मनाए जाने, सुरक्षा एवं शांति को लेकर पूरी तत्परता से मुस्तैद रही, त्योहारों को सफलता से बनाने में कैसरगंज क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों समाजसेवियों का विशेष सहयोग भी मिला।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली सोनू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सयूब अली, समाजसेवी मौलाना खालिद, समसुद्दीन समाजवादी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नेता, मोहम्मद शरीफ कुडौनी, ठेकेदार बकाउल्लाह, साजू हसन, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंसूब अली, इशराक अहमद चंदू, जामा मस्जिद सदर डा.अब्दुल कवी खान, समाजवादी नेता फरीद अहमद अंसारी, फुरकान अहमद अंसारी, निजामखान, नब्बन अली ऐनी, असद खान, समद खान, मुफीद अहमद कोनारी, राजिम अहमद पत्रकार एवं सभासदों अनेक गणमान्य के द्वारा मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दिया है। इस मौके पर उप जिला अधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, थाना प्रभारी कैसरगंज सुरेंद्र कुमार शर्मा आदि सहित भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल मौजूद रहा।

# गोरखपुर-वाराणसी हाईवे 24 पर बेलीपार के महोव गांव के पास कार सवार बदमाशों ने हिस्ट्रीशीटर को दौड़ाकर मारी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलीपार, गोरखपुर। गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर बेलीपार के महोव गांव के पास शनिवार को कार सवार बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। युवक की पहचान भरवलिया के रहने वाले दिनेश निषाद के रूप में हुई है। वह बेलीपार थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची बेलीपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। बेलीपार थाना क्षेत्र भरवल गांव के रहने वाला दिनेश निषाद प्रापर्टी डीलिंग का काम करता था। नौसढ़ में उसने किराए का कमरा भी लिया था। शनिवार की दोपहर दो बजे गांव के रहने वाले संजय निषाद के साथ बाइक से वह झोले में आम लेकर घर जा रहा था। बाघागाड़ा से जैसे ही आगे बढ़ा सफ़ेद कार में सवार पांच लोगों ने पीछा शुरू कर दी। संदेह होने पर उसने बाइक चला रहे संजय से रफ्तार बढ़ाने को कहा तो कार सवार ने पीछा करने के साथ ही फायरिंग शुरू कर दी। महोब गांव के पास बाइक में कार से धक्का मारकर गिरा दिया। बाइक चला रहा संजय जान बचाने के लिए हाईवे पर दूसरी तरफ भागा वहीं दिनेश निषाद मिट्टी खनन के गड्ढे की ओर भागा तो उसका पीछा करते हुए कार से आए युवकों ने 100 मीटर दूर घेर लिया। पिटाई करने के बाद सिर में पिस्टल सटाकर गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वारदात के बाद असलहा लहराते हुए सभी हत्यारोपित फरार हो गए। राहगीरों के सूचना देने पर बेलीपार पुलिस मौके पर पहुंची तो बाइक के पास एक पिस्टल मिली जो दिनेश की बताई जा रही है। जो हिस्ट्रीशीटर भी था जिसके ऊपर उनतीस मुकदमा था। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। इस मामले में 8 नामजद समेत 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया है।दिनेश निषाद की मां सुरसती देवी ने बताया- मेरे बेटे को पट्टीदारी के लोगों ने मार डाला। इसमें परिवार के ही युगुल किशोर, इंदल, सुरेंद्र व संगम शामिल हैं। वो रंजिश रखते थे। अक्सर बेटे से लड़ाई करते थे।

वो घर से दवा लेने के लिए निकला था। फिर थोड़ी देर बाद पुलिस से पता चला कि बेटे को किसी ने गोली मार दी। हम लोग दौड़कर गए। लेकिन, तब तक बेटे की मौत हो चुकी थी।

दिनेश तीन भाई हैं। केशव सबसे बड़े हैं, उसके बाद दिनेश थे। तीसरे नंबर के भाई रमेश हैं। दिनेश की पत्नी मऊ जीले के घोषी क्षेत्र के पिड़उर स्थित मायके में डेढ़ साल से हैं। उनके दो बच्चे हैं। 7 साल की बेटी शिखा व 5 साल का बेटा शिवम है।

जमीन विवाद में चाचा को पीटा था मोहल्ले वालों ने बताया- दिनेश ने 2015 में जमीन विवाद में अपने चाचा कंाता निषाद को पीट दिया था। वह सुबह खेत की ओर गए थे। बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। कंाता दो बेटे इंदल व सुरेंद्र हैं। वहीं, जिस युगुल किशोर पर हत्या का आरोप लग रहा है। वो भी मुंबई में रहता है।

दिनेश की बहन तारा ने बताया कि युगुल किशोर कुछ दिन पहले आए थे।

# शांति फाउंडेशन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिक्षक जमील क़ुरैशी को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शांति फाउंडेशन गोंडा द्वारा ''एक वृक्ष मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं पर्यावरण योद्धा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को प्रकृति से जोड़ना रहा। इस अवसर पर पौधारोपण कर वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में अनमोल माण्टेसरी स्कूल, गायघाट के शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी को पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर सराहनीय योगदान दिया। उन्होंने शांति फाउंडेशन का आभार जताया, वहीं प्रधानाध्यापक बरकात अहमद ने उन्हें बधाई देते हुए उनके शिक्षण कार्य को प्रेरणादायक बताया।

## विकलांगो में वितरीत किया ट्राइसाईकिल व कम्बल

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बड़हलगंज विकास खंड के मरकड़ी गांव स्थित लक्ष्मी सर्व विकलांग सेवा संस्थान मानसिक मंदित आश्रय गृह में विकलांग बच्चो व बुजुर्गो को ट्राइसाईकिल व कम्बल वितरण रविवार को किया गया। ट्राइसाईकिल पाकर बच्चे खुश हुए तो वही कम्बल पाकर बुजुर्गो के चेहरे खिल उठे। संस्था के प्रबंधक देवराज सिंह ने कहा कि विकलांग बच्चो के लिए संस्था हमेशा से खड़ी रही है। मुख्य अतिथि भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह मुन्ना ने कहा कि विकलांग की सेवा करना पुनीत कार्य है। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार बृजानंद मिश्र ने कहा कि क्षेत्र में विकलांगो के लिए जज्बा दिखाते हुए जो वीणा देवराज सिंह ने उठाया है उसकी जितनी सराहना की जाय कम है। ऐसे कार्यो के लिए समाज में हम सभी को आगे आने की जरुरत है। कार्यक्रम को भाजपा नेता राजेश तिवारी व राणा प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। सभी आये आगन्तुको का प्रबंधक ने आभार प्रकट कर धन्यबाद ज्ञापित किया। संचालन अंजलि ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य राघवेन्द्र मिश्र, किरन, नीतेश, यास्मीन, साधना मिश्रा, बलिस्टर यादव आदि लोग मौजुद थे।

## दुकान में घुसे चोर ने गल्ला से पांच हजार नकदी उड़ाया

कौड़ीराम कैनविज टाइम्स संवाददाता। गगहा थाना क्षेत्र के तिघरा खुर्द गांव में शनिवार की रात में अलग-अलग घर व दुकान में चोर घुस गया। दुकान में चोर ने नकदी पर हाथ साफ कर दिया जबकि घर में वृद्धा के शोर मचाने पर भाग निकला। तिघरा खुर्द के वीरेंद्र पांडेय उर्फ पप्पू के घर में शनिवार की रात चोर घुसा। वीरेंद्र की माता को धमका कर चाभी का गुच्छा ले लिया। मौका देखकर वृद्धा ने शोर मचा दिया। घर के लोग जग गए। चोर भाग निकला। गांव में ही रामनयन की किराना की दुकान है। छत के रास्ते घर में घुसे चोर ने टेबल से चाभी उठाया और गल्ला से पांच हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जागने पर दुकानदार को चोरी के घटना का पता चला। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शांति फाउंडेशन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिक्षक जमील कुरैशी को किया सम्मानित

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शांति फाउंडेशन गोंडा द्वारा ''एक वृक्ष मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं पर्यावरण योद्धा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को प्रकृति से जोड़ना रहा। इस अवसर पर पौधारोपण कर वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में अनमोल माण्टेसरी स्कूल, गायघाट के शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी को पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता रैली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर सराहनीय योगदान दिया। उन्होंने शांति फाउंडेशन का आभार जताया, वहीं प्रधानाध्यापक बरकात अहमद ने उन्हें बधाई देते हुए उनके शिक्षण कार्य को प्रेरणादायक बताया।

## जेवर खरीदने के बहाने टप्पेबाजी, दो गिरफ्तार

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र के चौक क्षेत्र में जेवरात छीनने का मामला प्रकाश में आया है। एक पुरुष और दो महिलाएं सर्राफा दुकान में घुसकर जेवरात छीनकर भागने लगे। जिस पर मोहल्ले वालों ने दौड़ाकर महिला समेत दो को पकड़ लिया। लोगों ने पकड़े गए पुरुष की जमकर पिटाई किया और पुलिस के हवाले कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौक स्थित भारद्वाज बरनवाल सर्राफ की दुकान का है। जहां रविवार को जेवर खरीदने के बहाने एक पुरुष और दो महिलाएं दुकान में घुस आए। ग्राहक बनकर आए इन लोगों ने सर्राफा व्यवसाई को जेवर दिखाने को कहा। जैसे ही व्यवसायी ने जेवर दिखाए, आरोपियों ने गहने और नगदी छीनकर भागने का प्रयास किया। सर्राफा व्यवसायी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। आरोपियों के भागने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। स्थानीय लोगों ने एक पुरुष और एक महिला को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि एक महिला फरार होने में सफल रही। पकड़े गए दोनों आरोपियों में से पुरुष की मोहल्ले वालों ने पिटाई किया इसका भी वीडियो सामने आया है। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। वही पीड़ित दुकानदार ने पुलिस में तहरीर दिया है। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते अगस्त माह में इसी चौक क्षेत्र में बगल की दुकान में करोड़ों की डकैती हुई थी।

# जिलाधिकारी ने किया गोसदन मधवलिया का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा रविवार को गोसदन मधवलिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गोशेड, गोकास्ट व वर्मी कंपोस्ट निर्माण का कार्य देखा और परिसर में नियमित रूप से साफऽसफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही समयऽसमय पर गोशालाओं में विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने गोशाला में विद्युत ट्यूबवेल के स्थान पर सोलर ट्यूब लगवाने के लिए कहा ताकि गोसदन में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में भी जलापूर्ति बाधित न हो और विद्युत बिल को भी बचाया जा सके। उन्होंने गोसदन की भूमि पर सोलर प्लांट लगवाने हेतु कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। गोसदन कार्यालय की मरम्मत हेतु बीडीओ निचलौल को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने गोसदन में वर्मी कंपोस्ट और गोकास्ट निर्माण का काम भी देखा और गोसदन को होने वाली आय की जानकारी ली। सीवीओ महराजगंज ने बताया कि गोसदन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कुल 143 कुंतल गोकाष्ठ का निर्माण किया गया है। अबतक समूह द्वारा 93 कुंतल गोकाष्ठ की बिक्री ? 500/कुंतल की दर से की गई है। बिक्री से गोसदन को ? 9300/ऽ की आय हुई है, जबकि महिला स्वयं सहायता समूह को ? 37200/- की आय हुई है। इसी प्रकार गोसदन में अबतक कुल 550 कुंतल वर्मी कंपोस्ट का निर्माण स्वयं सहायता समूह द्वारा किया गया है। कुल 342 कुंतल कंपोस्ट की बिक्री से गोसदन को ? 48000/- और समूह को ? 179772/- की आय प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि गोसदन आत्मनिर्भर बनने के साथऽसाथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने में बेहतर कार्य कर रहा है और इसको एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकता है। आवश्यकता इसके आय के साधनों में वृद्धि की है। इसके लिए अधिकारी गोसदन में निर्मित उत्पादों को और बेहतर मार्केट लिंकेज प्रदान करवाने हेतु कार्ययोजना तैयार करें।

# कोर्ट के आदेश पर ब्लॉक पाली के पूर्व प्रमुख कुंवर सिंह इनके दो भाईयो और सहयोगी पर हुआ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ब्लॉक पाली,सहजनवा गोरखपुर । सहजनवा थाना क्षेत्र घघसरा बाजार में मायके में अपनी 13 वर्षीय बच्ची के साथ रह रही शकुंतला को आखिर कोर्ट से न्याय मिल गया। पूर्व प्रमुख कुंवर सिंह इनके दो भाईयो तथा एक सहयोगी पर दुष्कर्म व गंभीर धाराओं मे मुकदमा थाने में दर्ज हो गया। कोर्ट में शकुंतला ने आरोप लगाया है कि 2011 में पूर्व प्रमुख ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर जबर जस्ती दुष्कर्म किए । और कहा की धर्म पत्नी के रूप में रहेगी। और अपने मकान वाले कमरे में रख लिए। 2022 में पूर्व प्रमुख के दोनो भाई और एक सहयोगी मिलकर जबर जस्ती सामूहिक दुष्कर्म किए। और जाति सूचक गालिया दिया गया। 16 जुलाई 2024 में पीड़िता के कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखा सारा सामान उठा ले गए। और अपना ताला जड़ दिए। पीड़िता ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ,पुलिस के उच्चाधिकारियों से कारवाई कराने के लिए शिकायत किया। लेकिन कोई कारवाई नहीं हो पाई। न्याय पाने के लिए कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया था।वही सहजनवां पुलिस ने मामले की जांच कर पूर्व प्रमुख सहित उनके भाईयो व सहयोगियों पर गम्भीर धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है।वही पीड़िता ने बताया कि मेरे द्वारा वर्षो से थाने का चक्कर लगाते-लगाते थक चुकी थी मेरी कही भी सुनवाई नहीं हो रही थी वही स्थानीय प्रशासन व राजनीतिक दबाव के चलते मुकदमा दर्ज नही किया जा रहा था।लेकिन न्यायालय द्वारा हमको न्याय मिला है ।मैं न्यायालय का धन्यवाद करती हूं कि हमको न्याय मिला।

# एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की दी गई मुबारकबाद

## अकीदत अमन और सौहार्द के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार : किसान नेता हाजी रियाजत नूर खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नवाबों के गांव शेरपुर कला में ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 7:00 मौलाना जियाउल मुस्तफा इमाम शाही जामा मस्जिद और मस्जिद कुरैशियां में 7:30 मिनट पर मौलाना साजिद रजा साहब शेरपुर ने अदा करवाई अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की एवं पूर्व प्रधान नाजिया खानम के कैंप कार्यालय पर भी ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की साथ ही ग्राम एवं क्षेत्र वासियों ने मीठी सीमैया खाकर ईद पर बने व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया ईद मिलन समारोह में उपस्थित हाजी रियाजत नूर खान, सईद खान उर्फ मजले, प्रॉपर्टी डीलर एजाज खान, टिंबर मर्चेंट इसरान खान, ग्रिल वाले दिलशाद खान, फहीम पान वाले,फारूक शाह, पप्पू खान ,रामदीन भारती,ओम प्रकाश ,सादिक खान, जुनैद अंसारी, रजबल खान ,डॉक्टर नाजिम, कुलविंदर सिंह, धर्मपाल, अदनान रजा ,सोहल, कासिम सहित तमाम लोगों ने ईद मिलन समारोह में उपस्थित होकर ईद की मुबारकबाद गले मिलकर एक दूसरे को दी।इस मौके पर पुलिस प्रशासन की तरफ से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह एवं कस्बा इंचार्ज आकाश तेवतिया अपनी टीम के साथ ईदगाह के नजदीक सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद रहे है।

# चेयरमैन ने गांधी पार्क में जल सेवा का किया शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने स्वर्गीय बाबूराम आजाद पूर्व सभासद एवं स्वर्गीय राम रतन सक्सेना आर्ट मास्टर की स्मृति में जल सेवा का शुभारंभ गांधी पार्क कोतवाली रोड पर किया।इस अवसर पर स्वर्गीय बाबूराम आजाद के पुत्र महेश आजाद पूरे परिवार सहित एवं स्वर्गीय राम रतन सक्सेना के सुपुत्र अवनीश सक्सेना पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे हैं।इस अवसर पर विधायक बाबूराम,स्वर्गीय बाबूराम के पुत्र महेश आजाद ने विधायक बाबूराम पासवान एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि जहां ऐसे बुजुर्गों ने पूरनपुर के उत्थान में किसी न किसी माध्यम से अपनी अहम भूमिका निभाई उनकी स्मृति में पूरनपुर के लोगों के दिलों में जिंदा रखने के लिए जो प्रयास किए गए हैं वह काफी सराहनीय हैं महेश आजाद पूर्व सभासद एवं अवनीश सक्सेना 'चुन्नू' ने विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष का दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद महेश आज़ाद, अवनीश सक्सेना 'चुन्नू', अरविन्द गुप्ता 'पट्टे', सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', विपिन सक्सेना, नितिन सक्सेना, दिनेश आज़ाद, विकास गुप्ता, घासीराम आज़ाद, राकेश आज़ाद, राजेश आज़ाद, संजीव गुप्ता, डॉ. बलजीत सिंह कपूर, दिनेश भारती, दुर्वेश कुमार,सुनील शर्मा, विवेक तिवारी, दिनेश कुमार, प्रशांत आज़ाद, सलिल आज़ाद, अनुभव सक्सेना एवं अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## ईदगाह में सम्पन्न हुई ईदुल अज़हा की नमाज



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के ईदगाह में ईद उल अज़हा की नमाज अदा होने के साथ हीं साथ कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया हैं। ईदगाह में हाफिज मोहम्मद सलीम खा की निगरानी में ईमाम ए ईदगाह ने नमाज अदा करने के साथ मुल्क में अमन ओ अमान की दुआ की इस मौके पर हजारो लोग व प्रशासन की तरफ से उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया,कोतवाली प्रभारी सतेंद्र कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज विपिन कुमार सहित अन्य पुलिस फोर्स के जवान उपस्थित रहे हैं।

## गौशाला में घुसकर बाघ ने गोवंश पशु का किया शिकार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के कजरी निरंजनपुर में गौशाला में बताया जा रहा है कि बाघ गौशाला के अंदर घुस आया और उसने गोवंश पशु का शिकार किया। मृतक पशु का वीडियो रविवार की सुबह 11:30 पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और गौशाला में मौजूद पशुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी गौशाला में घुसकर बाघ एक गोवंश पशु का शिकार कर चुका है।

## धनाराघट शारदा नदी का पेंटून पुल हटने से राहगीरों को समस्याओं का करना होगा सामना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के हजारा थाना क्षेत्र के गांव शारदा नदी की दुसरी साइड में बसा है। पेंटून पुल बनने से इन लोगों को कम दूरी व कम खर्च में पूरनपुर तहसील व जिला मुख्यालय आने जाने में ज्यादा समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है। 15 जून को पेंटून पुल शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से पहले हटा दिया जाता है। जिसके बाद लोगों को अधिक पैसा खर्च कर भीरा पलिया मैलानी खुटार होते हुए लंबी दूरी तय कर पूरनपुर व पीलीभीत आना जाना पड़ता है। रविवार दोपहर 12:30 पर लोगों ने बताया कि अब 15 जून आने वाली है और पेंटून पुल हटने से समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम मंथुडांडी में बाढ़ चौपाल का किया आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सदर से प्रभावित होने वाली देवहा नदी के तटवर्ती ग्राम मंथुडांडी में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों से गत वर्ष में बाढ़ की स्थिति तथा प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों के संबंध में विस्तार से वार्ता की। अपर जिलाधिकारी व प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा पीलीभीत ऋतु पुनिया द्वारा ग्राम वासियों से बाढ़ के पूर्व/दौरान एवं पश्चात अपनी जाने वाली सावधानियां व बाढ़ के संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्गत निर्देशन को विस्तार से समझाया गया। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों से विभिन्न शासकीय योजना के क्रियावायन के संबंध में जानकारी की गई। चौपाल में अविवादित विरासत के दो बताए गए प्रकरणों को तत्काल विरासत दर्ज करने के निर्देश देते हुए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में ग्राम में राजस्व कैंप आयोजित कर अंश में त्रुटि सुधार की समस्याओं का निस्तारण अभियान के रूप में चलाई जाने के निर्देश दिए। बाढ़ चौपाल में उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल के साथ साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गोमती मित्रों के साथ आया विश्व हिन्दु महासंघ, किया श्रमदान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हर रविवार गोमती मित्रों द्वारा आयोजित होने वाले साप्ताहिक श्रमदान में जनपद के सामाजिक संगठन विश्व हिन्दु महासंघ ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गोरक्षापीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के शुभ जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गोमती मित्रों के संग श्री सीताकुण्ड धाम पे श्रमदान किया।

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति जी के निर्देश पर लोगों को यह समझाने के लिये की स्वच्छ वातावरण से ही संभव है स्वस्थ तन,मन और जीवन आयोजित किया गया है,गोमती मित्र मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन ने संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों से स्वच्छता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का निवेदन किया साथ ही संघ के माध्यम से योगीजी को शुभ जन्मदिवस की शुभकामनायें प्रेषित की। कार्यक्रम प्रातः 06:00 बजे से शुरू हो तट, मंदिर परिसर, श्राद्ध स्थल व सीता उपवन की सफाई के साथ 09:00 बजे समाप्त हुआ। श्रमदान में गोमती मित्र मण्डल के संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, दिनेश कुमार दूबे, हरीराम, नन्दलाल विश्वकर्मा, राकेश सिंह ल्दद्दङ्क, आलोक तिवारी, विकास शर्मा, सन्तोष तिवारी, संत कुमार सोनकर, मुन्ना पाठक आदि शामिल रहे।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मना ईद उल अजहा का त्योहार

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप, तहसीलक्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद उल अज़हा (बक़रीद) का त्यौहार। पूर्व निर्धारित समयानुसार ईदगाह में अदा हुई नमाज़। प्रशासन रहा मुस्तैद।

तहँसील क्षेत्र में ईद–उल–अजहा (बकरीद) का त्योहार पूरी शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। मोहम्मदपुर काजी, इसौली, नन्दौली, पटैला, इब्राहीमपुर, नटौली, अलियाबाद, बघौना, निनावां, चकमूसी, सोरांव, हलियापुर, कनेहटी, बहेरी, घोषिन पतुर्ज़ा, समेत कुल 17ईदगाहों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ अदा की।इसौली कस्बे की ईदगाह में बड़े तादाद में नमाज अदा करने लोग पहुंचे। किला इसौली के पेश इमाम हाफिज ताज मोहम्मद ने ईद की नमाज़ अदा कराई। त्योहार को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। एसडीएम बल्दीराय मंजुल मयंक, सीओ सौरभ सावंत, तहसीलदार देवानंद तिवारी, थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह एवम हलियापुर तथा थाना धनपतगंज में कोतवाल प्रवीण यादव की अगुवाई में पुलिस व प्रशासनिक टीमों ने लगातार क्षेत्र में निगरानी रखी। क्षेत्र के पारा बाजार, देहली चौकी व वलीपुर चौकी, हरौरा बाजार, बीटहाउस पर विशेष फोर्स और अधिकारियों की तैनाती की गई थी। साथ ही अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की कुशल नेतृत्व क्षमता से त्योहार, सकुशल व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

# सपा नेता ने चादरपोशी कर अमन–चैन के लिए मांगी दुआएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में दरगाह पर की गई चादरपोशी

पीलीभीत।नगर के ऐतिहासिक सूफी संत हज़रत शाहजी मियां की दरगाह पर एक भव्य और रुहानी कार्यक्रम के तहत चादरपोशी की रस्म अदा की गई। यह आयोजन वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता मोहम्मद आरिफ की जानिब से किया गया, जिसमें नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की।चादर चढ़ाकर मुल्क की तरक्की, इंसानियत, भाईचारे और अमन-शांति की दुआएं की गईं। दरगाह पर हुए कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल सूफियाना कलाम और नातों की गूंज से महक उठा।शाही इमाम की अगुवाई में हुआ आयोजन, समाज के कई वर्गों की रही भागीदारी

कार्यक्रम की अगुवाई शाही इमाम इजहार अहमद खां बरकाती ने की। उन्होंने लोगों को सूफी परंपरा से जुड़ने और आपसी मोहब्बत व मेलजोल के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दरगाहें केवल इबादत के नहीं, इंसानियत और एकता के मरकज़ हैं।इस मौके पर मुख्य रूप से सैयद शाकिर अली एडवोकेट सदर, सिराज बहादुर खान सचिव, एडवोकेट रशीद कादरी, नाहिद खां,आसिफ अली कादरी, हाजी असगर नूर, राजेंद्र सिंह फौजी, अकबर अहमद अंसारी, अफजल खान आढ़ती, इकरार मियां, निज़ाकत अलवी सभासद, नफीस खां, मोईन खां, आरिफ हज़रत खां, अरशान खां, हाफिज़ अमान, हाफिज़ इमरान, हाफिज़ फहीम, हाफिज़ सईद गुफरान, आलम लियाक़ती, और नाज़िम खां।सूफियाना माहौल में गूंजे अमन और भाईचारे के पैगाम

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में दरगाह पर चढ़ाई गई चादर, इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मोहम्मद आरिफ के इस आयोजन की भरपूर सराहना की और इसे समाज में सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक बताया।दरगाह परिसर सूफियाना कलाम, नात-ए-पाक और कुरआनी आयतों की रूहानी आवाज़ से गूंजता रहा। लोग एक-दूसरे से गले मिलते नजर आए और मोहब्बत का पैगाम आम हुआ।स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया ऐसे आयोजनों से इंसानियत जिंदारहती है। आरिफ साहब ने जो पहल की है, वह काबिले तारीफ है।शाकिर अली एडवोकेट, प्रतिभागी शाहजी मियां की दरगाह पर हाज़िरी देकर मन को सुकून मिला। अमन और भाईचारे की यही मिसाल है।

# ग्राम प्रधान के सहयोग से पंचायत भवन में लगा श्रमिक कार्ड बनाने का कैम्प



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने अपनी ग्राम पंचायत के सभी सम्मानित ग्रामवासी को पहले बताया था। कि ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कलां पंचायत भवन में श्रमिक कार्ड बनाने का कैंप लगाया गया है। जिसको भी श्रमिक कार्ड बनवाना अथवा कार्ड को रिन्युवल करवाना है। या उसमें कोई संशोधन करना है। शादी अनुदान सहित अन्य किसी भी प्रकार का अनुदान, एवं किसी भी प्रकार के लेबर कार्ड से संबंधित सहायता लेनी है ।तो पंचायत भवन में पहुंच जाए। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार लगातार गांव के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए। मजदूरी करने वाले मजदूरों को उनकी सहायता देने के लिए लेबर कार्ड का कैंप लगाया गया है। हर गरीब का हर संभव मदद हो सके। ग्राम प्रधान विवेकानंद लगातार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# गौ सेवा में उल्लेखनीय योगदान पर कटका क्लब हुआ सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। गौ सेवा सहित विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में कटका क्लब द्वारा किए जा रहे सतत योगदान की गूंज अब आध्यात्मिक जगत तक पहुँच चुकी है। इसी क्रम में, क्लब को ज्योतिर्मठ, बदरीकाश्रम के परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के प्रतिनिधि द्वारा विशेष रूप से प्रयागराज के एक गौशाला के उद्घाटन समारोह आमंत्रित थे। इस अवसर पर क्लब के प्रतिनिधियों को न केवल पूज्य शंकराचार्य जी के मूल्यवान सुझावों का लाभ प्राप्त हुआ, बल्कि उन्हें आशीर्वाद रूपी आध्यात्मिक ऊर्जा से भी अभिसिंचित किया गया। यह सम्मान क्लब की सेवा भावना को एक नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है। कटका क्लब ने इसे अपने सेवा कार्यों की सफलता का प्रतीक मानते हुए गौ सेवा एवं सनातन धर्म के उत्थान हेतु अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया है। संस्था के संरक्षक राज कुमार मिश्र के दिशा निर्देश पर बीते दिनों कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की अपील को लेकर अपने खून से लिखा पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम लिखा था । जो बीते दिनों पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ था। वहीं बीते दिनों बकरीद से पहले भी संस्था के द्वारा ज्ञापन दिया गया था। गौ सेवा को लेकर संस्था जनपद में कई कार्यक्रम अब तक कर चुकी है। जिसे अब पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भी समर्थन मिल चुका है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी गौ के हित में बात करेगी उसे ही अब चुनाव में समर्थन किया जाएगा।

# ईद उल अजहा की नमाज को लेकर सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

## जायस में डीएम और एसपी ने आम जनमानस को दी मुबारकबाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी ।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में भ्रमणशील रहकर ईद उल अजहा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया और आम जनमानस को मुबारकबाद दी। शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा ईद की नमाज के साथ साथ त्यौहार ईद उल अजहा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस में ईद की नमाज के अवसर पर वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।ड्यूटी में लगे अधिकारियो कर्मचारीगणों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।इस मौके पर नगर पालिका परिषद जायस की अध्यक्ष मनीषा सिंह चौहान, उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आत्मा की शुद्धि व जीवन के उदेश्य की प्राप्ति है भागवत कथा : राजकुमार शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह आत्मा की शुद्धि व परमात्मा से आत्मिक संबंध जोड़ने और जीवन के उद्देश्य की प्राप्ति का साधन है। उक्त उद्गार आज यहां बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरे अयोध्या दूबे में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव में पंडित राजकुमार शास्त्री ने व्यास गद्दी से कथा का उच्चारण करते हुए कहा।

कथा के तीसरे दिन पंडित शास्त्री ने बावन भगवान की की गूढ़ व्याख्या करते हुए भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महिमा का अद्भुत वर्णन किया। कथा व्यास जी ने कहा कि ल्लभागवत कथा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं, यह आत्मा की शुद्धि, जीवन के उद्देश्य की प्राप्ति तथा परमात्मा से आत्मिक संबंध जोड़ने का श्रेष्ठ साधन है।ल्ल उन्होंने कथा के माध्यम से श्रोताओं को प्रभु प्रेम, सदाचार, और आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रेरित किया। कथा स्थल पर सजीव भक्ति संगीत, मंत्रोच्चारण और भावपूर्ण कथा वाचन ने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। कथा व्यास ने श्री कृष्ण की जन्म कथा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया कथा प्रांगण में वासुदेव की भूमिका में उतरे लाल जी दूबे द्वारा भगवान कृष्ण की अद्भुत झांकी की प्रस्तुती से पूरा कथा प्रांगण राधा कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान शांति देवी कथा के उपरांत व्यास गद्दी की आरती उतारी, इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बद्री धर दुबे उमेश धर दुबे जगदीश धर दुबे रमेश धर दुबे करुणेश धर दुबे अंभुज विदुरधर दुबे देवेंद्र सिंह रामचंद्र यादव राम शंकर प्रधान अमरनाथ तिवारी श्री रामचंद्र शुक्ल राजधर शुक्ला विशाल जायसवाल बृजनंदन सिंह सोनू दुबे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित थे। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और उत्साह ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गोकशी के आरोपी घायल

सुल्तानपुर। बंधुआंकला और अखण्डनगर थानाक्षेत्र में पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हुए हैं, जबकि दो फरार हो गए। बंधुआंकला में शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि गोकशी के आरोपी बाइक से हसनपुर जा रहे हैं। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी मोहसिन के पैर में गोली लगी। एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। दूसरी मुठभेड़ अखण्डनगर थाना क्षेत्र के दाखवा मिश्रीपुर के पास् हुई। कमियापुर नहर के पास पुलिस ने इस्माइल और तैय्यब को रोकने का प्रयास किया। आरोपियों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में तैय्यब के पैर में गोली लगी। इस्माइल भागने में सफल रहा। एसपी कुंवर अनुपम के अनुसार, घायल आरोपियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# न्याय की साख

किसी भी लोकतंत्र में न्यायपालिका की साख निर्विवाद रूप से कायम रहनी चाहिए। कामकाज में पारदर्शिता व शुचिता नजर आना संवैधानिक संस्था के लिये अनिवार्य शर्त है। न्यायपालिका की जिन कवायदों को लेकर अंगुलियां उठ सकती हैं, उनको संबोधित करके मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने एक सराहनीय पहल की है। उनका सेवानिवृत्ति के बाद सरकार से कोई पद न लेने का संकल्प संस्थागत ईमानदारी व विश्वसनीयता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जाएगा। निस्संदेह, उनके और कई सहयोगियों द्वारा दर्शायी गई यह प्रतिबद्धता न्यायपालिका की विश्वसनीयता और इसे स्वतंत्र बनाये रखने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। सीजेआई गवई ने यही साबित करने का प्रयास किया है कि न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकारी पद लेना या चुनाव लड़ने के लिये इस्तीफा देना, संवेदनशील नैतिक चिंताएं पैदा करता है। यह भी कि ये प्रवृत्तियां सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करती हैं। निस्संदेह, हितों के टकराव या पक्षपात की कोई भी धारणा केवल विश्वास की कमी को ही बढ़ाती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि इस मुद्दे पर सीजेआई का साहसिक रुख नैतिक नेतृत्व का एक नया मानक स्थापित करेगा-जिसका अक्षरशरू और ईमानदारी की भावना से पालन किया जाएगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि न्यायपालिका के भीतर कदाचार के उदाहरण पूरी व्यवस्था के प्रति विश्वास को चोट पहुंचा सकते हैं। इस विश्वास को फिर से बनाने का रास्ता त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। इसमें दो राय नहीं कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से जुड़ा कैश-इन-रेजिडेंस का विवाद न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और विधायिका के लिये कसौटी पर परखने का मामला है। चर्चा है कि आगामी मानसून सत्र में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक विवादित पूर्व न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया जा सकता है। वहीं कॉलेजियम प्रणाली की बढ़ती आलोचना के बीच सीजेआई गवई का यह कथन कि न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर कोई समाधान नहीं आना चाहिए, सही है। हालांकि, न्यायाधीशों की नियुक्ति कैसे की जाती है, यह एक अनसुलझा विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। गाहे-बगाहे अदृश्य न्यायिक भ्रष्टाचार पर भी गंभीर चिंता जतायी जाती रही है। पिछले दिनों पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना का सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संपत्ति सार्वजनिक करने का कदम सराहनीय था। लेकिन अभी भी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है। बड़े पैमाने पर लंबित मामलों के मूल में प्रणालीगत विसंगतियां होने की बात कही जाती है। लेकिन हकीकत यह भी है कि राजनीतिक नफ़े-नुकसान के समीकरणों को साधने के लिये सरकारों ने भी तमाम संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास भी किया है। इसके बावजूद संस्थाओं के भीतर से उभरते शुचिता के संकल्प जन विश्वास को मजबूती देते हैं। ऐसे में मुख्य न्यायाधीश की साफगोई और विसंगतियों को दूर करने का संकल्प न्यायिक व्यवस्था में जनता के भरोसे को बढ़ाने वाला ही कहा जाएगा। हाल के वर्षों में कुछ शीर्ष न्यायिक संस्थाओं के फैसलों के राजनीतिक निहितार्थ को लेकर सार्वजनिक विमर्श में चर्चाएं होती रही हैं। यही वजह है कि सेवामुक्ति के बाद लाभ के पद स्वीकारने और इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने के फैसले को नैतिकता की कसौटी पर कसा जाता रहा है। निर्विवाद रूप से किसी राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर तथा किसी प्रलोभन को ठुकराकर ही न्याय की साख को बनाया जा सकता है। तभी सही अर्थों में न्यायिक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन किया जा सकता है। निस्संदेह, न्याय की विश्वसनीयता के लिये न्यायाधीशों का व्यक्तिगत व्यवहार खास मायने रखता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता की निरंकुशता पर लगाम लगाने और संविधान की रक्षा करने का बड़ा दायित्व भी न्यायपालिका के जिम्मे है। देश में तमाम संस्थाओं और व्यवस्था से निराश व्यक्ति अंतिम आस के रूप में न्यायिक व्यवस्था की ओर देखता है। जनता को भरोसा रहता है कि सत्ता की मनमानी पर न्यायिक व्यवस्था ही नकेल कस सकती है। भले ही सत्ताधीश इसे न्यायिक सक्रियता का नाम क्यों न दें।

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र अद्वैत

जीवन संघर्ष नहीं है। संघर्षपूर्ण जीवन तनाव देता है। पूरे जीवन को संघर्ष मानने का मूल द्वैतवाद है। द्वैतवाद का अर्थ है कि यहां इस जगत में दो प्रमुख पक्ष हैं। एक मैं हूं और दूसरा यह संसार। मैं हूं और दूसरे आप। मैं और तुम दो हैं। आध्यात्मिक तल पर ईश्वर एक है, दूसरा मैं हूं। भक्त और भगवान दो हैं। प्रकृति में प्रकाश और अंधकार का द्वैत है। शीत और ताप का द्वैत है। सब तरफ दो का दर्शन। सृष्टि में अनेक जीव हैं। वनस्पतियां हैं। सबके रूप भिन्न-भिन्न हैं। जैव विविधता खूबसूरत है। सामाजिक क्षेत्र में पंथिक विभाजन हैं। आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है। शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, ''यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।'' बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत चित आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं, ''लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।'' फिर कहते हैं, ''इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है। संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं।'' लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है। कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था। मार्ग में उन्हें अनेक संतों विद्वानों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने विद्वानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। शंकर ने रामेश्वरम में पूजा की। फिर वह पांड्य और चोल क्षेत्रों की ओर बढ़े। जगह-जगह पर शास्त्रार्थ होते थे और वह सदाचरण व वेदांत को श्रेष्ठ बताते रहे। हस्तगिरि पर्वत पर अवस्थित कांचीनगर में आचार्य ने देवी के मंदिर की स्थापना की। फिर वे विदर्भ पहुंचे। राजा ने उनका स्वागत किया। वहां भैरवमातावनुयायियों की संख्या ज्यादा थी। आचार्य ने उन सबके बीच भी वेदांत दर्शन का विचार रखा। कर्नाटक प्रवास में आचार्य का सामना कापालिक मतानुयायियों से हुआ। इस मत का मुखिया आचार्य का विरोधी था। 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक में जयराम मिश्र ने लिखा है, ''कापालिकों की पराजय हुई। आचार्य शंकर ने स्वयं भी महाकापाली भैरव की स्तुति की। फिर आचार्य पश्चिमी समुद्र के प्रसिद्ध तीर्थ गोकरना पहुंचे। शंकर और नीलकंठ का शास्त्रार्थ हुआ। नीलकंठ और आचार्य के मध्य हुआ प्रश्नोत्तर दर्शन की अमूल्य निधि है।

आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है। शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, ''यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।'' बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत चित आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं, ''लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।'' फिर कहते हैं, ''इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है। संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं।'' लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है। कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था।

अंततः नीलकंठ ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। आचार्य शंकर ने शिष्यों के साथ सौराष्ट्र क्षेत्र का भी भ्रमण किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने अद्वैत का प्रचार किया। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रसिद्ध नगरी द्वारिका में प्रवेश किया। यह वैष्णवों का गढ़ था। शंकर के तर्क स्वीकार्य योग्य माने गए। उन्होंने उज्जैनी की यात्रा में भी संवाद बनाया। वे शिष्यों को लेकर महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी गए। भट्ट भास्कर उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। शास्त्रार्थ के दौरान भट्ट भास्कर ने शंकर से सहमति व्यक्त की। परम पूर्ण तत्व को अलग-अलग विभाजित देखना भ्रम है और एकात्म देखना सत्य है। आचार्य का जैन मतावलंबियों से भी शास्त्रार्थ हुआ और उन्होंने उनको भी अद्वैत से सहमत कराया। बौद्ध मतावलंबियों का प्रभुत्व अभी कम नहीं था। अनेक बौद्ध विद्वानों ने वैदिक धर्म स्वीकार कर लिया। वह जगन्नाथ पुरी भी गए। मगध मार्ग से जाते मगधपुर, यमस्तपुर आदि अनेक नगरों में बौद्धों का बहुमत रहा है। मगध में अनेक मत प्रचलित थे। उस समय कुबेर के उपासक, इन्द्र के उपासक और यम उपासक आदि अनेक मत थे। वह सब अपने को वेद का अनुयायी मानते थे। शंकराचार्य की अद्भुत प्रतिभा ने उनके अंधविश्वास दूर कर दिए। आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक सात दिन में पहुंचे थे। काशी में उन्होंने महादेव विश्वनाथ के दर्शन किए। पूजा की। पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण आचार्य शंकर की धूम थी। वह उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य तीर्थ भी गए। यह प्राचीन काल से ही प्रतिष्ठित स्थान है। यह एक समय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहां कर्मकाण्ड की प्रधानता थी। वहां पहुंचने पर आचार्य को प्राचीन संस्कृति के कोई लक्षण नहीं दिखलायी पड़े। इससे वे बहुत दुखी हुए। वहां बौद्ध तांत्रिकों की प्रधानता थी। आचार्य ने वहां कुछ दिनों तक निवास कर वेदान्त सिद्धान्त का प्रचार किया। उन्होंने इस बात को सप्रमाण सिद्ध किया कि गौतम बुद्ध के सारे सिद्धान्त अद्वैत-सिद्धान्त पर ही आश्रित हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि वहाँ के लोग वेदोक्त रीति से धर्म-कर्म में प्रवृत्त होकर उपासना में अनुरक्त हुए। इसी प्रकार अयोध्या में भी उनका प्रवास हुआ। उन्होंने बंगाल का भी भ्रमण किया था। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता की नींव वैदिक ऋषियों ने रखी थी। शंकराचार्य ने आगे बढ़कर सांस्कृतिक एकता का विशाल भवन खड़ा किया। एक बार फिर जातिभेद, सांप्रदायिकता, आर्थिक गैरबराबरी, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर आचार्य शंकर जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की आवश्यकता है। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

**अंजन रॉय**

भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद अमेरिका को परेशान करती है। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है। इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। वाशिंगटन, डीसी में भारतीय टीवी नेटवर्क, एएनआई के साथ बात करते हुए अमेरिकी वाणिज्य सचिव लुटनिक ने अमेरिकी विचारों को स्पष्ट किया। लुटनिक ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। आम अमेरिकियों की खपत की जरूरतों को पूरा करने वाले 90पतिशत से अधिक सामान्य माल की आपूर्ति वर्तमान में चीन द्वारा की जा रही थी। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका के मुकाबले चीन का व्यापार अधिशेष बहुत अधिक हो रहा था। डोनाल्ड ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को ठीक करने और इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। यह अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है और देश को भारत को एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरते हुए देखकर खुशी होगी। दूसरी ओर, अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने सहजता से कहा कि यूक्रे न पर मौजूदा शत्रुतापूर्ण स्थिति के संदर्भ में यदि भारत रूस से अपने सभी हथियारों की खरीद जारी रखता है तो इससे भारतीय वस्तुओं की खरीद नीति निर्माताओं के बीच भारत के प्रति प्रतिकूल भावनाएं पैदा करेगी। अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली - तथाकथित एसएएम-400 की खरीद थी, जो पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना को लेकर भारत-पाक टकराव में बेहद मूल्यवान साबित हुई थी। भारत देश में एसएएश-400 मिसाइल प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है। आतंकवादी हमले पर हालिया विवाद से ठीक पहले भारत ने धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणाली की खरीद में विविधता ला दी है, जिसमें अमेरिकी हार्डवेयर की खरीद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने अमेरिकी प्रणालियों और हथियारों की खरीद शुरू की है। भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक और क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हो सकता है। उन्नत एआई सिस्टम भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों के बीच मिलकर बनाये जा सकते हैं और इससे बहुत फायदा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में भारतीय दक्षता की आम तौर पर सराहना की जाती है और इनका उपयोग दोनों देशों के लाभ के लिए किया जा सकता है। वास्तव में, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने श्पारस्परिक टैरिफ की घोषणा के बाद, भारत और अमेरिका ने व्यापार वार्ता में भाग लिया है। वर्तमान में केवल कुछ ही देश गंभीर और बहुत आगे बढ़कर व्यापार वार्ता कर रहे हैं, और भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है। अमेरिका जापान के साथ इसी तरह की व्यापार वार्ता कर रहा है और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह की वार्ता कर रहा है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता कम समय में पूरी हो सकती है। आम तौर पर, एक व्यापार वार्ता कम से कम दो साल तक चलती है, क्योंकि कई नाजुक और जटिल मुद्दों को सुलझाना होता है। फिर भी, अफवाहों के अनुसार, इन्हें कुछ महीनों की अवधि में ही समेट दिया जा रहा है। अंदरूनी जानकारी से संकेत मिलता है कि अगर विनिर्माण गतिविधियों को इस तरह से व्यवस्थित किया जा सके तो भारत-अमेरिका व्यापार कारोबार कम समय में 500अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। हालांकि,भारत को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भूमि और श्रम बाजारों के सुधारों जैसे कुछ बड़े आंतरिक सुधारों की आवश्यकता होगी।फिर भी इन सुधारों को लागू करना आसान नहीं है।

## सेहत मंत्र

# विटामिन डी से भरपूर आहार बच्चों में कोलेस्ट्रॉल घटाने में सहायक

विटामिन डी से भरपूर आहार से बच्चों में कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे दिल संबंधी बीमारियों से जुड़े दूसरे जोखिम कारकों पर भी लाभदायक असर पड़ता है। शोध में कहा गया है कि जिन बच्चों में विटामिन डी का स्तर 80 एनएमओएल/एल (प्रति लीटर नैनोमोल) से ज्यादा होता है, उनमें 50 एनएमओएल/लीटर से कम विटामिन स्तर वाले बच्चों की तुलना में लोअर लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एलडीएल) या बुरा कोलेस्ट्रॉल स्तर होता है। 50 एनएमओएल/लीटर को विटामिन डी पर्याप्तता की सीमा माना जाता है। इस शोध का प्रकाशन जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोल्जिम में किया गया है। इसमें ईस्टर्न फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने करीब 500 बच्चों के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। इनकी आयु छह से आठ साल रही। शोधकर्ताओं ने कहा कि विटामिन डी को बोन मेटाबोल्जिम (हड्डी उपापचय) के लिए जरूरी माना जाता है। इसके कम सीरम स्तर से रिकेट्स, अस्टियोमालासिया व अस्टियोपेनिया का खतरा बढ़ जाता है। शोध में कहा गया है कि जीवन में विटामिन डी के उत्पादन के लिए स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि और खुले में समय बिताने से विटामिन डी का उत्पादन त्वचा में बढ़ता है, यह विटामिन डी के उच्च सीरम स्तर और कम प्लाज्मा लिपिड स्तर से जुड़े हो सकते हैं। आहार में विटामिन डी के कुछ प्रमुख स्रोत डेयरी उत्पाद व मछली है। विटामिनट डी को आहार से लेने के अतिरिक्त कई देशों में सामान्य आबादी के लिए विटामिन डी के पूरक उपयोग की भी सिफारिश की जाती है।

## धर्म मंत्र

# छत्तीसगढ़ के हनुमान जी की नारी स्वरूप में होती है पूजा

बड़ा मंगल गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। भगवान हनुमान के जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं। ऐसे में कई लोग हनुमान जी के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल में हम आपको हनुमान जी के एक अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। इस मंदिर के बारे में शायद ही आपको जानकारी होगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से 25 किमी दूर रतनपुर में हनुमान जी का अनोखा मंदिर स्थित है। जहां पर हनुमान जी की नारी स्वरूप में पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से दूर रतनपुर के गिरजाबंध में यह अनोखा मंदिर स्थित है। बता दें कि यह हनुमान जी का इकलौता ऐसा मंदिर हैं, जहां पर उनकी नारी स्वरूप में पूजा की जाती है। यहां के लोग बताते हैं कि दूर-दूर से भक्त इस मंदिर में अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। वहीं भगवान भी अपने भक्तों की हर इच्छा को जरूर पूरा करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना उस समय के राजा पृथ्वी देवजू ने की थी। बताया जाता है कि एक बार राजा पृथ्वी को कुष्ठ रोग हो गया था। उसको सही करने के लिए राजा ने तमाम वैद्य-हकीमों की मदद ली। लेकिन उनका कुष्ठ रोग सही नहीं हुआ। जिसके बाद उनको एक ज्योतिष ने हनुमान जी की उपासना करने की सलाह दी। राजा ने ज्योतिष की बात मानकर हनुमान जी की कठिन उपासना शुरू कर दी। राजा की भक्ति देख हनुमान जी ने राजा को स्वप्न में दर्शन दिए।

## पर्यटन



# सपनों की दुनिया देखना चाहते हैं तो चले आएं केरल के पोनमुडी हिल स्टेशन

**सफेद बादलों की छांव में बसा खूबसूरत पहाड़.. घने जंगल में नीलकंठ की गूंजती आवाज..**

**ओस की बूंदों से भीगी पत्तियां.. हवाओं में महकती जंगली फूलों की खुशबू.. झरने से गिरते पानी का सुंदर दृश्य..**

ये सब मानो सपनों की दुनिया का जैसा... केरल के पोनमुडी का नजारा ऐसा ही खूबसूरत है वहां जाने का अनुभव आपको प्रकृति के करीब लाएगा... पोनमुडी तिरुवनंतपुरम से 56 किमी दूर एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। लगभग 3002 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह पूरा इलाका पहाड़ियों और घाटियों से घिरा हुआ है। 12 महीने यहां की पहाड़ियां धुंध से ढकी रहती हैं। तट पर उगने वाले जंगली फूल इस स्थल को खास बनाने का काम करते हैं। पोनमुडी इंसानी भीड़-भाड़ से कोसों दूर एक शांत स्थल है। गर्मियों के दौरान आप यहां का प्लान बना सकते हैं। यहां पर आपको घूमने के लिए काफी कुछ है जैसे- कल्लार-मीनमुट्टी फॉल- ये त्रिवेंद्रम और पोनमुडी के बीच एक आकर्षक झरना है जहा पर ट्रेकिंग के जरिए जाया जाता है। स्वर्ण घाटी- यहां आप नदी के कम गहरे किनारों में जाकर एक ताजगी भरे स्नान का आनंद भी ले सकते हैं। बोनोकॉड - ये लगभग 2500 एकड़ जमीन में फैला है। जिसमें जंगल, झरने, धाराएं और चाय बागान शामिल हैं। थेनमाला- पार्टनर के साथ नाइट ट्रिप या फैमली के साथ नाइट आउटिंग के लिए आप यहां रात में ठहर सकते हैं। नेचर लवर्स- पोनमुडी के करीब 53 स्क्वेयर किलोमीटर तक फैले इस जंगल में आप पक्षियों के बने कई घोंसले देख सकते हैं। इसके अलावा यहां के जंगलों में आपको मालाबारी मेंढक, तितलियां और त्रावणकोरी कछुए भी देखने को मिलते हैं। कोवलम बीच- पोनमुडी के इस फैमस बीच में आप अपनी फैमली के साथ एन्जॉय कर सकते हैं। इसके अलावा बीच के पास घूमने के लिए बहुत से खूबसूरत प्राचीन मंदिर भी हैं।

# बाराबंकी पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का किया खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

## चोरी का माल बरामद , अभियुक्तों पर पहले से दर्ज है कई मुदकमे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । स्वाट ,सर्विलांस व बड्डूपुर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी की दो घटनाओं का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवरात, नगदी, पिपरमिंट तेल, चोरी में प्रयुक्त औजार, अवैध तमंचा व एक वाहन बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मंगल उर्फ राजू व जियालाल उर्फ मनोज निषाद, दोनों निवासी कंदौली थाना फखरपुर, जनपद बहराइच हैं। पुलिस ने इन्हें रहिलामऊ पुल के पास ग्राम सदरापुर से पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शैलीकीरतपुर व जमुआ गांव में हालिया चोरी की घटनाओं को कबूला है। साथ ही बताया कि वे अन्य साथी रामतेज उर्फ सुनील के साथ मिलकर रेकी कर वारदातों को अंजाम देते थे। फरार आरोपी की तलाश जारी है।




### फंदे से लटका मिलाविवाहिता का शव , ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप

### पिता की तहरीर पर पति, देवर व सास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, दो हिरासत में

रामनगर बाराबंकी रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सीहामऊ में शनिवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल स्थित मकान में फंासी के फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता ने पति, देवर और सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना रामनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

थाना रामनगर के ग्राम इब्राहिमपुर निवासी सियाराम मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी 26 वर्षीय पुत्री आरती की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व ग्राम सीहामऊ निवासी कृष्ण कुमार उर्फ नंदू रामतेज से हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार की थी। विवाह में सामर्थ्यानुसार दहेज भी दिया गया था।

शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग सोने की चेन, बाइक और दो लाख रुपये नकद की मांग को लेकर आरती को प्रताड़ित करते थे। कई बार समझौते के प्रयास किए गए, परंतु आरती को लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान किया जाता रहा।

शनिवार सुबह मृतका की छोटी बहन पूजा, जिसकी शादी भी उसी गांव में हुई है, ने फोन पर सूचना दी कि आरती को मारपीट कर फंदे से लटका दिया गया है। परिजन जब घटनास्थल पर पहुँचे, तो आरती का शव कमरे में फंासी के फंदे से लटका मिला।

सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत और थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति, देवर और सास के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर दो आरोपितों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। मृतका अपने पीछे चार माह के मासूम पुत्र को छोड़ गई है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, गर्भपात के बाद घर से निकाला

### पीड़िता ने कोठी थाना में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

सिद्धौर बाराबंकी । कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने और गर्भपात के बाद घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोठी थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पासिन पुरवा मजरा देवकली निवासी सुशीला देवी पुत्री श्री शंभू की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ही शिवकुमार पुत्र श्री भूलन के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति शिवकुमार, सास और ससुर मिलकर उससे एक लाख रुपये नकद और सोने की चेन की मांग करने लगे। जब मांग पूरी नहीं हुई, तो पीड़िता के साथ अक्सर मारपीट की जाने लगी। तहरीर में सुशीला देवी ने आरोप लगाया है कि हाल ही में पति ने उसकी पेट में लात मारी, जिससे उसे दो माह का गर्भपात हो गया। पीड़िता ने यह जानकारी अपने पिता को दी, जो तुरंत मौके पर पहुंचे और बेटी को मायके ले आए। पीड़िता ने थाने में दी शिकायत में दहेज प्रताड़ना, मारपीट और गर्भपात कराने का आरोप लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोठी थाना प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कुर्सी क्षेत्र में नहीं थम रहा अवैध खनन, हादसे बढ़े जिम्मेदार मौन

निंदूरा बाराबंकी। मिट्टी खनन में लगे डंपर ने बाइक सवार को रौंद दिया।गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।जहां पर युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।उधर घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। कुर्सी थाना क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन बड़े पैमाने में हो रहा है।रविवार को मिट्टी लेकर जा रहे डंपर ने अगासंड गांव के निकट बाइक सवार को रौंदा दिया।हादसे में लखनऊ के तकरोही निवासी अजय सिंह पुत्र धर्मेद्र सिंह 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।उधर घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया।घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि भट्टे के नाम पर परमीशन लेकर खनन माफियाओं इधर-उधर मिट्टी बेच रहे है।खनन माफिया गांवों के लिए बनी सिंगल सड़कों पर डंपर दौड़ा रहे हैं जोकि हादसों का कारण बन रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।वही इस संबंध में उमरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि बाइक सवार बहुत तेज था जो खुद ही जाकर डंपर में जा घुसा।डंपर चालक द्वारा उसका इलाज कराया जा रहा है।

# मामा के विवाह में आए दो भाईयों की सरयू में डूबकर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में शनिवार शाम को भाई के विवाह में सम्मिलित होने आयी दो बहनों के बच्चों सत्यम व विवेक सरयू नदी में डूब गए। ग्रामीणों ने प्रयास के बाद उनके शव निकाले। हादसे के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। सूचना पर एसडीएम प्रीति सिंह समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के अलीनगर गांव में शनिवार को शाम करीब 4 बजे मामा की शादी में आए बहराइच जिले के जरवरल रोड थाना क्षेत्र के रेवडा मदरही गांव का विवेक पाल (12) पुत्र पंकज पाल निवासी बहराइच थाना जरवलरोड क्षेत्र के रिठौरा गांव के सत्यम पाल (13) रमेश पाल

खेलते-खेलते गांव से करीब एक किमी. दूर सरयू नदी तट पहुंच गये। दोनों दूसरे बच्चों के साथ वे नदी में नहाने लगे। इस बीच गहरे पानी का अंदाजा न होने के कारण दोनों नदी में डूबने लगे। यह देख बच्चों की चीख पुकार सुनकर पास में जानवर चरा रहे चरवाहे तुरन्त मदद के लिए पंहुचे। उन्होंने नदी में कूदकर बच्चों को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों बच्चों की मृत्यु हो चुकी थी। मृतक दोनों बच्चे मौसेरे भाई थे। बताते हैं

रामानंद पाल का परिवार भाई देशराज का गवना कराने गया था? घर पर देशराज की दोनों बहने व अन्य महिलाएं तथा बच्चे ही मौजूद थे। दोपहर एक बजे सत्यम व विवेक परिवार के अन्य बच्चों के साथ खेलने निकल गए।तभी यह हृदय विदारक घटना हुई। हादसे से पूरे गांव में गम का माहौल है और कोहराम मचा है। सूचना पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार शरद सिंह,प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार उपनिरीक्षक विश्वनाथ, लेखपाल महेन्द्र जायसवाल सहित राजस्व व पुलिस विभाग मौके पर मौजूद है।

# पंचमुखी हनुमत धाम आश्रम में सम्पन्न हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवं भव्य भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । रामनगर क्षेत्र के ग्राम मलौली स्थित श्री पंचमुखी हनुमत धाम दंडी संन्यासी आश्रम जगत गुरुकुलम् में तीन दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवं भव्य भंडारे का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री रामबाबू द्विवेदी के सौजन्य से संपन्न हुआ।यह धार्मिक आयोजन 6 जून (शुक्रवार) को प्रारंभ हुआ और 8 जून (रविवार) को विशाल भंडारे के साथ विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान 16 बटुक ब्रह्मचारियों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार कराया गया। संस्कार पश्चात सभी बटुकों को धार्मिक वस्त्र, शुक्ल यजुर्वेद संहिता, रुद्राष्टाध्यायी पुस्तक एवं अन्य आवश्यक पूजन सामग्री भेंट की गई तथा उन्हें समाजसेवियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।

आश्रम के बारे में बताते चलें कि यह गुरुकुल पूर्व मध्यमा से शास्त्री स्तर तक की वैदिक शिक्षा प्रदान करता है, जो पूर्णतः व्यक्तिगत संसाधनों एवं समाजसेवियों के सहयोग से संचालित होता है। श्री रामबाबू द्विवेदी समेत कई समर्पित व्यक्तित्व आश्रम की नियमित व्यवस्था में अपना योगदान देते हैं।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी के सौजन्य से हुआ आयोजन

श्रीमती राजरानी रावत रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह श्री सुधीर तिवारी, श्री अशोक शुक्ला, श्री श्रवण शुक्ला, श्री अमित अवस्थी एवं श्री मोनू भास्कर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने यज्ञोपवीत संस्कार की प्रशंसा करते हुए इसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के संत-महात्मा, चिकित्सकगण, कविगण, मीडिया प्रतिनिधि, समाजसेवी तथा स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रसाद ग्रहण किया और इस धार्मिक अनुष्ठान को अत्यंत मंगलमय बताया।

# शिक्षा ही जीवन का सुखमय बनाने का आसान साधन : डा सतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन महाप्रबंधक डा0 सतीश कुमार गौतम एव डालमिया चीनी मिल सीतापुर के इंजीनयरिंग मैनेजर फुरकान अहमद ने रविवार को पंचायत भवन बड़ागांव की लाइब्रेरी के बच्चो से मिलकर संवाद करते हुए अपने हर कदम को आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित किया।

लाइब्रेरी के बच्चो से रूबरू होते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डा0 सतीश कुमार ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई ऐसी चीज नहीं है जिससे जीवन सुखमय बनाया जा सके उन्होंने कहा कि किसी भी मुकाम को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण होना कामयाबी का मंत्र है उन्होंने लाइब्रेरी के बच्चो से कहा कि देश के महान पुरुष डा0 ए पी जे अब्दुल कलाम बहुत ही गरीब परिवार से थे जब वे युवा थे और उनके पास पैसे नहीं थे तो उन्होंने एक बार आत्महत्या करने के बारे में सोचा था. एक विशेष घटना में, वे रामेश्वरम के पास गंगा नदी के किनारे थे और उन्होंने आत्महत्या करने का विचार किया था.

हालांकि, उन्हें एक संत द्वारा रोक दिया गया था जो उस समय वहां थे, और उन्होंने अपनी जिंदगी को एक नया उद्देश्य दिया था. यह घटना उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था, और उन्होंने बाद में एक महान वैज्ञानिक, इंजीनियर और राष्ट्रपति के रूप में एक शानदार करियर बनाया डा0 सतीश कुमार ने बच्चो को जल्द पुस्तके उपलब्ध कराने के साथ पुनः आने अस्वाशन दिया।

डालमिया चीनी मिल रामगढ़ सीतापुर के इंजीनयरिंग मैनेजर फुरकान अहमद ने लाइब्रेरी की प्रशंसा करते हुए बच्चो से कहा कि आप लोगो को अपना भविष्य बनाने के लिए एक उचित स्थान मिला है ग्रामीण क्षेत्रो मे इस तरह की सुविधा मैने पहली बार देखा है आप लोग पढ़कर अच्छा मुकाम हासिल करे जिससे इस लाइब्रेरी का नाम और आगे बढ़े।

इस मौक़े पर स्वास्थ्य मिशन के प्रबंधक की पत्नी निशा सागर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद आदि लोग मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पूर्ण

### भंडारा में हजारों लोगों ने छका भोजन प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील रामनगर के ग्राम पंचायत मलौली में आयोजित तीन दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का समापन रविवार को भव्य भंडारे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ।यह आयोजन श्री पंचमुखी हनुमत धाम दंडी संन्यासी आश्रम मलौली में जगत गुरुकुलम ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य सद्गुरुदेव भगवान जी के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर शुक्रवार को वैदिक विधियों के अनुसार बटुक ब्रह्मचारियों एवं अन्य ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संस्कार विधिपूर्वक संपन्न कराया गया।यह कार्यक्रम तीन दिवसीय चरणों में विभाजित रहा प्रथम दिवस में वेदी पूजन तथा तृतीय दिवस में समावर्तन भिक्षा, पुनः हवन एवं आरती के साथ समापन।संस्कार कार्यक्रम की पूर्णता के उपरांत रविवार दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा।हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में भाग लेकर पूरी सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रामबाबू द्विवेदी के सौजन्य से आयोजित किया गया।रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह जनसेवा और धर्म सेवा का भी श्रेष्ठ उदाहरण है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत मंडल अध्यक्ष अमित सिंह अमित अवस्थी, अंजनी अवस्थी मोनू भास्कर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# अकीदत –ओ– एहतराम से मनाया गया ईद–उल–अजहा त्यौहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जिले भर में ईद-उल-अजह की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नमाज के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया। डीएम शशांक त्रिपाठी व एस.पी. अर्पित विजयवर्गीय ने खुद मस्जिदों और ईदगाहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कर पुलिस प्रबन्धन का निरीक्षण किया।

बता दें कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कर प्रशासनिक प्रबन्धन का निरीक्षण किया एवं बकरीद की नमाज के अवसर पर वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम और मौलाना व आमजन मानस से मुलाकात कर सभी को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की मुबारकबाद दी।

जैदपुरः क्षेत्र में शांतिपूर्वक *ईदुउल अजहा का पर्व मनाया गया। प्रशासन द्वारा ईदगाह परिसर के अंदर ही नमाज अदा करने के निर्देश के अनुपालन में क्षेत्र के अनेक मस्जिदों में भी प्रातः 5:45 बजे से शुरू होकर 7:30 बजे तक नमाज अदा की गई ।

थाना चौराहा स्थित नई ईदगाह में इमाम ईदगाह हाफिज अजीजुद्दीन द्वारा बकरा ईद की नमाज अदा कराई गई। अली अकबर कटरा सहित क्षेत्र की अन्य ईदगाहों में भी इमामों द्वारा शांतिपूर्वक नमाजे अदा कराई।

मसौलीः कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा (बकरीद) शनिवार को इलाके भर में अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहो और मस्जिदों में ईद उल अजहा की खास नमाज अता की गई। और खुदा की बारगाह में नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, अमन-चैन के साथ बरकत और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

कस्बा बड़ागाँव ईदगाह में मौलाना सगीर अहमद अंसारी, ईदगाह मसौली में हजरत मौलाना सैय्यद गुलजार शाह इस्माईली, कस्बा सआदतगंज ईदगाह में हाफिज सिराजुद्दीन, मस्जिद पचासा में मुफ़्ती आरिफ,मस्जिदे मरकज़ में हाफिज अब्दुल्ला, मस्जिद मक्की में मौलाना अकील व मस्जिदे मदनी में मौलाना अयाज, मस्जिदे रजा मे मौलाना असरार, कस्बा रामपुर कटरा मे मौलाना अरकम सहाबपुर मे मौलाना इमरान नदवी, सुरसंडा मे मास्टर समीमउद्दीन ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई और रहमत की बारिश की दुवाएँ मांगी।

बेलहराः बकरीद त्यौहार कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह पहुंच कर सामूहिक रूप से नमाज़ अदा की। बेलहरा कस्बे की ईदगाह में मौलाना मो. कुर्बान कासमी,भटुवामऊ में मौलाना तौफीक नदवी,घघसी में मौलाना मो. हारुन क़ासमी ने नमाज़ अदा कराई और देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी।

# जर्जर सड़क बना ग्रामीणों की मुसीबत, हादसों का खतरा बढ़ा

### तीन किमी सड़क की हालत पूर्णतः खराब, आमजन आक्रोशित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग से देवरा, झलिया होते हुए सांगौरा तक लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। गिट्टी और डामर पूरी तरह से गायब हो चुकी है, जिससे सड़क पर गहरे और खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। आए दिन राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, और इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अब हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि जो रास्ता पहले चंद मिनटों में तय किया जा सकता था, अब वही रास्ता पार करने में घंटों लग जाते हैं। बाइक और साइकिल सवारों के लिए यह मार्ग दुर्घटना का न्यौता बन गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार कई लोग इस जर्जर मार्ग पर फिसल कर घायल भी हो चुके हैं। यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ता है और ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य जरिया है। सांगौरा निवासी मोहम्मद अब्बास और चंद्रेश ने बताया कि तीन माह पूर्व इस सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी गई थी।

विभाग की ओर से ठेकेदार को मरम्मत कार्य के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के कारण सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन और भी खराब होती जा रही है। इससे न सिर्फ यात्रियों को असुविधा हो रही है, बल्कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भी यह रास्ता जानलेवा साबित हो सकता है। इस संबंध में जब एसडीएम हैदरगढ़ शम्स तबरेज खान से बात की गई तो उन्होंने कहा, ''अब तक मुझे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि सड़क की हालत वाकई खराब है तो संबंधित विभाग से बात कर जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।'' ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम के पहले इस सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जिससे भविष्य में होने वाले हादसों से बचा जा सके।

# गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया



एजेंसी

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

# ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता



एजेंसी

पेरिस। मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस ने अपनी उम्र को धता बताकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी लेकिन वह पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

# वेस्टइंडीज को हराकर इंग्लैंड की महिला टीम ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की

एजेंसी

टॉन्टन। सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है।

इंग्लैंड की महिला टीम ने शनिवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह



एलेन ने (27), कप्तान शमेन कैंपबेल ने (18) रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन (11) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिये। केट क्रॉस, लॉरिन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मुकाबले को 21-21 ओवरों का कर दिया गया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने मात्र 10.5 ओवरों में एक विकेट पर 109 रन बनाकर मुकाबला (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से जीत लिया। इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली ने 21 गेंदों में (26) रनों की पारी खेली। कप्तान नेट सायबर ब्रंट 33 गेंदों में (नाबाद 57) और ऐलिस कैप्सी 11 गेंदों में (नाबाद 20) रनों की पारी खेली।

# नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

एजेंसी

एम्सटलवीन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से



14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, ''हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्ज़ा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। उन्होंने कहा, ''इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा। भारत ने इस साल की शुरुआत में प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे।

# जी स्क्वायर ग्रुप ने की 714 एकड़ टाउनशिप परियोजना की घोषणा

एजेंसी

कोयंबटूर। दक्षिण भारत के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर जी स्क्वायर ग्रुप ने यहां 714 एकड़ में जी स्क्वायर सेवन हिल्स परियोजना की शनिवार को घोषणा की। जी स्क्वायर ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बाला रामजेयम ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि अब तक कंपनी इस परियोजना में एक हजार करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है। यह एक विशाल टाउनशिप परियोजना है और इसमें प्लॉट तथा मिश्रित उपयोग संबंधी विकल्प शामिल होंगे। इस परियोजना से कंपनी को पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि परियोजना की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक हजार प्लॉट बिक चुके हैं और 500 प्लॉट की रजिस्ट्री भी हो गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का प्रस्ताव इस क्षेत्र में हाल ही में हुए अन्य निवेशों के बाद हुआ है। इस क्षेत्र में एस्ट्रिया रियल एस्टेट डेवलपर्स (फीनिक्स मिल्स की एक सहायक कंपनी) ने खुदरा विकास के लिए 9.03 एकड़ ज़मीन खरीदी, एलएंडटी ने विश्व स्तरीय आईटी पार्क के लिए प्रतिबद्धता जताई है और कैपजेमिनी का निवेश भी इस श्रृंखला की कड़ी है, जिससे एल्कोट एसईजेड में 1,500 से अधिक रोज़गार पैदा होंगे। कोवई हिल्स परियोजना, जिसे अब जी स्क्वायर सेवन हिल्स के रूप में पुनः ब्रांड (रिब्रांड) किया गया है और यह 714 एकड़ में फैली है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 406 एकड़ शामिल हैं और इसमें 3,127 डीटीसीपी और आरईआरए-स्वीकृत प्रीमियम प्लॉट हैं। शेष 308 एकड़ को सिग्नेचर विला और अपार्टमेंट डेवलपरों के साथ संयुक्त उद्यमों के लिए है, जो वाणिज्यिक पट्टे तथा व्यावसायिक पार्क, स्कूल, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, वित्तीय प्रतिष्ठान, खेल अकादमी, मॉल और मल्टीप्लेक्स सहित आईटी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के अनुकूल हैं।

# सर्राफा बाजार में लुढ़का सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,970 रुपये से लेकर 98,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,800 रुपये से लेकर 89,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है। सोने के विपरीत चांदी की कीमत में सोमवार से शनिवार तक के



कारोबार के दौरान 8 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 98,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,970 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# मोहनदास पई ने भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर इशारा किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया। पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले। उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ़ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं। उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया।

# महंगाई आंकड़े और आरबीआई की दर कटौती का बाजार पर रहेगा असर

एजेंसी

शेयर समीक्षा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती से हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत तक उछले घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह केंद्रीय बैंक के इस निर्णय के साथ ही मई के महंगाई आंकड़े का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 737.98 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82188.99 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.35 अंक यानी 1.01 प्रतिशत उछलकर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 960.16 अंक अर्थात 2.13 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 46096.51 अंक और स्मॉलकैप 1027.01 अंक यानी 1.96 प्रतिशत मजबूत रहकर 53440.26 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह की शुरुआत समेकन के साथ करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों ने टैरिफ युद्धों और बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच उल्लेखनीय मजबूती दिखाई। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत आंकड़े, रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और अनुकूल मानसून जैसे सकारात्मक मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतकों से प्रेरित होकर निवेशकों ने वित्तीय, रियल एस्टेट, खुदरा और एफएमसीजी जैसे घरेलू रूप से उन्मुख और ब्याज-संवेदनशील क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इन क्षेत्रों में मजबूत संस्थागत प्रवाह के चलते तेजी देखी गई। वहीं, सप्ताह के दौरान वैश्विक अनिश्चितता के चलते मुनाफावसूली भी देखने को मिली। इसके बावजूद, बेहतर आय परिणामों और आकर्षक मूल्यांकन के कारण मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने आम तौर पर लार्जकैप को पीछे छोड़ दिया। अमेरिकी नौकरियों के मजबूत आंकड़े और अमेरिका-चीन व्यापार तनावों में संभावित नरमी से बाजार में हल्का सकारात्मक रुख बनता दिखा। मानक सूचकांकों में भी रिकवरी का प्रयास देखा गया, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के बीच मजबूत घरेलू आर्थिक संकेतों को देखते हुए शुद्ध खरीददार की भूमिका निभाई। इससे 'डिप पर खरीदारी' की रणनीति को बढ़ावा मिला। सप्ताह का अंत आरबीआई की नीतिगत घोषणाओं के रूप में एक सकारात्मक झटके के साथ हुआ। रिजर्व बैंक ने अपेक्षा से अधिक आक्रामक कदम उठाते हुए रेपो दर में 50 आधार अंक और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 100 आधार अंक की कटौती की। साथ ही 'तटस्थ' मौद्रिक रुख बरकरार रखते हुए पर्याप्त तरलता समर्थन दिया, जिससे बाजारों में तेजी से उछाल आया और पिछले सप्ताह हुए नुकसान की भरपाई हो सकी। वहीं, अमेरिकी टैरिफ के जवाब में चीन के सात दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर संभावित प्रतिबंध दीर्घकालिक जोखिम पैदा करते हैं और निवेशक अब अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतज़ार कर रहे हैं। इसके बीच, स्थानीय स्तर पर महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास को बनाए रखने की दिशा में आरबीआई की आक्रामक दर कटौती, निवेशकों के विश्वास को मजबूती देने की दिशा में अहम भूमिका निभा सकती है। अगले सप्ताह मई का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने वाले, जिसका असर बाजार पर रहेगा।



# शीर्ष 10 कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में एक लाख करोड़ रुपये का उछाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल 1,00,850.96 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल की। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 737.98 अंक या 0.90 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ही पिछड़ी रही। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड को लाभ हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 30,786.38 करोड़ रुपये बढ़कर 19,53,480.09 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 26,668.23 करोड़ रुपये बढ़कर 15,15,853.85 करोड़ रुपये पर रहा। बजाज फाइनेंस ने 12,322.96 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मूल्यांकन 5,82,469.45 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 9,790.87 करोड़ रुपये बढ़कर 10,41,053.07 करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि में टीसीएस का मूल्यांकन 28,510.53 करोड़ रुपये घटकर 12,24,975.89 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक मूल्यवान कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# भारतीय वायु सेना ने किडनी और कॉर्निया को एयरलिफ्ट करके दिल्ली पहुंचाया

## बेंगलुरु में ब्रेन डेड मरीज के मल्टी ऑर्गन डोनेशन से 5 लोगों की जान बची

एजेंसी

नई दिल्ली। बेंगलुरु में ब्रेन डेड मरीज के अंगों से पांच लोगों की जान बचाने में भारतीय वायु सेना ने अहम भूमिका निभाई है। वायु सेना ने बेंगलुरु से दिल्ली तक एक किडनी और कॉर्निया को हवाई मार्ग से पहुंचाया, जिनका सैन्य अस्पताल में दो मरीजों को प्रत्यारोपित करके उनके जीवन की रक्षा की जा सकी। इसके अलावा तीन अंगों से बेंगलुरु में तीन मरीजों की जान बचाई गई। इस मिशन में कई अस्पताल और कर्नाटक की संस्था त्र्जीव सार्थक‘ शामिल थी, जिसने चिकित्सा समुदाय के समर्पण और विशेषज्ञता को प्रदर्शित किया।



दरअसल, बेंगलुरु के एक अस्पताल में शुक्रवार को एक मरीज को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। उसके परिजनों ने काम कर रहे अंगों को दान करने के लिए इच्छा जाहिर की। इसके बाद वायु सेना के विमान से एक किडनी और एक कॉर्निया को दिल्ली में आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में भेजा गया। दूसरी किडनी और कॉर्निया को बेंगलुरु के विक्टोरिया अस्पताल की एक मेडिकल टीम के सहयोग से वायु सेना के बेंगलुरु स्थित कमांड अस्पताल में एक मरीज को प्रत्यारोपित किया गया। इसके अलावा बेंगलुरु के केंगेरी स्थित बीजीएस ग्लेनीगल्स अस्पताल में लिवर को सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया।

इस तरह ब्रेन डेड घोषित मरीज के पांच अंग पांच अन्य मरीजों के नए जीवन का स्रोत बन गए। भारतीय वायु सेना ने एक बयान में कहा कि यह निर्बाध ऑपरेशन कर्नाटक की संस्था त्र्जीव सार्थक‘ के साथ मिलकर किया गया, जो सशस्त्र बलों के चिकित्सा समुदाय की असाधारण प्रतिबद्धता और चिकित्सा विशेषज्ञता को दर्शाता है। वायु सेना ने एक्स पर समन्वित ऑपरेशन का विवरण और एयरलिफ्ट की तस्वीरें साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि आईएएफ ने आज कमांड हॉस्पिटल एयर फोर्स बैंगलोर (सीएचएएफबी) के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर जीवन रक्षक बहु-अंग पुनर्प्राप्ति और महत्वपूर्ण प्रत्यारोपण को सक्षम किया।

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मृत शरीर से दान में मिले अंगों के प्रत्यारोपण कार्यक्रम के लिए त्र्जीव सार्थक‘ संस्था का गठन किया है। यह संस्था 1994 के मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के कार्यान्वयन की देखरेख करने के लिए नियुक्त निकाय है। इस संगठन का उद्देश्य मृतक दाता प्रत्यारोपण गतिविधियों का समन्वय करना और अंगदान के बारे में जनता को शिक्षित करना है। संस्था के कार्यों में प्रचार गतिविधियों, सेमिनारों, कार्यशालाओं और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से मृतक दाता (शव) कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए अस्पतालों को शामिल करना शामिल है। जन जागरुकता कार्यक्रम अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, कॉरपोरेट्स और गैर-सरकारी संगठनों के साथ-साथ मीडिया की भागीदारी के माध्यम से होता है।

# कमलम की खेती विकसित कृषि की कुंजी: शिवराज

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि ड्रैगन फ्रूट (कमलम) जैसी उच्च आय वाली और कम लागतवाली फसलें 'विकसित कृषि' (विकसित कृषि) मॉडल के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करती हैं। बेंगलुरु ग्रामीण जिले में किसान मुनिराज के खेत में ड्रैगन फ्रूट के पौधों की पंक्तियों के बीच खड़े होकर श्री चौहान ने इस फसल को आधुनिक, टिकाऊ खेती का प्रतीक बताया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ड्रैगन फ्रूट एक जैविक, कैक्टस-परिवार का फल है जिसे किसी रासायनिक सैनिटाइज़र की आवश्यकता नहीं होती है और यह गोबर की खाद पर पनपता है। यह प्राकृतिक रूप से बीमारी का प्रतिरोध करता है, इनपुट लागत को कम करता है और काफी आर्थिक लाभ देता है। उन्होंने कहा कि किसान इसकी खेती करके पहले वर्ष से ही दो से तीन लाख रुपये कमाना शुरू कर सकते हैं। वहीं, दूसरे वर्ष से कमाई बढ़कर आठ-10 लाख रुपये हो जाती है। उन्होंने कहा,ल्लतीसरे वर्ष तक जब पौधा पूर्ण उत्पादन पर पहुंच जाता है, तो किसान सालाना छह-सात लाख रुपये कमा सकता है। यह उच्च लाभ, कम लागत, स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के चलते भारतीय कृषि का भविष्य है। उन्होंने बताया कि ऐसे मॉडल प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा, विकसित भारत के लिए हमें विकसित कृषि और समृद्ध किसानों की आवश्यकता है। कमलम जैसी फसलों में विविधता लाना सिर्फ़ एक विकल्प नहीं है, बल्कि यह एक आवश्यकता है। श्री चौहान ने ड्रैगन फ्रूट की उच्च पोषक सामग्री और जैविक प्रकृति पर प्रकाश डाला और कहा, ये फ़सलें तीन गुना फ़ायदे देती हैं। ये रसायन मुक्त हैं, ये मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं और पारंपरिक खेती की तुलना में बेहतर मुनाफ़ा देती हैं, जहाँ वार्षिक बचत अक्सर एक लाख से ज़्यादा नहीं होती। देश भर के किसानों से कृषि विविधीकरण को अपनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, आइए हम सब मिलकर विकसित कृषि की ओर बढ़ें। विकसित भारत की यात्रा मिट्टी से शुरू होती है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करने पर कांग्रेस का मोदी को फिर घेरने का प्रयास

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने लंबे समय बाद रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेस के सीधे सवालों का सामना नहीं करने का मुद्दा उठाया और कहा कि 11 साल से किसी शासनाध्यक्ष का प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करना औचित्य पूर्ण नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां एक बयान में कहा कि हर देश का शासनाध्यक्ष समय–समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते ही हैं। पर, हमारे प्रधानमंत्री को प्रेस के सीधे सवालों का सामना किए हुए 11 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान श्री मोदी ने मीडिया इंटरैक्शन को एक शो की तरह प्रोड्यूस, डायरेक्ट और स्क्रिप्ट किया – जिसमें उन्होंने खुद को 'नॉन–बायोलॉजिकल' बताने वाला चर्चित दावा भी किया था। लेकिन अब तक उन्होंने कभी भी बिना एडिटिंग, बिना स्क्रिप्ट वाली एक भी असली प्रेस मीटिंग करने का साहस नहीं दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा,यह उनके पूर्व प्रधानमंत्रियों से बिल्कुल उलट है। जिनसे वे विशेष रूप से नफरत करते हैं, वे तो लगभग हर दूसरे महीने बेधड़क प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे, जहां उनसे कठोर सवाल पूछे जाते थे और वे गंभीरता तथा संयम से जवाब देते थे। हमारे लोकतंत्र की बुनियादें ऐसी ही संवाद परंपराओं से मजबूत हुई है।

### गृह मंत्री अमित शाह ने मदुरै मीनाक्षी अम्मन को किया नमन

**मदुरै।** रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार रात एक निजी विमान से मदुरै पहुंचे। 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल गठबंधन की पुष्टि करने, पार्टी को मजबूत करने और चुनाव के लिए रणनीति बनाने में व्यस्त हैं। हाल ही में डीएमके ने मदुरै में एक आम समिति बुलाई है। एयरपोर्ट पहुंचने पर उनका स्वागत केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, तमिलिसाई सुंदरराजन समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार सुबह करीब 11 बजे मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर में दर्शन–पूजन किया। दर्शन करने के दौरान मंदिर प्रशासन की ओर से प्रसाद भी भेंट किया गया था। वहीं, अमित शाह के दौरे को लेकर एक घंटे तक श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। मंदिर के सभी द्वारों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी तथा बम निरोधक दस्तों को भी तैनात किया गया था।

### खांडू ने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई का किया आह्वान

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य के लोगों से प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ खड़े होने की अपील की है। श्री खांडू ने कहा कि यह संकट सिर्फ वैश्विक नहीं, बल्कि स्थानीय भी है। उन्होंने कहा, अरुणाचल के पहाड़ों से लेकर समुद्र तक एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक जैव विविधता को खतरे में डाल रहे हैं, पवित्र नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं और हमारी खाद्य श्रृंखला में घुस रहे हैं। अरुणाचल की समृद्ध पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए श्री खांडू ने परंपरा में निहित स्थायी प्रथाओं की वापसी का आह्वान किया। उन्होंने कहा,ल्लऐसी भूमि में जहां प्रकृति को सम्मान किया जाता है, हमें प्लास्टिक को ना कहकर और बांस, पत्तियों तथा स्थानीय इको–शिल्प जैसे स्थायी विकल्पों को हां कहकर उदाहरण पेश करना चाहिए।

### असम के मुख्यमंत्री ने अवैध मवेशी वध और गोमांस की बिक्री के खिलाफ चेतावनी दी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने ईद–उल–ज़ुहा के अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में अवैध पशु वध की कई घटनाओं का पता चलने के बाद अवैध पशु वध और गोमांस की बिक्री के खिलाफ चेतावनी दी है। श्री शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा,हमारा संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, लेकिन यह कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के शासन को भी समान रूप से बनाए रखता है। इस ईद–उल–जुहा पर असम भर में कई स्थानों से अवैध मवेशी वध और मवेशियों के अंगों की बरामदगी की परेशान करने वाली घटनाएं सामने आईं। इस मामले में 16 गिरफ्तारियाँ की गयीं नौ कछार से और सात श्रीभूमि से।''उन्होंने कहा कि पांच स्थानों पर पशुओं के अवशेष पाए गए, जिनमें कॉटन यूनिवर्सिटी (कामरूप मेट्रो), धुबरी, होजई और श्रीभूमि (बागारगुल) के पास के क्षेत्र शामिल हैं।उन्होंने कहा कि सरकार सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अराजकता या क्रूरता की कीमत पर नहीं। कृपया स्पष्ट रहें कि सभी उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे किसी भी धर्म या पृष्ठभूमि के हों।

## सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने उत्तराखंड के अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

देहरादून। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तरी सीमाओं पर तैनात बलों की परिचालन और प्रशासनिक समीक्षा करने के लिए गढ़वाल क्षेत्र में अग्रिम चौकियों का दौरा किया। इस दौरान सेना प्रमुख ने सैनिकों से बातचीत की और उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने व्यावसायिकता और सतर्कता के उच्च मानकों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। थल सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने इसके बाद उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ स्थित अपनी तरह के पहले कम्युनिटी रेडियो स्टेशन आइबेक्स तराना, 88.4 एफएम का उद्घाटन किया। आइबेक्स तराना, 88.4 एफएम का उद्देश्य स्थानीय अभिव्यक्ति, ज्ञान साझा करने और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करना है। प्रसारण में स्थानीय विषय-वस्तु और शिक्षा, पर्यावरण, मौसम, मनोरंजन, रोजगार, आपदा तैयारी, पर्यटन, स्वास्थ्य और पारंपरिक कला जैसे विषय शामिल होंगे।

# मुझे कहां से चुनाव लड़ना है जनता तय करेगी : चिराग

## लोजपा की रैली में बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की गूंजी हुंकार

एजेंसी

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को उस कयास पर विराम लगा दिया है,जिसमें उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा लंबे समय से चल रही थी। उन्होंने खुद इस बात की घोषणा कर दी है कि वो बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ंगे। आरा से बिहार विधानसभा चुनाव-2025 का शंखनाद करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा, लेकिन मुझे कहां से चुनाव लड़ना है यह बिहार की जनता तय करेगी।

नव संकल्प महासभा में बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की हुंकार भी गूंजी। चिराग ने कहा कि मैं विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा। 243 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा। बिहार को फर्स्ट और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए लड़ूंगा। मैं बिहार के लिए चुनाव लड़ूंगा। उसके पीछे की सोच अपनी पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना होगा। गठबंधन को मजबूती देना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी दोहराया कि एलजेपी (आर) हमेशा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखती है। चिराग पासवान ने महासभा में बड़ी घोषणा की। चिराग पासवान ने ऐलान करते हुए कहा कि बिहार के लिए नहीं, बल्कि बिहारियों के लिए बिहार विधानसभा का चुनाव जरूर लड़ूंगा। मुझे कहां से चुनाव लड़ना है, ये बिहार की जनता तय करेगी। आपका फैसला ही मेरा निर्णय होगा। मेरा गठबंधन सिर्फ और सिर्फ बिहार की जनता के साथ है। चिराग ने बिहार की



जनता से वादा किया कि बिहार को देश का नंबर-वन राज्य बनाकर रहेंगे। चिराग ने कहा कि मेरे अपनों ने ही मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। तब यहां की जनता ने मेरा साथ दिया। बिहार की जनता ही मेरा परिवार है, ऐसे में अब यह फैसला भी बिहार की जनता को ही लेना है कि मैं कहां से विधानसभा चुनाव लड़ूं। यह भी आप पर ही छोड़ता हूं। आप जहां से बोलेंगे मैं वहां से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और आपके क्षेत्र का विधायक बनूंगा। विपक्ष पर हमला बोलते हुए चिराग ने कहा कि लोग भूल गए कि मैं शेर का बेटा हूं। मुझे और मेरी पार्टी खत्म करने की साजिश रची गई थी। तथाकथित जंगलराज पर तीखा हमला बोलते हुये उन्होंने कहा कि जब हम जंगलराज की बात करते हैं, तो लोग इसे केवल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी)से जोड़कर देखते हैं। लेकिन सच यह है कि इसके लिए कांग्रेस भी बराबर की जिम्मेदार है। बिहार के उस दौर में दोनों दल सत्ता में साझेदार रहे और राज्य को अराजकता की ओर धकेला। नव संकल्प महासभा में चिराग पासवान के अलावा उनकी पार्टी के सभी पांचों सांसद, प्रदेश अध्यक्ष, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान मौजूद रहे। सभा में भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, बक्सर और पटना के अलावा कई अन्य जिलों से बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुये। चिराग की इस महासभा को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है और समझा जा रहा है कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने में भले ही कुछ महीने बाकी हैं, लेकिन लोजपा (आर) ने इस महासभा से चुनावी शंखनाद कर दिया है।

# तेलंगाना के राजभवन में ली तीन नये मंत्रियों ने शपथ

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के राज्यपाल विष्णु देव वर्मा ने रविवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में कांग्रेस के तीन विधायकों अदलुरी लक्ष्मण कुमार, वक्ति श्रीहरि और गद्दाम विवेक वेंकटस्वामी को मंत्री पद की शपथ दिलायी।

इस समारोह में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष गुट्टा सुखेंद्र रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष जी प्रसाद कुमार, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, राज्य के मंत्री, कई सांसद, एमएलसी, विधायक, सरकारी सलाहकार, निगम अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने हाशिए पर आये समुदायों के नेताओं को शामिल करके सामाजिक न्याय और समावेशिता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री वेंकटस्वामी और श्री कुमार के शामिल होने से अब कैबिनेट में दलित मंत्रियों की संख्या चार हो गयी है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी से चुने गए पिछड़े वर्ग के सात विधायकों में से तीन को अब कैबिनेट पद दिया गया है, जिनमें सर्वश्री पोन्नम प्रभाकर, कोंडा सुरेखा और वक्ति श्रीहरि शामिल हैं। दोर्नाकल से पहली बार विधायक बने रामचंद्रू नायक को तेलंगाना विधानसभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनुसूचित जनजाति लम्बाडा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री नायक की नियुक्ति सरकार के न्यायसंगत प्रतिनिधित्व पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है। वर्तमान में महबूबनगर जिले के मकतल निर्वाचन क्षेत्र से विधायक वक्ति श्रीहरि ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस पार्टी से की और विभिन्न जमीनी स्तर के नेतृत्व पदों पर रहे। उन्होंने 2001 से 2006 तक मकतल गांव के सरपंच के रूप में कार्य किया। बाद में वे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनने के लिए रैंकों में ऊपर उठे। उन्होंने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों में 17,525 मतों के बहुमत से मकतल से जीत हासिल की, जिससे उन्हें बीसी कोटे के तहत कैबिनेट में जगह मिली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी वेंकटस्वामी के बेटे गद्दाम विवेक वेंकटस्वामी ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट से पढ़ाई की और उस्मानिया मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की डिग्री हासिल की। वह 2009 में पेड्डापल्ली से सांसद चुने गए और तेलंगाना राज्य आंदोलन में एक प्रमुख भूमिका निभाई, संसद में इस मुद्दे को सक्रिय रूप से उठाया। विवेक की राजनीतिक यात्रा ने उन्हें कांग्रेस, बीआरएस और भाजपा के बीच घूमते हुए देखा, इससे पहले कि वे कांग्रेस में लौटें और 2023 में चेन्नूर से जीत हासिल करें। उनके बेटे गद्दाम वामसी वर्तमान में पेड्डापल्ली से कांग्रेस के सांसद हैं। वर्तमान में धर्मपुरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले अदलुरी लक्ष्मण कुमार अपने छात्र जीवन से ही कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।

## कांग्रेस ने सत्ता बरकरार रखने के लिए एक साथ चुनाव कराने की नीति को खत्म कर दिया : अनिल एंटनी

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनिल के एंटनी ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर राजनीतिक लाभ के लिए एक साथ चुनाव कराने की भारत की सफल प्रणाली को समाप्त करने का आरोप लगाया।

श्री एंटनी ने 'राष्ट्र, एक चुनाव' पहल के लिए केंद्र के प्रयास का समर्थन करते हुए कहा कि यह प्रथा तब तक सुचारू रूप से चलती रही जब तक कि 1967 के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इसे बाधित नहीं कर दिया। उन्होंने यहां एक नीति मंच पर कहा, 1951 से 1967 तक भारत ने स्थिरता और सुशासन सुनिश्चित करते हुए लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराए लेकिन जब श्रीमती इंदिरा गांधी सत्ता में आईं तो यह बदल गया। अगले तीन वर्षों में कई गैर-कांग्रेसी सरकारें बर्खास्त कर दी गईं और राजनीतिक जोड़-तोड़ के कारण समकालिक चुनाव चक्र ध्वस्त हो गया। 1970 के दशक के अंत तक यह प्रणाली पूरी तरह से पटरी से उतर गई थी।

इस व्यवधान को सत्ता बनाए रखने के लिए कांग्रेस द्वारा किया गया 'स्वार्थपूर्ण कदम' बताते हुए उन्होंने कहा कि दशकों से अव्यवस्थित चुनावों ने देश पर प्रशासनिक देरी, राजकोषीय तनाव और शासन की दक्षता में कमी का बोझ डाला है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की 2023 की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें समकालिक चुनावों की जोरदार सिफारिश की गई थी। उन्होंने कहा ल्ल रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करने से भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है जो 4-7 लाख करोड़ रुपये के बराबर है। यह हमारे स्वास्थ्य सेवा बजट का लगभग 50 प्रतिशत और हमारे शिक्षा बजट का एक तिहाई है। भाजपा ने भारत के साल भर चलने वाले चुनाव चक्र के भारी नुकसान बताते हुए कहा ल्ल पिछले 30 वर्षों में बिना चुनाव के एक भी साल नहीं बीता है।

# पेज एक का शेष

### मोदी सरकार...

से भाजपा को मदद मिली है और यह आगे भी मिलती रहेगी, क्योंकि पार्टी के पास प्रधानमंत्री के रूप में एक ऐसा लोकप्रिय करिश्माई और भरोसेमंद नेता है, जिनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है। कुमार ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेता भी अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लोकप्रिय स्वीकृति के मामले में इसी स्तर के थे। संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित कराने में तेदेपा, जद(यू) और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) से मिले समर्थन और विधानसभा चुनावों में जीत के बाद भाजपा के निर्विवाद प्रभुत्व को रेखांकित किया। यदि भाजपा अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में आम चुनाव में विपक्ष से खोई अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने में सफल होती दिखती है तो अगले वर्ष यह पता चलेगा कि क्या पार्टी अपने प्रतिद्वंद्वियों को और अधिक हैरान कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि विपक्ष के कई गढ़ जैसे तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल के अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित दो राज्यों असम और बिहार में भी विधानसभा चुनाव होने हैं।

### राजग सरकार ने 11...

सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों ('लाइव बर्थ') पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई। इनमें महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा, ''हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।''

### सेवानिवृत्त आईएएस...

तो भीतर कमरे का मंजर देखकर उनके होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सुधाकांत ने डिप्रेशन के चलते आत्महत्या कर ली है। इससे पहले भी चार बार खुदकुशी का प्रयास कर चुके हैं। शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही

### 'न्यायमूर्ति वर्मा के...

जस्टिस खन्ना ने वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जस्टिस वर्मा ने इनकार कर दिया था। संसद के दोनों सदनों में से किसी में भी जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है। राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों को प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने होते हैं। लोकसभा में 100 सदस्यों को इसका समर्थन करना जरूरी है। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष एक तीन सदस्यीय समिति का गठन करेंगे, जो उन आधारों की जांच करेगी, जिनके आधार पर आरोपी जज को हटाने (या महाभियोग) की मांग की गई है। संसद द्वारा गठित समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि जस्टिस वर्मा का मामला इस मामले में थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई खन्ना द्वारा गठित एक आंतरिक समिति पहले ही रिपोर्ट पेश कर चुकी है, जिसमें जस्टिस वर्मा को भ्रष्टाचार का दोषी माना गया है। सरकार अब इस पर विचार कर रही है कि इस स्थिति में क्या किया जाएगा। रिजिजू ने कहा कि इस मामले में स्पीकर फैसला लेंगे। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी रामास्वामी और कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र सेन को पहले महाभियोग की कार्यवाही का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने महाभियोग से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की कार्यवाही संसद के आगामी मानसून सत्र में की जाएगी। मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। यह नए संसद भवन में की जाने वाली पहली महाभियोग कार्यवाही होगी।

### भारत में कोरोना के...

अब तक इस संक्रमण से 366 लोग प्रभावित हुये हैं। महाराष्ट्र 600 मामलों के आंकड़े को छू रहा है। केरल में हुयी तीन मौतों में 51 वर्षीय एक मरीज ने किडनी ट्रांसप्लांट करायी थी। एक 64 वर्षीय व्यक्ति मधुमेह, कैंसर और किडनी की बीमारी से पीड़ित था और एक 92 वर्षीय व्यक्ति हृदय रोग और कैंसर से ग्रस्त था। सभी को श्वसन संबंधी जटिलताएं थीं और उनका कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया था। कर्नाटक में दो मौतें हुईं, जिनमें 46 वर्षीय और एक 78 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। दोनों को पहले से ही हृदय और फ़ेफड़ों की बीमारी थी। इन मौतों के लिए श्वसन संबंधी जटिलताएँ प्रमुख कारण थीं। स्वास्थ्य अधिकारी नए वेरिएंट और स्थानीय स्तर पर संक्रमण में वृद्धि की चिंताओं के बीच स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं।

### डबल इंजन की सरकार...

लाख का चैक, कांति देवी को मृतक कृषक दुर्घटना हेतु 05 लाख का चैक एवं मान सिंह को घरौनी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रगतिशील किसान गौरव विश्नोई, मुकेश कटियार, आलोक, सुनील सिंह, श्री शंकर सिंह द्वारा अपनी आमदनी के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने जनपद का हवाई सर्वेक्षण किया गया तथा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने हल देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। अंत में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ने सभी का धन्यवाद प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर औरैया की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद राम शंकर कठेरिया, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, जिला अध्यक्ष भाजपा सर्वेश कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, प्रमुख सचिव कृषि, अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिरीक्षक हरीश चंद्र, अपर जिला अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, कुलपति चन्द शेखर आजाद यूनिवर्सिटी आनंद कुमार सिंह सहित जनपद के विभिन्न अधिकारीगण तथा भारी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# धर्म और मानवता के प्रतीक हैं गुरु तेग बहादुर: मुख्यमंत्री धामी

■ 'हिन्द दी चादर' नाटक के मंचन में मुख्यमंत्री बोले-आने वाली पीढ़ियों को देता रहेगा प्रेरणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। यह नाटक केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक सजीव प्रेरणा का स्रोत है। वह रविवार को दून मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, पटेलनगर में आयोजित 'हिन्द दी चादर' नाटक के मंचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।यह नाटक गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष को समर्पित था। इस नाटक का आयोजन उत्तराखंड सिख कोऑर्डिनेशन कमेटी और गुरु तेग बहादुर चैरिटेबल चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान और धर्मरक्षा के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय प्राणों की आहुति दी, जब देश की संस्कृति, आस्था और आत्म सम्मान पर संकट गहराया हुआ था। उन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर को 'हिन्द दी चादर' यूं ही नहीं कहा गया। उन्होंने राष्ट्र की एकता, धर्म की स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस, बलिदान और उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस को राज्यभर में भव्य रूप से मनाने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब तक 12.5 किलोमीटर लंबे रोपवे का कार्य प्रगति पर है, जिससे श्रद्धालुओं को 45 मिनट में यात्रा सुलभ होगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नाटक के आयोजकों और कलाकारों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मंचन के माध्यम से युवा पीढ़ी को हमारे गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास किया गया है।

# आयकर विभाग ने विस उपचुनाव में काले धन के इस्तेमाल को रोकने के लिये किये व्यापक प्रबंध

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जालंधर। चुनाव आयोग के आदेशों के अनुसार आयकर विभाग के जांच निदेशालय ने आगामी विधानसभा उपचुनाव (64-लुधियाना पश्चिम) में काले धन के इस्तेमाल को रोकने के लिये व्यापक प्रबंध किये हैं। आयकर जांच शाखा जालंधर के निरीक्षक मनविंदरबीर सिंह असीजा ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में सूचना/शिकायतें प्राप्त करने के लिये आयकर कार्यालय, जालंधर में पंजाब राज्य के लिए एक टोल-फ्री नंबर (1800-180-2141) और एक व्हाट्सएप नंबर (7589166713) के साथ एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे काम करता है। लोगों को इस नंबर पर कॉल करने और चुनाव प्रक्रिया को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली नकदी या अन्य कीमती सामान से संबंधित विशिष्ट जानकारी प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कॉल करने वालों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। उपचुनाव से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए जिले में अधिकारियों और निरीक्षकों की टीमें तैनात की गयी हैं। असीजा ने कहा कि सूचना की प्रामाणिकता के आधार पर और जांच के बाद कानून के अनुसार उचित मामलों में नकदी आदि जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी। ये टीमें जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) के जिला कंट्रोल रूम के साथ-साथ जिला स्तर पर अन्य एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में काम करेंगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहिसाब नकदी को संभालने में शामिल होने वाले व्यक्तियों, स्थानों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब राज्य के सभी हवाई अड्डों के साथ-साथ राज्य में वाणिज्यिक उड़ानों की सेवा देने वाले हवाई अड्डों पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) चालू है। यह यूनिट हवाई मार्ग से नकदी की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रही है। इसी तरह, रेलवे अधिकारियों के समन्वय से रेलवे के माध्यम से नकदी आदि की आवाजाही पर भी नजर रखी जा रही है। बैंक खातों से एक निश्चित सीमा से अधिक नकदी निकालने से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा संदिग्ध लेन-देन की पहचान कर उचित कार्रवाई की जा रही है। निदेशालय उम्मीदवारों द्वारा संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करने वाले हलफनामों की भी जांच करेगा और यदि इससे संबंधित कोई जानकारी छिपायी गयी है तो इसकी सूचना चुनाव आयोग को दी जायेगी। इसी प्रकार, यदि उम्मीदवारों द्वारा चुनाव व्यय के संबंध में कोई आपत्तिजनक जानकारी एकत्रित की जाती है तो इसकी सूचना भी चुनाव आयोग को दी जायेगी।

# झुग्गी को लेकर कोर्ट के आदेश पर सरकार और प्रशासन कुछ नहीं कर सकता : रेखा गुप्ता

■ मुख्यमंत्री ने हैदरपुर में 24 सीटर जन सेवा शिविर के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया
■ आआपा नेता मद्रासी कैंप के झुग्गी वालों से मिले, बोले संसद सत्र उठाएंगे झुग्गी का मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को जेजे क्लस्टर नेहरू कैंप हैदरपुर में 24 सीटर जन सेवा शिविर के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा कि अगर कोर्ट ने झुग्गियों के लिए आदेश दिया है तो इसमें न सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। उन्होंने कहा कि मद्रासी कैंप बारापुला नाले के किनारे बसा है। कोर्ट ने इस झुग्गी को हटाने का आदेश दिया है, ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें लगाई जा सकें। सरकार और प्रशासन कोई भी कोर्ट के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता। उस कैंप के निवासियों को पक्के घर आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर नाले के किनारे की झुग्गी नहीं हटाई गई तो दिल्ली में 2023 वाली बाढ़ आने की आशंका बनी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक दिल्ली में झुग्गी वालों को पक्के मकान नहीं मिलेंगे तब तक सरकार दिल्ली की सभी झुग्गियों में बुनियादी सुविधाएं का विकास करती रहेगी। सरकार झुग्गी वालों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को दिल्ली की जनता की चिंता है। पूरी दिल्ली में 700 करोड़ की लागत से काम चल रहे हैं, जो न कभी आम आदमी पार्टी की सरकार ने किए और न ही कांग्रेस की सरकार ने किए। इसके अलावा रविवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज और अन्य नेताओं ने मद्रासी कैंप के झुग्गी वालों से मिलकर उनका दुःख दर्द साझा किया। आआपा नेताओं ने झुग्गी वालों को उनकी इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का आश्वासन दिया। सांसद संजय सिंह ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मद्रासी कैंप पिछले 50 सालों से है, उन्होंने इस बस्ती को उजाड़ दिया। भाजपा ने गारंटी कार्ड बांटा था - जहां झुग्गी वहीं मकान, अब उन्हें यहीं नए घर देने चाहिए। हम इसे 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद सत्र में उठाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने 'जहां झुग्गी, वहां मकान' का झूठा वादा किया था। आज यहां इन झुग्गीवालों के लिए बोलने वाला भाजपा का कोई नेता नहीं है, लेकिन आम आदमी पार्टी यहां रहने वाले लोगों के साथ है। हम हर एक झुग्गी का दौरा करेंगे और सड़क से लेकर संसद तक इनके हक में आवाज उठाएंगे।

## बिहार में 10 जून से हो सकती है भारी बारिश

पटना। भीषण गर्मी झेल रहे बिहार के लोगों को जल्द ही थोड़ी राहत मिलने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 10 जून 2025 की रात से बंगाल की खाड़ी में बनने वाले नए मौसमी प्रणाली (सिस्टम) के कारण उत्तरी और पूर्वी बिहार में भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है। फिलहाल, राज्य में तेज गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। रविवार को सुबह से ही कड़ी धूप निकली और भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को तापमान में 3-4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है और राज्य के कुछ जिलों में हल्की बारिश के साथ आंधी की संभावना जताई गई है। हालांकि, अगले दो दिनों तक मौसम ज्यादातर शुष्क और गर्म रहने की उम्मीद है। राजधानी पटना में रविवार को धूप-छांव के बीच 90 प्रतिशत तक नमी के कारण उमस बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 जून से पहले बारिश होने की संभावना कम है, जिससे गर्मी और उमस का प्रकोप जारी रहेगा।

# विधानसभा चुनाव लड़ने पर चिराग पासवान ने कहा-पार्टी के स्ट्राइक रेट को बेहतर करना जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार में पिछले कुछ समय से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले चिराग पासवान के जीजा एवं जमुई सांसद अरुण भारती ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि चिराग पासवान को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि चिराग पासवान केंद्र की राजनीति छोड़कर बिहार की सियासत में फिर से एक्टिव हों। इस कयास पर आज केन्द्रीय मंत्री ने खुद जवाब देते हुए अपना इरादा साफ किया। शनिवार को पटना पहुंचे केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान से जब मीडियाकर्मियों ने सवाल किया कि क्या वह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे? तब उन्होंने इससे इनकार तो नहीं किया और गेंद लोजपा (रामविलास) के संसदीय बोर्ड के पाले में डाल दिया। चिराग ने कहा कि मैं कहां से विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा या नहीं लड़ूंगा, इन तमाम विषयों पर चर्चा चल रही है। इसपर अंतिम मुहर पार्लियामेंट्री बोर्ड को ही लगाना है। पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना है जरुरीचिराग ने कहा कि जो लोग मेरे विधानसभा चुनाव को लड़ने को लेकर मेरे गठबंधन के भीतर भ्रम फैला रहे हैं कि मेरी सीएम की कुर्सी पर नजर है तो वे जान लें, ऐसा कतई नहीं है। भरोसा रखिए कि इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पहले से अधिक मजबूत सरकार बनने जा रही है। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि अगर मैं विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा तो उसके पीछे की अपनी पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना होगा। गठबंधन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि मैं ही ऐसा अनोखा प्रयोग करने जा रहा हूं। भाजपा या अन्य बड़े दल अपने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को विधानसभा का चुनाव लड़वाते हैं।

## अमृतसर : पेंट फैक्टरी में लगी आग, दो मजदूर जिंदा जले व दो झुलसे

चंडीगढ़। अमृतसर के अनगढ़ इलाके के घर में चल रही पेंट फैक्टरी में रविवार को आग लगने से दो मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे में दो अन्य मजबूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। शॉट सर्किट से लगी आग इतनी भीषण थी कि प्रशासन ने आसपास के घरों को खाली करवा लिया है। अमृतसर तथा आसपास के इलाकों से आई फायर ब्रिगेड की गाडि़यों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया कि आज सुबह पेंट फैक्टरी में आग लग गई। आग के फैलने से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के इलाका निवासियों ने ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं। आग के विकराल रूप को देखते हुए आसपास के फायर ब्रिगेड स्टेशनों से करीब आठ गाडि़यों को बुलाया गया। पेंट फैक्टरी होने के कारण अंदर कई तरह के ज्वलनशील केमिकल रखे थे।

# केंद्रीय जेल से चलाये जा रहे हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, छह पिस्तौल सहित तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) बॉर्डर रेंज, अमृतसर ने जेल में बंद सरगना जुगराज सिंह के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से छह आधुनिक विदेशी हथियार बरामद किये हैं।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के भगतांवाला गेट निवासी राजन, अमृतसर के घन्नूपुर के हीर हाल निवासी परमजीत सिंह, और अमृतसर के नारायणगढ़ निवासी दिनेश कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि बरामद किये गये हथियारों में दो ग्लॉक 19 एक्स पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), दो .30 बोर पिस्तौल (इटली निर्मित), एक .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौल और एक बरेटा .30 बोर पिस्तौल (इटली निर्मित) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीमों ने उनका बिना नंबर प्लेट वाला यामाहा आर15 मोटरसाइकिल और बिना नंबर प्लेट वाला होंडा ग्रेनिया स्कूटर भी जब्त किया है, जिसका उपयोग वे खेप पहुंचाने के लिए कर रहे थे। श्री यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किये गये आरोपी अमृतसर के गांव मोड के जुगराज सिंह के निर्देश पर काम कर रहे थे, जो इस समय श्री गोइंदवाल साहिब की केंद्रीय जेल में बंद है। जुगराज सिंह अपने वकील के मुंशी राजन के माध्यम से जेल के अंदर से ही धड़ल्ले से तस्करी रैकेट चला रहा था। उन्होंने कहा कि सरगना जुगराज सिंह, जिसके खिलाफ एनडीपीएस और शस्त्र अधिनियम के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जेल के अंदर से ही पाकिस्तान के तस्करों के संपर्क में था। उन्होंने कहा कि ये हथियार सीमा पार तस्करी के जरिये लाये गये थे और पंजाब में विभिन्न आपराधिक तत्वों को इनकी आपूर्ति की जाने की आशंका थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे और पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिए की जांच जारी है। ए.एन.टी.एफ. के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ए.डी.जी.पी) नीलाभ किशोर ने बताया कि बॉर्डर रेंज अमृतसर की टीम को उनके जेल में बंद हैंडलर जुगराज सिंह के निर्देश पर हथियार प्राप्त करने में उक्त तीनों आरोपियों की संलिप्तता के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी।

# सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सात बच्चों की स्मृति में पार्क बनाया जायेगा: मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

समाना (पटियाला)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक भयानक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सात बच्चों के पीड़ित माता-पिता को आज इंसाफ दिलाने का भरोसा दिया। साथ ही, उन्होंने जांच में बाधा डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों के साथ मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि इस दुखद घटना में होनहार छात्र हमसे बिछड़ गये। उन्होंने इस हादसे को अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस दिल दहलाने वाले हादसे के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को बख्शा नहीं जायेगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले को लटकाने या इंसाफ में रुकावट डालने की कोशिश करने वाले, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों, उन्हें सजा का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और परिवहन विभागों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये गये हैं। हादसे में बिछड़े लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने मृत बच्चों की स्मृति में एक पार्क बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह स्मारक दुखद हादसे के पीड़ित छात्रों के प्रति श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावा, श्री मान ने घोषणा की कि समाना से पातड़ां तक की मौजूदा सड़क को चार-लेन सड़क के रूप में उन्नत किया जायेगा।

## बटाला गोलीकांड में शामिल गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के सहयोगी निल्सन मसीह उर्फ सनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि मसीह घोमन बटाला में हुई सनसनीखेज गोलीबारी में शामिल था, जिसमें गोरा बरियार की मौत हो गई थी और बिल्ला मंडियाला घायल हो गया था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है, जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, झपटमारी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मसीह जग्गू भगवानपुरिया के नियमित संपर्क में था। भगवानपुरिया के निर्देश पर उसने गोरा बरियार की हत्या की साजिश रची। मसीह ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर इस हमले को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि शेष आरोपियों को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने टिन शेड का किया लोकार्पण, बोले-विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर विकासखण्ड स्थित भगद्वारीखाल इंटर कॉलेज में नवीन टिन शेड का विधिवत लोकार्पण किया। यह टिन शेड ओएनजीसी के वित्तीय सहयोग से लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने स्थानीय जनता को इस सुविधा के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सतत विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

इस टिन शेड का लाभ न केवल विद्यार्थियों को मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए इसका उपयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। इससे क्षेत्र में सामुदायिक एकजुटता को भी बल मिलेगा। मंत्री जोशी ने निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिकूल मौसम में भी सुविधा मिलेगी और विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, अनुज कौशल, मंजीत रावत, ग्राम प्रधान दीपक भट्ट, नरेश नौटियाल, बालम सिंह, सुन्दर सिंह पयाल, घनश्याम नेगी, अमरदेव भट्ट, संजय कोटवाल, दिनेश कुमार, रोशन लाल डबराल, विजयराम नौटियाल, बबीता रावत आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली में नौ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर की गई हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के दयालपुर इलाके में 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक बच्ची का शव पड़ोस में एक बंद मकान में मौजूद सूटकेस से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। साथ ही दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपित की तलाश की जा रही है और उसकी तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात करीब 8:41 बजे दयालपुर पुलिस स्टेशन को नेहरू विहार में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की सूचना मिली। इसके बाद दयालपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां पता चला कि बच्ची को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया है। डीसीपी के मुताबिक, डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में पीड़िता के चेहरे पर चोट के निशान देखे और यौन उत्पीड़न की आशंका जताई। क्राइम और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीमें घटनास्थल का निरीक्षण कर रही हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063